फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 13 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -48, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री 16
सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा 15

## एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को सौंपा बॉण्ड का ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 12 मार्च तक का दिया था समय

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण सौंपा।

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण सौंपने का आदेश दिया था। आदेश के मुताबिक, निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी। निर्वाचन आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उच्चतम न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश के सिलसिले में एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड पर विवरण सौंपा है। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्त में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड जारी किए। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया था।

# अपनी विरासत को संजोते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा प्रदेश : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने शहरी विकास से जुड़ी 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को संरक्षित भी करता है। युवाओं के आजीविका की व्यवस्था करता है और आमजन की आस्था को सम्मान भी देता है। राज्य में सुरक्षा का बेहतर माहौल देता है तो समृद्धि के नित नए सोपान की ओर से अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य भी करता है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, 2017 में 24 फीसदी आबादी नगरीय क्षेत्रों में रहती थी, आज यह आबादी 30 फीसदी है और आने वाले पांच वर्ष में यह आबादी 40 फीसदी पहुंचने वाली है। उन्होंने कहा कि पहले लोग केवल मनुष्य को कहते थे कि बड़ा स्मार्ट बन रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने सिटी को भी स्मार्ट बना दिया। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपये की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। यहां योगी ने प्रदर्शनी-स्टॉल को देखकर नगर विकास विभाग की मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, एके शर्मा, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, मोहसिन रजा, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश को मिलीं तीन नई वंदे भारत, एक का हुआ विस्तार

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में शामिल रहे। योगी ने उप्र. में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। माना जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ने से इन स्थानों पर यात्री अब और अधिक सुविधा के साथ अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो प्रयागराज कुंभ का मेला होने वाला है तो इसका और भी महत्व बढ़ जाएगा। मोदी ने आस्था स्पेशल ट्रेनों का भी जिक्र करते हुए कहा, आस्था स्पेशल ट्रेनें तो देश भर से रामभक्तों को अयोध्या तक ले जा रही हैं।

### सरकारी बसों की यात्रा और सुरक्षित व सुलभ

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर की शुरुआत की। इस कमांड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से बसों की लाइव ट्रैकिंग, आपात स्थिति में रियलटाइम लोकेशन पर तत्काल सहायता समेत पैनिक बटनअलर्ट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इससे निगम की बसों को और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। मंगलवार को निगम द्वारा 3067 करोड़ रुपये की लागत से दस बस स्टेशनों के नव निर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि 1048 करोड़ की लागत से बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और तीन अन्य बस स्टेशन का लोकार्पण भी किया गया।




लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में नाटकीय घटनाक्रम

# खट्टर का इस्तीफा, सैनी बने हरियाणा के नए मुख्यमंत्री

## राज्यपाल दत्तात्रेय ने नई सरकार के पांच मंत्रियों को भी दिलाई शपथ

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी





आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सैनी के साथ ही कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौधरी रंजीत सिंह चौटाला, जय प्रकाश दलाल और बनवारी लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। सैनी (54) को खट्टर का करीबी माना जाता है। अक्टूबर के अंत में मुख्यमंत्री के रूप में खट्टर का दूसरा कार्यकाल खत्म होना था।

इससे पहले, भाजपा विधायक दल की बैठक में सैनी को नेता चुना गया। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और हरियाणा मामलों के प्रभारी बिप्लब देब मौजूद थे।

नेता चुने जाने के बाद सैनी ने खट्टर और अन्य नेताओं के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बदलाव को ओबीसी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के तौर पर देखा गया था। राज्य में सबसे अधिक आबादी जाट समुदाय की है। माना जाता है कि जाट वोट कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी (जजपा) और इंडियन नेशनल लोकदल के बीच बंट जाता है।

### हरियाणा में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए : हुड्डा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार अपना नैतिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से संबंधित घटनाक्रम का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि सत्ता विरोधी माहौल से बचने और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने 'मिलीभगत' के तहत यह सब किया है।

### जजपा से लोकसभा की सीटों पर नहीं बनी बात

जजपा आगामी लोकसभा चुनाव में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से अपना उम्मीदवार उतारना चाह रही थी, लेकिन भाजपा दोनों सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में उसने राज्य की सभी 10 सीट पर जीत हासिल की थी। दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष नड्डा के साथ सीटों के बंटवारे के सिलसिले में बातचीत भी की थी, लेकिन संभवत: वह विफल रही। इससे पहले कि गठबंधन टूटने को लेकर कोई औपचारिक घोषणा होती, भाजपा ने मुख्यमंत्री खट्टर का इस्तीफा दिला दिया और विधायक दल के नए नेता का चयन कर लिया। वर्तमान में, 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक और जजपा के 10 विधायक हैं। इस गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त था।

### एक नजर

### संजय सिंह की याचिका पर 19 को सुनवाई



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की एक याचिका पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत देने से इनकार करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति, दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ को बताया कि वे सिंह की याचिका पर आज जवाब दाखिल करेंगे।

## पहाड़ का टीला धसका खदान में काम कर रहे चार श्रमिकों की मौत

**कबरई (महोबा)।** थाना कबरई के ग्राम पहरा में खनन कार्य करते समय अचानक पहाड़ का टीला धसक गया। मिट्टी और पत्थर के मलबे में दबने से खदान पर काम कर रहे तीन श्रमिकों की मौत हो गई जबकि एक श्रमिक ने जिला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीन घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता और खनिज विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्राम पहरा में धनराज सिंह निवासी कबरई का पहाड़ पर खनन चल रहा था। नीचे के हिस्से में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। ट्रैक्टर भी लगभग 100 फिट नीचे खदान से पत्थर लेने जा रहे थे। तभी अचानक खदान के ऊपरी हिस्से का टीला धसक कर नीचे काम कर रहे श्रमिकों पर जा गिरा। जिससे रामफूल 28 निवासी पहरा कबरई, प्रेमचंद्र कुशवाहा (19) निवासी घटेहरी व कुलदीप रैकवार निवासी नहदौरा की मलवे में दबने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राम मिलन की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

# ईडी ने लालू के करीबी के परिसरों पर छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जांच में 400 करोड़ रुपये की धनराशि की हेराफेरी और उसे विदेश में खपाने का आरोप

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित नौकरी के बदले रेलवे भूमि घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली, गुरूग्राम और सोनीपत में कृष्णा बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के कुल 27 परिसरों की तलाशी की जा रही है। इस कंपनी के प्रवर्तक अमित कात्याल और राजेश कात्याल हैं। यह कंपनी हरियाणा से संचालित होती है। सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच का संबंध कंपनी के प्रवर्तकों द्वारा घर खरीददारों की 400 करोड़ रुपये की धनराशि की कथित हेराफेरी और उन्हें विदेश में खपाने से है। ईडी ने आरोप लगाया कि अमित कात्याल ने घर खरीददारों की 200 करोड़ रुपये से अधिक रकम श्रीलंका भेजी। सूत्रों के मुताबिक उनके बेटे कृष्ण कात्याल ने अपना भारतीय पासपोर्ट अधिकारियों को सौंप दिया है।

### रांची में कांग्रेस विधायक के 17 ठिकानों पर छापा

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने झारखंड में मंगलवार को एक साथ रांची में कई ठिकानों पर छापामारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम कांग्रेस की महिला नेता और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, शशि भूषण सिंह सहित कई अन्य लोगों के कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि ईडी की टीम जमीन और बालू से जुड़े मामले को लेकर सीओ और विधायक के ठिकाने पर छापेमारी कर रही है।

# कांग्रेस की दूसरी सूची जारी, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को दिया टिकट

नई दिल्ली, ब्यूरो

लोकसभा चुनाव

- वैभव गहलोत जालौर, नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लड़ेंगे चुनाव
- उत्तराखंड से प्रदीप टम्टा सहित तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटों एवं हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए एक सांसद को टिकट दिया है। दूसरी सूची में 6 राज्यों के 43 नाम है। जिसमें उत्तराखंड, असम, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान व दमन दीव शामिल हैं।

दूसरी सूची में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ को छिंदवाड़ा से एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालौर से टिकट मिला है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा को फिर टिकट मिला है। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए सांसद राहुल कस्वा को चूरू से टिकट मिला है। बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह बरैया को मध्य प्रदेश के भिंड से टिकट मिला है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष सूची जारी करते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि 43 उम्मीदवारों में 13 पिछड़ा वर्ग, 10 सामान्य, 10 अनुसूचित जाति, एवं 9 अनुसूचित जनजाति एवं एक मुस्लिम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से प्रदीप टम्टा, पौड़ी गढ़वाल से गणेश गोदियाल एवं टिहरी गढ़वाल से जोत सिंह को टिकट दिया है। 43 उम्मीदवारों में उत्तराखंड से 3, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से 10-10, असम से 12, गुजरात से 7 एवं दमन दीव से एक उम्मीदवार का नाम है।

# नए मंत्रियों को मिले विभाग, ओमप्रकाश को अहमियत, दारा चौहान का कद घटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओमप्रकाश को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ, दारा चौहान को मिला केवल कारागार
- कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से वापस लेकर दो विभाग सौंपे

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चारों नए कैबिनेट मंत्रियों को विभाग सौंपने में मंगलवार को उनके कद का भी ध्यान रखा गया। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ विभाग देकर अहमियत दी तो दलबदल में माहिर दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग देकर कद घटाया। कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से दो विभाग वापस लेकर सौंपा गया है। बंटवारे में धर्मपाल सिंह और धर्मवीर प्रजापति के विभाग भी प्रभावित हुए हैं।

राज्य सरकार ने बीते पांच मार्च को दूसरी बार मंत्रिमंडल विस्तार किया था। चार नए कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण और हज व मुस्लिम वक्फ विभाग सौंपा गया। दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग और अनिल कुमार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग दिया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री होंगे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को दिया गया पंचायती राज विभाग पहले भूपेंद्र चौधरी के पास था, जिसे उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद छोड़ दिया था।

सीएए को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

# मुस्लिमों को भी नागरिकता के आवेदन की मिले अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को एक अर्जी दायर कर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित रहने तक नागरिकता संशोधन नियम, 2024 के अमल पर रोक लगाने का केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। 31 दिसंबर, 2014 से पहले बिना दस्तावेज के भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए त्वरित नागरिकता प्रदान करने से संबंधित नियमों को अधिसूचित करके सीएए लागू किए जाने के एक दिन बाद यह अर्जी दायर की गई है।

सीएए को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने अदालत से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि पूर्व में दायर रिट याचिकाओं का निपटारा किए जाने तक मुस्लिम समुदाय से संबंधित लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का शीर्ष अदालत से आग्रह किया गया है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने की अस्थायी अनुमति दी जाए और उनकी पात्रता पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। 'डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने भी एक पृथक याचिका दायर करके सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत पहले से ही सीएए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर विचार कर रही है।

### नागरिकता चाहने वालों के लिए पोर्टल लॉन्च

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों के लिए मंगलवार को एक पोर्टल लॉन्च किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

### जल्द ही मोबाइल एप भी शुरू करेगा गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियमों के तहत भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों की सहुलियत के लिए जल्द ही एक मोबाइल एप शुरू किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस अधिनियम के तहत नियमों के बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता और विश्वास का गवाह

पोखरण (राजस्थान), एजेंसी

भारत शक्ति : प्रधानमंत्री मोदी ने देखा तीनों सेनाओं की क्षमताओं का प्रदर्शन





- स्वदेश निर्मित हथियारों ने दिखाई अपनी ताकत

राजस्थान में यहां मंगलवार को 'भारत शक्ति' अभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है। सेना के तीनों अंगों का समन्वित अभ्यास पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में करीब 50 मिनट तक हुआ, जहां भारत ने अपने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।

हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने आसमान में गर्जना की और अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर एमके-4 ने उड़ान भरी, जबकि मुख्य लड़ाकू टैंक अर्जुन और के-9 वज्र, धनुष तथा सारंग तोपखाना प्रणालियों ने जमीन पर गोलाबारी की। पिनाक उपग्रह प्रणाली जैसे प्लेटफॉर्म और कई ड्रोन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत शक्ति अभ्यास के दौरान आसमान में विमान की गर्जना और जमीन पर प्रदर्शित किया गया पराक्रम नए भारत का आह्वान है। उन्होंने याद किया कि यह पोखरण ही था, जहां अतीत में भारत का परमाणु परीक्षण किया गया। मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है।

यह अभ्यास जैसलमेर शहर से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर किया गया, जिस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इतने व्यापक स्तर पर किया गया अपनी तरह का यह पहला अभ्यास है जो किसी (उत्तरी या पश्चिमी सीमा की) दिशा या किसी विरोधी के प्रति निर्देशित नहीं था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को कहा था कि यह स्वदेश में तैयार किए गए समाधानों के जरिए समकालिक और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने एवं उनसे निपटने की भारत की तैयारियों का एक स्पष्ट संकेत देते है। साथ ही भारत शक्ति वैश्विक स्तर पर देश की रक्षा क्षमताओं की मजबूती और इसमें नवाचार को प्रदर्शित करता है।

### लड़ाकू विमान तेजस क्रैश, पायलट सुरक्षित

**जैसलमेर/नई दिल्ली।** वायुसेना का एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर के नजदीक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने बताया कि विमान का पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। वायुसेना ने कहा कि दुर्घटना पोकरण से लगभग 100 किमी दूर हुई। यहां मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मेगा युद्ध अभ्यास 'भारत शक्ति' चल रहा था। सैन्य सूत्रों ने संकेत दिया कि तेजस जेट को इस अभ्यास का हिस्सा बनना था।

## चार राज्यों में 30 ठिकानों पर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादियों और कुख्यात अपराधियों की साठगांठ के मामले की जांच के तहत मंगलवार को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। इस मामले में एनआईए द्वारा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 30 स्थानों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की कार्रवाई जारी है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने पहले कहा था कि आतंकवाद और माफिया के इस प्रकार के नेटवर्क और उनकी मदद करने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के अपने प्रयासों के तहत, एनआईए ने हालिया महीनों में कई लक्षित रणनीतियां अपनाई हैं।

## एक नजर

### पूर्व आईपीएस बृजभूषण बनाए गए राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य



**अमृत विचार, लखनऊ :** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी बृजभूषण को राज्य मानवाधिकार आयोग का सदस्य बनाया गया है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की ओर से उनकी नियुक्त के बाद शासन ने बुधवार को आदेश जारी किया। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से जारी आदेश के अनुसार बृजभूषण का कार्यकाल तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने जो भी पहले घटित हो, तक के लिए होगा। मालूम हो कि बृजभूषण बीते वर्ष एडीजी जोन लखनऊ के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

### हेल्थ कार्ड के लिए लोकभवन में लगा शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत मंगलवार को लोक भवन में सचिवालय कर्मियों के हेल्थ कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर लाभार्थियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। इस मौके पर मुख्य सचिव के स्टॉफ अफसर रवीन्द्र कुमार ने सचिवालय कर्मियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की।

# जल जीवन योजना से खराब हुई सड़क तो संस्था की जवाबदेही होगी तय: योगी

## मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, कहा- तय समय सीमा के भीतर पूरा हो काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने के दिए निर्देश
- गर्मी में नहीं होगी पेयजल की समस्या, विंध्य-बुंदेलखंड के लिए विशेष प्रबन्ध

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, पेयजल परियोजना के कारण जगह-जगह रोड की खुदाई हुई है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है, दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। कार्यदायी संस्था की यह जिम्मेदारी है कि कार्य समाप्ति के साथ ही सड़क की मरम्मत हो जाए। पेयजल परियोजना के कारण सड़क खराब न रहे। यदि ऐसा हुआ तो जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में' हर घर नल-हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है। लगातार प्रयासों से आज 02 करोड़ 12 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले, ऐसे में इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए।



समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी और अधिकारी। अमृत विचार

मुख्यमंत्री के मुताबिक, अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन का कार्य आख़िरी चरण में प्रवेश कर गया है। अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराया जाए।

उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में पेयजल के वैकल्पिक प्रबंध कर लिए जाएं। वर्षा कम होने के कारण जलाशयों में अपेक्षाकृत कम पानी है। हमें समय रहते इसके लिए व्यवस्था कर लेनी चाहिए। गर्मी में एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए।

## सीएए से मुस्लिम समाज को घबराने की जरूरत नहीं

**अमृत विचार , लखनऊ:** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री ने कहा कि बीजेपी ने राजनैतिक फायदा लेने की कोशिश में सीएए को लागू कर दिया है। इसको लेकर मुस्लिम समाज को घबराने की जरूरत नही है।

पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी की ओर से जारी प्रेस में नोट में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा सीएए कानून लागू किये जाने पर मुसलमानों को घबराने की जरूरत नहीं है। यह कानून नागरिकता देता है, छीनता नहीं है, इससे मुसलमानों का लेना देना नहीं है, यह कानून भारत सरकार बहुत पहले लेकर आयी थी और लागू करना चाहती थी लेकिन सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव का राजनैतिक लाभ लेने के लिए इंतिजार कर रही थी। अनीस मंसूरी ने कहा कि भारतीय संविधान में लिखा है कि देश में किसी भी धर्म के शरणार्थियों को नागरिकता दी जा सकती है, सरकार को संविधान की इस बात पर विचार करना चाहिए। सीएए पर देश भर से आई आपत्तियों का समाधान नहीं किया और अपने राजनैतिक लाभ के लिये लागू कर दिया है, यह देश के लिए विभाजनकारी है।

# पासपोर्ट के चार अधिकारियों समेत पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में की कार्रवाई

**अमृत विचारः** सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद के चार अधिकारियों समेत पांच लोगों के खिलाफ मंगलवार को एक केस दर्ज किया है। सीबीआई ने इस मामले में गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी ली है।

रीजनल पासपोर्ट ऑफिस गाजियाबाद के पासपोर्ट असिस्टेंट रवि किशन, चंद्रकांत, सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार, जंदैल सिंह और प्राइवेट पर्सन मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद फरहान गौड को मुकदमे में नामजद किया गया है।

आरोप है कि पेंडिंग पासपोर्ट के निस्तारण के नाम पर पासपोर्ट असिस्टेंट रविकिशन ने मोहम्मद फरहान गौड़ के जरिये 14 जून 2022 से 14 जून 2023 के बीच 73 हजार रुपए की रकम घूस के रूप में ली। फरहान ने ये पैसा यूपीआई और अपने परिचित लोगों के वॉलेट, बैंक खाते से ट्रांसफर किया।

इसके अलावा पासपोर्ट सहायक चंद्रकांत ने 8 अगस्त 2022 से 3 जनवरी 2023 के बीच 59700 रुपए मोहम्मद फरहान से लिए। इसी तरह सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार ने 28 सितंबर 2022 से 2 जुलाई 2023 के बीच मोहम्मद फरहान से 22900 रुपए लिए।

सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट जंदैल सिंह ने भी 13 जून 2023 को एक लंबित पासपोर्ट जारी करने के बदले मोहम्मद फरहान से दो हजार रुपए लिए। ये सभी रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। शुरुआत में सीबीआई ने इसकी आंतरिक जांच की। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि हुई।

सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन यूनिट ने इसके बाद इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर लिया है।

# सचिवालय संवर्ग के 13 अधिकारी तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थानांतरण के बाद नया कार्यभार नहीं ग्रहण कर रहे थे अफसर

**अमृत विचारः** शासन ने स्थानांतरण के बाद कार्यभार ग्रहण न करने पर सचिवालय संवर्ग के 13 अफसरों को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया। दो अफसरों की वर्तमान तैनाती स्थल पर हाजिरी पर रोक लगाई गई है। इस सिलसिले में मंगलवार को सचिवालय प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया।

बीती 12 जनवरी को विशेष सचिव नियुक्ति विजय कुमार संखवार को कृषि विभाग में विशेष सचिव पद पर तैनात किया गया था, पर उन्होंने अभी तक नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया। शासन ने नियुक्ति विभाग से उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त करते हुए कृषि विभाग में कार्यभार ग्रहण करने निर्देश दिया है। इसी तरह 1 मार्च को ही विशेष सचिव श्रम जयप्रकाश का स्थानांतरण कर उन्हें विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन बनाया गया, कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें भी तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया गया है। बीते एक मार्च को ही विशेष सचिव ग्राम्य विकास सत्य प्रकाश उपाध्याय को विशेष सचिन श्रम के पद पर तबादला होने व कार्यभार ग्रहण न करने पर तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त किया गया है।

कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में उपसचिव पद पर कार्यरत अजय कुमार तिवारी को उप सचिव वित्त विभाग के पद पर कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्य मुक्त किया गया है। उप सचिव नियुक्ति विभाग निरमेश कुमार शुक्ल को उपसचिव औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना विभाग के पद पर भेजे जाने व कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्यमुक्त किया गया है। उपसचिव पंचायती राज अमिताभ श्रीवास्तव को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर कार्यमुक्त किया गया। इसी तरह विशेष सचिव गृह विश्वजीत सिंह को खेल विभाग में उपसचिव पद के लिए कार्यमुक्त किया गया। लोक निर्माण विभाग के उपसचिव राजकुमार को उपसचिव नियुक्ति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्य मुक्त किया गया। अनु सचिव नियुक्ति विभाग जूली दुबे को लोक निर्माण विभाग में नवीन तैनाती स्थल के लिए कार्य मुक्त किया गया।

अनु सचिव नियुक्ति अभिजीत को खाद एवं रसद विभाग के लिए, अनु सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को वित्त विभाग के लिए कार्य मुक्त किया गया। उप सचिव चिकित्सा शिक्षा सत्य प्रकाश सिंह के वित्त विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें वर्तमान तैनाती स्थल हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह संयुक्त सचिव माध्यमिक शिक्षा कृपा शंकर यादव के भी न्याय विभाग में कार्यभार ग्रहण न करने पर उन्हें हस्ताक्षर पर रोक लगा दी गई है।

# अटल राय बने निदेशक पंचायती राज, रमेश फिरोजाबाद के जिलाधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सात आईएएस अधिकारियों का तबादला, गौरव बने विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार की ओर से प्रशासनिक फेरबदल जारी है। शासन ने मंगलवार को फिरोजाबाद के जिलाधिकारी समेत सात आईएएस अधिकारियों का तबादला किया।

विशेष सचिव खाद्य एवं रसद अटल कुमार राय अब निदेशक पंचायती राज होंगे। फिरोजाबाद के डीएम रहे उज्ज्वल कुमार को विशेष सचिव एमएसएमई के पद पर भेजा गया है, जबकि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक रमेश रंजन को फिरोजाबाद का नया डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव एमएसएमई अरुण प्रकाश अब विशेष सचिव नगर विकास होंगे। विशेष सचिव युवा कल्याण गौरव वर्मा को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन के पद पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव गन्ना विकास शेषनाथ को विशेष सचिव लोक निर्माण के पद पर भेजा गया है। अपर निबंधक सहकारिता ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन का दायित्व सौंपा गया है।

**यूपी कैडर की आईएएस राधा एस चौहान चुनाव आयुक्त की रेस में :** भारत निर्वाचन आयोग में दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होनी है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 15 मार्च को बैठक होगी। माना जा रही है, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। चुनाव आयुक्त की रेस में 1988 बैच की आईएएस राधा चौहान और राजस्थान कैडर के आईएएस रोहित कुमार सिंह का नाम चर्चा में है। यूपी कैडर की आईएएस अधिकारी एस राधा चौहान यहां केंद्र में जाने से पहले अपर मुख्य सचिव वित्त थीं। इनका इसी साल जून में रिटायरमेंट भी है।

### अभियंता संघ के प्रतिनिधियों ने एमडी से की मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्य विद्युत उत्पादन निगम के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक रणवीर प्रसाद से मुलाकात की। इस मौके पर अभियंता संघ ने प्रबंध निदेशक को आश्वस्त किया कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संघ पूरा सहयोग करेगा। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव जितेन्द्र सिंह गुर्जर व अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान सेवा शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 19 सीटर विमान से पांच जिलों के लिए हो रहा है संचालन

**अमृत विचारः** उड़ान योजना के तहत फ्लाई बिग एयरलाइंस ने उड़ान सेवा शुरू कर दी है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार को चित्रकूट और श्रीवस्ती के लिए फ्लाई बिग एयरलाइंस के विमानों ने उड़ान भरी। मुरादाबाद के लिए विमान सेवा अगले सप्ताह से शुरू हो सकती है।

बता दें कि फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से चित्रकूट, श्रावस्ती, मुरादाबाद, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए उड़ान सेवा दो मार्च से शुरू होनी थी। इसके लिए शेड्यूल भी जारी हुआ था मगर इसको टाल दिया गया। रविवार को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल उक्त पांच जिलों के हवाई अड्डे का लोकार्पण किया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को चित्रकूट और श्रीवस्ती के लिए सेवाएं शुरू की गईं। जबकि बुधवार को भी चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान उड़ान भरेंगे। जबकि 14 मार्च को आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए विमान उड़ान भरेगा। एक सप्ताह के भीतर उड़ान का शेड्यूल जारी हो जाएगा।

### कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जनपद सीतापुर से प्रमोद कुमार वर्मा के साथ उनके सैकड़ों समर्थकों ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने आये हुए सभी लोगों को स्वागत करते हुए उनके गले में तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से उमेश कुमार वर्मा, शशि प्रकाश वर्मा, आलोक आनंद सिंह, अंकुश कुमार वर्मा, आशुतोष सिंह, अभिषेक कुमार वर्मा, मनोज कुमार, मो. नूर आलम, अंकुर वर्मा, सर्वेश कुमार यादव, पप्पू अली, आसिफ खां, मो. फहीम खां, शिवराम भारती, भगवंत सिंह, राहुल सिंह, देवेंद्र सिंह, रमेश सिंह, दिनेश कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

# जिस जाति की संख्या भारी उसी का बसपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### कन्नौज से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी प्रत्याशी

बसपा ने मंगलवार को कन्नौज लोकसभा सीट से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी को प्रत्याशी घोषित कर सपा और भाजपा को घेरने की कोशिश की है। इसके पहले दो दिन में चार और प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं, जो सभी मुस्लिम हैं। इनमें पीलीभीत से पूर्व मंत्री अनीस अहमद फूल बाबू, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन और मुरादाबाद से इरफान सैफी हैं। इससे अंदरखाने जहां भाजपा नेता खुश हैं तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन नेताओं की चिंता बढ़ गई है। 2014 में भी बसपा ने अकेले चुनाव लड़ा था, जिसका फायदा भाजपा को मिला और मुरादाबाद मंडल की सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि 2019 में बसपा-सपा के गठबंधन से मुकाबला करने उतरी भाजपा मंडल में खाता भी नहीं खोल पाई थी।

- बसपा में सोशल इंजीनियरिंग और वोट ट्रांसफर कराने की रणनीति पर दिया जा रहा टिकट

**अमृत विचारः** राजग और इंडी गठबंधन से दूर बहुजन समाज पार्टी खामोशी से लोकसभा चुनाव में ताकत दिखाने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। पार्टी प्रमुख मायावती दलित समाज के साथ अन्य जातीय मतों के ध्रुवीकरण की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर सीटें जीतने की गणित को महत्व दे रही हैं। टिकट देने का सूत्र तय हुआ है कि जिस जाति की संख्या भारी, उसी का हो बसपा प्रत्याशी। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा में इसका साफ संदेश दिया गया है।

बसपा इसबार लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों की घोषणा मुख्यालय के बजाय क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर के जरिए कर रही है। चुनाव प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि प्रत्याशी चयन में बसपा किसी से पीछे नहीं है, बल्कि भाजपा और सपा के शोर-शराबे के साथ की जा रही घोषणाओं से इतर पार्टी सुप्रीमो मायावती एक-दो और पांच-दस सीटों की धीरे-धीरे प्रत्याशियों का चयन कोआर्डिनेटर का माध्यम से सामने ला रही है। हालांकि सूची लगभग सभी सीटों की तैयार है। यही नहीं पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, बिहार आदि राज्यों में प्रत्याशी चयन को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है।

वैसे बसपा का काशीराम के जमाने में फार्मूला था कि सोशल इंजीनियरिंग के जरिए दलितों के साथ अन्य पिछड़ी और अतिपिछड़ी जातियों को पार्टी से जोड़कर वोट बैंक बनाया जाए। मगर, बाद में मायावती ने ऐसे तमाम नेताओं को पहले शिखर तक पहुंचाया, फिर अलग-अलग आरोपों के सामने आने के साथ पर कतरने और बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया। इससे वोट बैंक छिटकते गए। इसका असर है कि उप्र. विधानसभा में एक मात्र विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है।

मायावती का एक दशक पहले विधानसभा और लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन के पीछे सबसे हिट गणित रही है कि इलाके में जिस जाति की संख्या ज्यादा हो, उसे टिकट देकर दलित वोट के समीकरण से सीट जीती जाए। मगर, इस जीत में निर्णायक की भूमिका तब सपा से बसपा में वोट करने वाले मुसलमानों की ज्यादा संख्या का असर ज्यादा रहा है। साथ ही, अन्य पिछड़ी जातियों का झुकाव बसपा में था। एक दशक से मोदी मैजिक के दौर में ओबीसी जातियों का समीकरण सपा और बसपा दोनों से बिगड़ गया है।

इस बार लोकसभा चुनाव में मुसलमानों का झुकाव इंडी गठबंधन के साथ ज्यादा दिख रहा है। ऐसे में बसपा जाट लैंड में जाट प्रत्याशी और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में मुसलमानों को अब दिए गए टिकट से सपा और भाजपा दोनों को नुकसान पहुंचाती दिख रही है।





हुनरमंद को सम्मान एवं रोजगार
डबल इंजन की सरकार

एमएसएमई क्षेत्र हेतु
₹30,826 करोड़ का मेगा ऋण वितरण

उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को
चेक वितरण

औद्योगिक आस्थानों में भूखंडों के आवंटन हेतु
पोर्टल का शुभारंभ

ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत
टूलकिट वितरण

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति
राकेश सचान
मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग,
रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उत्तर प्रदेश

दिनांक : 13 मार्च, 2024 | समय : प्रातः 10:00 बजे
स्थान : लोक भवन सभागार, लखनऊ

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश



दूसरा रोजा

शिया
सहरी : 4:46 बजे
इफ्तार : 6:24 बजे

सुन्नी
सहरी : 5:00 बजे
इफ्तार : 6:13 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# 166 निपुण विद्यालयों को डीएम ने किया सम्मानित

## देवा के सबसे ज्यादा 57 विद्यालयों ने प्राप्त किया निपुण का दर्जा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक संसाधन केन्द्र बंकी बड़ेल में मंगलवार को निपुण विद्यालय सम्मान समारोह एवं हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 166 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और वहां के शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने निपुण विद्यालयों के शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप जिस शिखर पर पहुंचे हैं, उसे बरकरार भी रखना है। आपके माध्यम से यह संदेश अन्य विद्यालयों को भी पहुंचना चाहिए कि आपने किन प्रयासों से अपने विद्यालय को निपुण की श्रेणी में पहुंचाया है।

उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की पर्सनालिटी प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही डेवलप होती है। बच्चों के अच्छे कार्यों की यदि थोड़ी सी तारीफ की जाए तो बच्चे और अधिक बेहतर कार्य करते हैं। हर बच्चे पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे नई पौध की तरह होते हैं। शिक्षक जितना बेहतर तरीके से ज्ञान की बूंदों से सीचेंगे, बच्चे उतना ही अधिक सीखेंगे। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय ने कहा कि अध्यापक और अभिभावक के नियमित संवाद से ही छात्रों की विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जा सकती है। इसलिए अध्यापकों को अपने विद्यालय में अध्ययनरत समस्त बच्चों के अभिभावकों से नियमित संवाद करना चाहिए।



कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

समारोह के दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, प्राचार्य डायट मसीहुज्जमा सिद्दीकी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी ने 5 निपुण बच्चों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया और जनपद के निपुण घोषित हुए 166 विद्यालय के प्रधानाध्यापकों, संकुल शिक्षकों को प्रमाणपत्र व शील्ड, कक्षा शिक्षण सामग्री इत्यादि देकर सम्मानित किया।

विकास खण्ड देवा के सर्वाधिक 57 विद्यालय निपुण घोषित होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी देवा रामनारायन को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय करपिया निपुण घोषित होने पर प्रधानाध्यापक एवं एसआरजी अवधेश पाण्डेय को सम्मानित किया गया।

हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड से उत्कृष्ट कार्य करने वाली एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाइजर, नोडल शिक्षक संकुल, नोडल शिक्षक और दो निपुण बच्चों व उनके अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सहायक उपकरण भी वितरित किये गये।

## नदी में डूबने से चरवाहे की मौत

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भैंस चराने गए चरवाहे की कल्याणी नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना असंद्रा थाना क्षेत्र की है। यहां के जमोली गांव निवासी सूर्यभान पाल मंगलवार को कल्याणी नदी के किनारे भैंस चराने गया था। इस दौरान भैंस नदी पार कर इब्राहिमाबाद गांव चली गई। यह देखकर सूर्यभान भी तैर कर नदी पार कर भैंस को खदेड़ते हुए वापस ला रहा था। इसी दौरान वह अचानक डूब गया। अन्य चरवाहों ने यह देख गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू की तो कुछ दूरी पर उसका शव मिला।



शहर में पैदल मार्च करते पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

## नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद बरती गयी सतर्कता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नागरिकता संशोधन कानून को लेकर पुलिस-प्रशासन काफी चौकन्ना रहा। संवेदनशील स्थानों पर जहां पुलिस तैनात रही। वहीं पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च निकाल सुरक्षा का एहसास कराया। सोमवार को सीएए लागू होने के साथ पुलिस प्रशासन ने अपनी चौकसी और बढ़ा दी। सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने के साथ कस्बों और चौराहों के साथ संवेदनशील और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस मुस्तैद कर दी गई। शहर के मुख्य बाजार व सार्वजनिक स्थलों पर अधिकारियों के साथ पैरामिलिट्री फोर्स व पुलिस ने मंगलवार को पैदल गश्त की। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के थानों में भी पुलिस ने कस्बों में पैदल गश्त किया।

# शिक्षा के उन्नयन में पुस्तकों की भूमिका अहम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सोशियो स्टोरी फाउंडेशन दिल्ली द्वारा मंगलवार को पढ़े भारत कार्यक्रम के तहत परिषदीय विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बड़ेल स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय ने शिरकत की। इस दौरान सोशियो स्टोरी फाउंडेशन की संस्थापिका शिक्षाविद रचना दीक्षित ने 40 पुस्तकों का सेट विद्यालयों के शिक्षकों को प्रदान कराते हुए कहा कि शिक्षा उन्नयन में पुस्तकों की उपलब्धता अहम भूमिका निभाती हैं। इसी सोच के साथ पढ़े भारत कार्यक्रम से प्रेरित होकर परिषदीय विद्यालयों में प्रेरणादायी पुस्तकों के सेट उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बीएसए संतोष देव पाण्डेय ने कहा कि यह पुस्तकें बच्चों की पढ़ाई में मदद करेंगी। साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा निदेशालय के पूर्व सलाहकार अरुण दीक्षित ने बच्चों को पुस्तकें देते हुए कहा कि गांवों के बच्चों के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराने का सोशियो स्टोरी फाउंडेशन का प्रयास सराहनीय है। शिक्षाविद रत्नेश कुमार ने कहा कि बालमन को कहानियां प्रभावित करती हैं। फाउंडेशन के कार्यकर्ता राघवेश तिवारी ने बताया कि ये पुस्तकें फाउंडेशन ने अपने निजी स्रोतों से वितरित करने की अनूठी पहल की है। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ेल, प्रावि बड़ेल, उच्च प्राथमिक विद्यालय ईंचौलिया, चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल छंदवल सहित आधा दर्जन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को पुस्तकों के सेट प्रदान किये गये। कार्यक्रम में प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला समन्वयक विनोता मिश्रा व बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों सहित फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता व समाजसेवी, दीपक पाठक, अविनाश त्रिपाठी, स्पर्श श्रीवास्तव, अमित पांडेय व अन्य लोग मौजूद रहे।



बड़ेल स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में पुस्तक वितरित करते बीएसए संतोषदेव पाण्डेय।

## एक नजर

### विभिन्न मामलों में फरार 13 आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस के अभियान में मंगलवार को विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने एक वारंटी और 12 वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 41 आरोपियों को शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### तमंचे के साथ दबोचा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को आवास विकास कालोनी निवासी सौरभ गुप्ता को तमंचे के साथ दबोचा। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

### जुआ खेल रहे दो बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे दो आरोपियों को कोठी पुलिस ने दबोचा। उनके पास से 2390 रुपये बरामद हुए। पकड़े गए कस्बे के ही रंजीत व मो. अकरम पर जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी।



शिलापट्ट का अनावरण करते सांसद उपेंद्र रावत। अमृत विचार

## सांसद ने शिलापट्ट का किया अनावरण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने गुजरात के अहमदाबाद में मंगलवार को 85 हजार करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाओ का शिलान्यास करते हुए राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही 10 वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी क्रम में सांसद उपेंद्र रावत ने रेलवे स्टेशन पर अकबरपुर-बाराबंकी रेल मार्ग के दोहरीकरण व एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टाल के शिलापट्ट का अनावरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता नवीन सिंह राठौर, शिव स्वामी वर्मा, अनिल रावत, अतुल शुक्ला, अनुज वर्मा, नीरज वर्मा, अशोक प्रधान के साथ रेलवे विभाग के अधिकारी व कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## रंगदारी न मिलने पर डंपर में की तोड़फोड़

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** मिट्टी खनन में लगे डंपर मालिक से दबंगों ने रंगदारी मांगी। न मिलने पर डंपर को रास्ते में रोक तोड़फोड की। इसकी शिकायत डंपर मालिक ने सतरिख थाने में की है। लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बलिया खेड़ा निवासी पवन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बरौली गांव में हो रहे मिट्टी खनन में उनके दो डंपर लगे हैं। लोखरिया निवासी सुभाष यादव ने फोन कर प्रति डंपर दो सौ रुपये की मांग की। देने से मना किया तो मंगलवार को जरूवा गांव मिट्टी लेकर जा रहे दोनों डंपरों में सुभाष ने चार पांच साथियों के साथ तोड़फोड की। चालक मंशाराम को भी पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

# 1.30 करोड़ से होगा वार्डों का विकास

नगर पंचायत बंकी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नगर विकास विभाग की परियोजनाओं का लोकार्पण व वर्चुअल शिलान्यास किया गया। इसी के तहत नगर पंचायत बंकी के वार्डों के विकास के लिए एक करोड़ 30 लाख की लागत से 12 निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण बंकी चेयरमैन इरफाना खातून ने फीता काटकर किया।

चेयरमैन ने कहा कि बंकी के विकास कार्यों को निरंतर बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग ढाई करोड़ के कार्य अनटाइड ग्रांट जिलाधिकारी को अनुमोदन के लिये भेजा गया है।



निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करतीं चेयरमैन इरफाना खातून।

इसमें मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, बरातघर, जल निकासी, अंत्येष्टि स्थल व अन्य मदों के तहत कार्य योजना लगभग पांच करोड़ की तैयार कराई जा चुकी है। इसे शासन को अनुमोदन के लिए भेजा गया है। कार्यक्रम में ईओ मोहिनी केसरवानी व नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ ही चेयरमैन प्रतिनिधि के रूप में इमरान खान, सभासद आयशा हनीब, इरफान, अनुभव सैनी, रजी सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### महाविद्यालय परिसर में भी लगवाए जाएंगे रंग-बिरंगे फूल



छात्राओं को सम्मानित करते महाविद्यालय के प्राचार्य। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीजी कॉलेज रामनगर की छात्राओं ने ऑफिसर्स क्लब में जनपद स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र ने प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं संध्या सिंह, श्वेता, सावित्री, काजल को मंगलवार को शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया और कहा कि इस प्रकार की पुष्प प्रदर्शनी के आयोजनों से फूलों के प्रति लोगों का बहुत लगाव बढ़ता है। हम सभी को अपने घरों में विभिन्न प्रकार के फूल लगाने चाहिये। महाविद्यालय परिसर में भी रंग-बिरंगे फूलों को लगवाया जाएगा। जिससे आने वाले समय में इस तरीके की जब भी कोई प्रदर्शनी प्रतियोगिता आयोजित की जाए, तो उसमें विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकें। प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह व डॉ. राम कुमार सिंह, अमरजीत सिंह, डॉ संजय तिवारी, गरिमा श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने शुभकामनाएं दीं।

### अयोध्या जा रहे पदयात्रियों का टिकैतनगर में स्वागत



पदयात्रियों का स्वागत करते नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता।

**टिकैतनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** जय श्री राम जनमानस कल्याण समिति के द्वारा बीती 25 फरवरी को दिल्ली के यमुना बाजार स्थित मरघट वाले बाबा के हनुमान मंदिर से शुरू हुई 21 दिवसीय पद यात्रा मंगलवार को सुबह टिकैतनगर पहुंची। कस्बा टिकैतनगर में स्थित आदर्श गौ सेवा संस्थान पर नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता ने यात्रा का स्वागत कर सभी को जलपान कराया। पद यात्रा टिकैतनगर- भेलसर मार्ग से अयोध्या धाम की ओर रवाना हो गयी। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर अयोध्या जा रहे पदयात्रियों का स्वागत किया।।

### किसान नेता ने वृद्धाश्रम में मनाया जन्मदिन



वृद्धाश्रम में अपना जन्मदिन मनाते किसान नेता आशू चौधरी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रदेश प्रभारी आशू चौधरी ने अपने जन्मदिन पर सफेदाबाद के भुहेरा स्थित वृद्धाश्रम में जाकर मनाया। अपने साथियों के साथ वहां रह रहे 120 वृद्धों को भोजन कराया। उन्होंने कहा कि इंटरट पास जो बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं उन्हें निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही किताबें भी नि :शुल्क उपलब्ध होंगी। बच्चों को पढ़ाने के लिए दिल्ली से अध्यापकों को बुलाया जाएगा। कोचिंग सेंटर के लिए जमीन ले ली गई है। भवन तैयार होते ही निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था शुरू करा दी जाएगी। इस मौके पर रोहित द्विवेदी, कुंदन सिंह वर्मा, शुभाशीष बाजपेयी, चन्दन, राहुल, जीतू शुक्ला, शरद शर्मा, सर्वेश रावत, जनार्दन वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पिता की हत्या करने वाला बेटा गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शराब के नशे में हंगामा कर रहे पिता की पिटाई के दौरान मौत के मामले में आरोपी बेटे को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। उसके बाद गैर इरादतन हत्या के मामले में उसे जेल भेज दिया। मामला लोनीकटरा थाने के छंदरौली गांव का है। यहां के निवासी दिनेश उर्फ नन्हू का लखनऊ में रहने वाला बेटा नौरंगी उर्फ प्रियांशु एक सप्ताह पहले गांव आया था। शनिवार की रात पिता ने बेटे से शराब मंगाकर पी। उसके बाद अभद्रता करने लगा। इस पर बेटे ने लाठी डंडो से उसकी पिटाई कर दी। घायल पिता की इलाज के दौरान मौत की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसके बाद बेटे नौरंगी पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली से टकरायी बेकाबू कार

हादसा

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** हाईवे पर खड़ी गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली से तेज रफ्तार कार टकरा गई। हादसे में कार सवार लोगों को हल्की चोटें आई। गनीमत रही बड़ा हादसा टला गया।

दुर्घटना रामनगर थाना क्षेत्र के गोंडा-बहराइच हाईवे पर हरिनारायनपुर गांव के पास हुआ। मंगलवार को गन्ना लादकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली का एक पहिया पंचर हो गया। इसके बाद हाईवे पर ही ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी कर किसान चला गया।




ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी कार।

इसी दौरान गोंडा की ओर से रही एक तेज रफ्तार कार ट्रैक्टर-टाली से टकरा गयी। हादसे में कार सवार लोग बाल-बाल बच गए। उन्हें मामूली चोटें ही आयीं। वहीं कार क्षतिग्रस्त हो गयी

## 78 लीटर शराब के साथ 7 गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार:** अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने 78 लीटर शराब के साथ सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी।

रामनगर पुलिस की टीम ने बडनपुर निवासी राजकुमार व धनलाल, लोहटीजई निवासी कन्हई लाल तथा सिसोदा मल्लाहनपुरवा निवासी नंदू को 40 लीटर शराब के साथ पकड़ा। असन्द्रा थाने की पुलिस टीम ने 20 लीटर शराब के साथ गढ़ी बठौली निवासी राममगन तथा कुर्सी पुलिस ने बेहडपुरवा निवासी चंपा और घुंघटेर के बौद्धपी निवासी अनिल कुमार को 18 लीटर शराब के साथ दबोचा।

# पहले दिन रोजेदारों ने मांगी अमन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मंगलवार को रमजान का पहला दिन रहा। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों की मस्जिदों में रोजेदारों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी। शहर की मस्जिदों से अजान के बाद सहरी और इफ्तार किया।

मुबारक रमजान का पहला रोजा मंगलवार को अकीदत के साथ रखा गया। रोजेदारों ने मस्जिद और घरों में नमाज़ पढ़ी।

दिन की तपिश और गर्मी के बावजूद रोजेदार इबादत में मशगूल रहे। मस्जिदों में शाम की अज़ान के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर रोज़ा खोला। असर की नमाज के बाद बाजारों में रौनक दिखाई दी। पहला रोजा होने की वजह से घरों में दोपहर से ही इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गई । घरों में इफ्तार के समय तरह तरह के पकवान बन रहे थे । मगरिब की अज़ान के साथ ही रोजेदारों ने खजूर , पानी ,और शर्बत के साथ रोज़ा खोला। रमजान के दूसरे रोज़े को लेकर नमाज़ के बाद रोजेदारों ने बाजारों में खरीदारी के लिए निकले। इस दौरान, पपीता, खीरा, खजूर की जमकर खरीदारी जमकर हुई। दुकानों पर सिंवई और पापड़ भी खूब बिके।

बैठक

जिला प्रभारी व एमएलसी अवनीश सिंह ने की बूथ चलो-बूथ जीतो अभियान की समीक्षा

# संपर्क के समय लाभार्थियों की समस्याओं का करें निदान : अवनीश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भाजपा जिला प्रभारी व एमएलसी अवनीश सिंह ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर बूथ चलो-बूथ जीतो अभियान की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि घर-घर संपर्क अभियान के दौरान लाभार्थियों से उनकी समस्याएं भी सुनें और समाधान में सहयोग भी करें।

उन्होंने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए केवल पत्रक वितरित करने तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि संवाद स्थापित करके मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताना है।




पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते भाजपा जिला प्रभारी अवनीश सिंह। अमृत विचार

प्रत्येक गांव में प्रभावी मतदाताओं से विशेष मुलाकात करनी है। इसके अलावा लाभार्थियों से मोबाइल नंबर 9638002024 पर मिस्ड कॉल कराना न भूलें। उन्होंने पार्टी फंड के लिए चल रहे माइक्रो डोनेशन का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि 5 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक का डोनेशन नेट बैंकिंग के जरिए दिया जा सकता है। नमो ऐप डाउनलोड करके माइक्रो डोनेशन आसानी से किया जा सकता है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, संदीप गुप्ता, दिलीप मिश्रा, प्रमोद तिवारी, सुशील जायसवाल, विजय आनंद बाजपेई, पवन सिंह रिंकू, सीए अश्वनी श्रीवास्तव, सीता सरन वर्मा, करुणेंद्र वर्मा, रामेश्वरी त्रिवेदी, रोहित सिंह, मनोज कुमार वर्मा समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम ने परखीं बूथों पर तैयारियां

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में बूथों पर चाक चौबंद व्यवस्था के लिए प्रशासन तैयारी में जुट गया है। मंगलवार को एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी व रामनगर के पवन कुमार ने राजस्व टीम के साथ सरयू नदी के उस पार एल्गिन चरसडी बांध के पास ग्राम मांझा रायपुर, पारा, बेहटा, नैपुरा के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बूथों पर मौजूद व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दिव्यांग वृद्धजनों के लिए रैम्प, बिजली-पानी आदि ब्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर सम्बंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### लकड़ी से लदी डीसीएम बरामद, एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : बिना परमिट के हरे आम की पेड की कटान कराकर डीसीएम से लकड़ी ले जा रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से 25 बोटा लकड़ी बरामद हुई। इस पर पुलिस ने जैदपुर थाने के मोहल्ला मौलवी कटरा निवासी अब्दुल रहीम को गिरफ्तार किया। थाने लाकर वन संरक्षण अधिनियम और ट्राजिट परमिट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

### सब इंस्पेक्टर पद पर मुख्य आरक्षी को मिली प्रोन्नति

बाराबंकी, अमृत विचार : सर्विलांस सेल में तैनात मुख्य आरक्षी रामाधार पटेल की पदोन्नति सब इंस्पेक्टर के पद पर हो गई। इसके बाद मंगलवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह ने सब इंस्पेक्टर बने रामाधार पटेल के कंधे पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दीं।

### पुलिस ने अपहृत दो युवतियों को किया बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : अपहृत की गई दो युवतियों को जैदपुर और दरियाबाद थाने की पुलिस टीम ने मंगलवार को बरामद किया। उसके बाद दोनों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया।

### दुष्कर्म का आरोपी बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : दुष्कर्म व धमकी देने के मामले में फरार चल रहे मोहनापुर पण्डरा निवासी रामसमुझ को सफदरगंज थाने की पुलिस टीम ने मंगलवार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

# मोबाइल लेकर मूल्यांकन केंद्र पर नहीं जा सकेंगे परीक्षक

यूपी बोर्ड

- उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए बनाए गए दो केंद्र
- हाईस्कूल व इंटर की ढाई लाख से अधिक कापियां जांची जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए जिले में दो मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इन पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की 2,55,393 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 1419 परीक्षक करेंगे। इसमें से 135 उप प्रधान परीक्षक होंगे। कापियों का मूल्यांकन कार्य पर्यवेक्षक बनाए गए डायट प्राचार्य की देखरेख में होगा। मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षक मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा संपन्न होने के बाद अब उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू हो गई है। 16 से 31 मार्च तक होने वाले मूल्यांकन कार्य के लिए दो केंद्र बनाए गए हैं। इनमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र पर हाईस्कूल व राजकीय इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कापियों का मूल्यांकन किया जाएगा। कड़ी सुरक्षा में सीसीटीवी की निगरानी में मूल्यांकन का कार्य किया जाएगा। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 127568 कापियों को जांचने के लिए 760 परीक्षक व 76 उप प्रधान परीक्षक लगाए गए हैं। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 127828 उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर 524 परीक्षक और 59 उप प्रधान परीक्षकों की ड्यूटी माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से लगाई गई है। मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षक मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। इसको लेकर मूल्यांकन केंद्र के बाहर ही शिक्षकों की तलाशी ली जाएगी। वहीं केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। मूल्यांकन केंद्र में परीक्षकों को आईकार्ड जांचने के बाद प्रवेश दिया जाएगा। मूल्यांकन कार्य की देखरेख के लिए डायट के प्राचार्य को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### संकलन केंद्रों से भेजी जा रहीं कापियां

यूपी बोर्ड की परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तरपुस्तिकाओं को संकलन केंद्र से दूसरे जनपदों को भेजा जा रहा है। वहीं दूसरे जनपदों से मूल्यांकन के लिए आने वाली उत्तरपुस्तिकाओं का इंतजार किया जा रहा है।

### 1419 परीक्षक जांचेंगे उत्तरपुस्तिकाएं

यूपी बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन को दो केंद्र बनाए गए हैं। इन मूल्यांकन केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की दो लाख 55 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए 1419 परीक्षक नामित किए गए हैं। 16 मार्च से मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

–ओपी त्रिपाठी, डीआईओएस

# युवक के अपहरण व हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद

अदालत से

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** युवक का अपहरण कर हत्या के मामले में विशेष न्यायाधीश ने दो नामजद अभियुक्तों को दोषी मानते हुए मंगलवार को 85-85 हजार रुपये का अर्थदंड व उम्र कैद की सजा सुनाई।

मामला बदोसराय कोतवाली क्षेत्र का है। 13 वर्ष पहले एक नवंबर 2011 को बदोसराय कस्बे के निवासी मो. जाबिर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पीठापुर निवासी जगदंबा प्रसाद वर्मा और शमशेर उर्फ पेंटर ने उसके भाई का अपहरण करने के बाद हत्या कर दी। उसके बाद शव को नहर में फेंक दिया। इस पर पुलिस ने अपहरण और हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की विवेचना के दौरान साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश की अदालत ने अभियुक्त जगदंबा प्रसाद वर्मा और शमशेर उर्फ पिंटू को 85-85 हजार रुपये के अर्थदंड और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### जुर्माने से तीन मामले निस्तारित

बाराबंकी, अमृत विचार : लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में मंगलवार को अलग-अलग अदालतों ने तीन मामले निस्तारित किये। हैदरगढ़ कोतवाली में आबकारी अधिनियम के मामले में सियाराम को दोषी मानते हुए 21 सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। जहांगीराबाद थाने में जुआ एक्ट के के दोषी रामकुमार और शिवकुमार को 80-80 रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा दी। लोनीकटरा थाने में दर्ज अश्लीलता के मामले के दोषी छंदरौली निवासी सनी को पांच सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई।

# डीएम ने निवेशकों को प्रदान किये शिलापट्ट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में नवनिर्मित इन्वेस्ट यूपी के भवन का उद्घाटन किया और पहली बार राज्य उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के सभी जनपदों के उद्यमियों को वर्चुअली संबोधित भी किया। साथ ही जीबीसी में सम्मिलित निवेशकों को प्रधानमंत्री के नाम से बने शिलापट्ट दिये।

मुख्यमंत्री के संबोधन को लोकसभागार में मौजूद डीएम, एडीएम और जिले के निवेशकों ने लाइव सुना। इसी क्रम में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जिले के निवेशकों को शिलापट्ट दिये। इनमें मुख्यतः टू पॉवर लिमिटेड, हाईटेक कंक्रीट, ग्रीन वियर, गणपति एग्रो और देवा फीड्स समेत कई निवेशक शामिल रहे। उद्योग बंधु की बैठक में आईआईए चेयरमैन कैप्टेन राजेश तिवारी, डिवीजनल चेयरमैन परमीत सिंह और वाईस चेयरमैन विधु गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



निवेशक को शिलापट्ट देते डीएम।

## सार-संक्षेप

### जितेन्द्र जिलाध्यक्ष तो पंकज महामंत्री पद पर मनोनीत



शपथ ग्रहण करते पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के पदाधिकारी।

बाराबंकी, अमृत विचार : मंगलवार को बंकी ब्लाक में पशुधन प्रसार अधिकारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अतुल व विशिष्ट अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुधीर रहे। समारोह में संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार तथा पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नितिन सिंह व राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह बिसेन मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ .अतुल कुमार अवस्थी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने अधिकारों के साथ साथ अपने दायित्वों का भी पूरी ईमानदारी से निर्वहन करे तभी आप अपने अधिकारों की लड़ाई बेहतर तरीके से लड़ सकते हो। संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह विसेन ने निर्वाचित जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, महामंत्री पंकज वर्मा, उपाध्यक्ष रामसनेही, कोषाध्यक्ष समीर कुमार श्रीवास्तव सहित मनोनीत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर आशीष सिंह, विजय सिंह, मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार, अभिमन्यु चौहान सहित बड़ी संख्या में पशुधन प्रसार अधिकारी उपस्थित थे।

### विधायक ने इंटरलॉकिंग मार्ग का किया लोकार्पण



मार्ग का लोकार्पण करते विधायक साथ में मौजूद लोग। अमृत विचार

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार : 38 लाख रुपये की लागत से सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के नसीरपुर-रामापुर इंटरलॉकिंग मार्ग का मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने लोकार्पण किया। यह मार्ग ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजना निर्माण वर्ष 2022-2023 के तहत निर्मित हुआ है। विधायक दिनेश रावत ने बताया कि विधायक निधि से अब तक उक्त योजना के तहत 3 करोड रुपए की 8 इंटरलॉकिंग, 206 विद्युत हाई मास्ट लाइट, दो हेल्थ एटीएम व पांच स्मृति द्वार बनवाए गए हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिंह पटेल, कोशैलेंद्र शुक्ल, रामतीरथ वर्मा, आशीष अवस्थी, बसंतलाल वर्मा, मुकेश तिवारी, अजय, राकेश आदि मौजूद रहे।

# सीएए पर भ्रम न पालें मुसलमान : वसीम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार :** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने मंगलवार को केंद्र की मोदी सरकार को नागरिकता संशोधन कानून का नोटिफिकेशन जारी करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने इसे लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार का बड़ा कदम बताया।

वसीम राईन ने कहा कि सीएए से मुसलमानों को किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। न ही उन्हें इस कानून को लेकर कोई भ्रम रखने की ही जरूरत है। इस कानून को ठीक से समझना व जानना ही उनके लिए फायदेमंद रहेगा।

उन्होंने कहा कि यह अलग बात है कि मोदी सरकार ने जिस तरह पसमांदा का जिक्र किया, सबका साथ सबका विश्वास का नारा देकर साथ लेकर चलने की बात कही। पर अभी तक कहीं भी हमें हिस्सेदारी नहीं दी। यह भी ध्यान देने की बात है कि दशकों तक देश में राज करती आई कथित धर्मनिरपेक्ष पार्टी कांग्रेस ने तो हमें केवल वोटबैंक ही बनाकर रखा। सपा और बसपा ने हमें केवल इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समाज का नाम तो लिया। साथ लेकर चलने की बात तो की। हालांकि अभी भी समाज को इस सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं।

# किसानों को दिया कीट प्रबंधन का प्रशिक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कीकिसानों को कीट प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को विकास भवन के सभागार में किसानों को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की टीम ने नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम प्रशिक्षण दिया। लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डा. ज्ञान प्रकाश सिंह, संयुक्त निदेशक के निर्देशन में जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार के सहयोग से आयोजित किया गया। वनस्पति संरक्षण अधिकारी केपी पाठक ने कहा कि प्रशिक्षण से जिले के किसान लाभान्वित होंगे। जिला कृषि रक्षा आधिकारी विजय कुमार ने बताया कि इस एप के माध्यम से कीट - बीमारियों से फसलों को बचाने के लिए प्रयोग होने वाले रासायनिक कीटनाशकों की जानकारी मिल सकेगी।

# रामदाने की खेती का बढ़ा रकबा

काशीनाथ दीक्षित, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक तरफ सरकार जहां किसानों की आय को दोगुना करने के प्रयास में लगी है तो वहीं जिले के किसान बेहद मुनाफे वाली रामदाना की खेती कर स्वावलंबी बन रहे हैं। कम लागत की इस खेती में अच्छी पैदावार व अच्छा मुनाफा मिलता है। इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा रामदाने की खेती का रकबा भी बढ़ा है। इस फसल को छुट्टा जानवर भी नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

बाराबंकी जिला कृषि प्रधान जिला माना जाता है और यहां के किसान अब परंपरागत खेती से अलग हटकर फल, फूल, आयुर्वेदिक खेती के साथ अंतर्राष्ट्रीय देशों के फल डैगन फ्रूट आदि की खेती कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो रहे हैं। क्षेत्र के किसान मामूली खर्च और बिना नुकसान के अवध में राम दाना उगा रहे हैं। मल्लू लालपुर निवासी श्यामू वर्मा व अनिल विश्वकर्मा बताते हैं कि गुणों से भरपूर रामदाना सभी जलवायु में आसानी से उगने वाला होता है। क्षेत्र में कई किसान रामदाना की खेती करके अपनी अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रहे हैं। श्यामू वर्मा बताते हैं कि रामदाने की खेती कम मेहनत और कम पानी में की जा सकती है, जबकि बाकी खेती में पानी भरपूर और मेहनत भी कमरतोड़ लगती है। दस ऐयर खेत में लगभग तीन कुंतल तक रामदाना पैदा होता है। जिसका बाजार भाव बारह हजार रुपए प्रति कुंतल है। इसकी खेती में बुवाई के बाद खेतो में उपजे खर पतवार को निकालना पड़ता है। अन्य फसलों को जहा छुट्टा मवेशी से खतरा है। वहीं इस फसल में कटीले रोएं होने के कारण पशु इस फसल को नुकसान नहीं पहुंचाते। दरियाबाद के कृषि इकाई प्रभारी उमेश कुमार ने बताया कि लगभग 15 हेक्टेयर में इस बार रामदाना की खेती की गई है । जो कि पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 5 हेक्टेयर अधिक है।

### रामदाने में ज्यादा होता है प्रोटीन



किसान श्यामू बताते हैं कि गेहूं, चावल के मुकाबले रामदाने में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा पायी जाती है। गणेश चतुर्थी के त्योहार में इस अन्न की पूजा होती है और व्रत में फलाहार के रूप में भी इसका प्रयोग किया जाता है।

# सफाई के अभाव में नाली उफनायी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बंकी क्षेत्र के दक्षिण टोला मौहल्ले में मुख्य सड़क के किनारे ही सफाई नहीं हो रही। यहां की नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। इससे न केवल बदबू फैल रही है बल्कि मच्छरों ने भी जीना मुहाल कर रखा है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि गंदगी और मच्छरों के चलते गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।

सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के चलते करीब दो हफ्तों से यहां की नालियां बजबजा रही हैं और इसका गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। लोगों का अपने घरों से निकलना दूभर है। जिसक चलते लोगो में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कई दिनों से यहां की सफाई नहीं हो रही है। कई बार नाले व नालियों की सफाई के लिए कहा जा चुका है। न तो स्थानीय सभासद ध्यान दे रहे और न ही चेयरमैन का ही ध्यान इस ओर जा रहा है।



बंकी के दक्षिणटोला में सफाई के अभाव में सड़क किनारे भरा नाली का पानी।

# गौशाला में लगे पोल को हटाने की मांग

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड बनीकोडर के पूरे त्रिवेदी मजरे सकतपुर के ग्रामीणों ने मंगलवार को उप खंड अधिकारी देवीगंज को प्रार्थना पत्र देकर गोआश्रय स्थल में लगे विद्युत पोल को हटवाने की मांग की है। पवन कुमार ने बताया कि गो आश्रय स्थल में विद्युत पोल लगा है। इसे जानवर हिलाते रहते हैं। जिससे आए दिन गांव की बिजली बाधित रहती है। वहीं पोल से जानवरों को करंट लगने का भी खतरा बना रहता है। अधिशाषी अभियंता का कहना है कि शिकायत मिली है। पोल की शिफ्टिंग फिलहाल संभव नहीं है। इसे लेकर आगे प्रयास किये जाएंगे।



नुक्कड़ नाटक से सर्पदंश से बचाव के बारे में जागरूक करते कलाकार।

### सर्पदंश से बचाव व प्राथमिक उपचार के बताए तरीके

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला आपदा प्रबंधन द्वारा सर्पदंश से बचाव व प्राथमिक उपचार के के बारे में खसपरिया में मंगलवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला आपदा विशेषज्ञ प्राची उमराव ने बताया कि हमारा लक्ष्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर जिला आपदा विशेषज्ञ प्राची उमराव ने नुक्कड नाटक की पूरी टीम को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

मुसीबत — सिल्हौर व आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को करना पड़ता है परेशानी का सामना

# एप्रोच मार्ग न बनने से सफेद हाथी साबित हो रहा पुल

विकास पाठक, बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खण्ड बनीकोडर के गोमती नदी के सिल्हौर घाट में एप्रोच मार्ग न बनने से करोड़ों की लागत से निर्मित पुल सफेद हाथी साबित हो रहा है। भारतीय किसान यूनियन नेताओं के जल सत्याग्रह आंदोलन के बाद घाट पर पक्का पुल भले ही बन चुका है,मगर एप्रोच मार्ग न बनने से लाखों की आबादी को उसका लाभ मिलता नही दिख रहा है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर काफी रोष है । जनता को आज भी धूल से भरे मार्ग से होकर गुजरना होता है।

दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में मवई-सुबेहा मार्ग पर स्थित सिल्हौर घाट गोमती नदी पर पुल निर्माण के लिए 17 करोड़ 87 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। इसे 31 दिसंबर 2022 तक पूरा करना था लेकिन धनाभाव के चलते पुनः 9 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं,फिर भी एप्रोच मार्ग अभी तक नहीं बना है। जिससे पुल दिखावा मात्र नजर आता है।पुल का एप्रोच मार्ग बन जाने से सिल्हौर, हाजीपुर, दिलावलपुर रतौली, दुल्लापुर, टिकरा, सूपामऊ धारूपुर, अशरफपुर, बबुरीगाव, रसूलपुर, चकौरा, आलापुर, पूरे विद्दी सफीपुर, शरीफाबाद आदि पंचायतों के दर्जनों गावों की जनता को अमेठी और अयोध्या की यात्रा करने में आसानी रहती लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी कहें या मनमानी पुल तो बना लेकिन एप्रोच मार्ग नहीं बनवाया गया।

पुल निर्माण की मांग खातिर जल सत्याग्रह करने वाले सिल्हौर निवासी उदयनारान पाठक बताते हैं कि काफी संघर्ष व एक साथी राजेन्द्र वर्मा को खोने के बाद पुल निर्माण तो हुआ किंतु एप्रोच मार्ग न बनने से काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

### पुल की मांग को लेकर 2016 में हुआ था जल सत्याग्रह

सिल्हौर घाट पर निर्मित पुल की मांग की गाथा काफी संघर्ष पूर्ण है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जमीनी नेता रहे दिवंगत मुकेश सिंह की अगुवाई में उदयनारायन पाठक, स्व .संजय पांडेय, रामराज यादव, राजकरन वर्मा, सतीश वर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जल सत्याग्रह किया था व शासन को अपनी मांग मानने को मजबूर कर दिया था। इसी संघर्ष के दौरान तत्कालीन ब्लाक अध्यक्ष बनीकोडर राजेंद्र वर्मा की मौत हो गयी थी तो दर्जनों किसानों की हालत बिगड़ गयी थी।

### मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज करायी है शिकायत



भक्तिमान पांडेय ने बताया कि एप्रोच मार्ग न बनने से धूल में निकलना मुश्किल हो गया है। बगल में पूरे खाले गांव के अंदर जाने वाले मार्ग से निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। अगर बारिश हो जाती है तो कीचड़ में वाहन फंस जाते हैं। इस मामले शिकायत पूर्व मे अधिशाषी अभियंता से की थी। पहले बजट का अभाव बताया जा रहा था। अब 9 करोड रुपया का बजट भी पास हो चुका है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई है।

### लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण



किसान नेता रहे दिवंगत संजय पांडेय के पुत्र व मौजूदा ब्लाक अध्यक्ष बनीकोडर शिवम पांडेय ने कहा कि पुल निर्माण के बाद भी एप्रोच मार्ग नहीं बना है। अधिकारियों की लापरवाही साफ नजर आ रही है। बरसात से पहले एप्रोच मार्ग निर्माण की मांग को लेकर उच्चाधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा।

### चेयरमैन प्रतिनिधि के गुर्गों पर पिटाई का आरोप

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : चेयरमैन प्रतिनिधि के गुर्गो पर अभद्रता, पिटाई व धमकी का आरोप लगाते हुए सफाई कर्मी ने पुलिस को तहरीर दी है। हालांकि पुलिस मामले की जांच के बाद कार्रवाई की बात कर रही है। मामला थाना व नगर पंचायत दरियाबाद का है। यहां के मोहल्ला खिन्नी तले निवासी उमाशंकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक माह पहले मखदूम जादगान मोहल्ला निवासी चेयरमैन रूखसाना बानों के के देवर ने घर बुलाकर अभद्रता कर जातिसूचक गालियां देकर उसकी पिटाई की। उसके बाद एक माह के लिए काम से हटवा दिया। इसके बाद वह काम पर लौटा तो मंगलवार की सुबह चेयरमैन प्रतिनिधि ने अपने गुर्गे फहीम गाजी और गयास को भेजकर पिटाई कराई। इस संबंध में थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
## क्लासीफाइड

### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक- 1017171, इंटर मीडियट वर्ष 2007 अनुक्रमांक- 0548744, जीएनएम नर्सिंग वर्ष 2014 अनुक्रमांक- 111707941 के शैक्षिक प्रमाण पत्र व जीएनएम नर्सिंग रजिस्ट्रेशन नंबर 25100 के सभी प्रमाणपत्र कही खो गये हैं। **अमित कुमार पुत्र लाखन लाल निवासी ग्राम पोस्ट बरौना थाना मल्लांवा जनपद हरदोई। मोबाइल नंबर- 7619002556**

### सूचना

मैं आनुली देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह के आर्मी नं.- 4198003P, ग्राम-पिंगलो, पो.ओ.- पिंगलो, तहसील-गरूड, जिला- बागेश्वर, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम आनंदी देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम आनुली देवी है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में आनुली देवी दर्ज किया जाये।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि शपथकर्ता धर्मेद्र यादव पुत्र बुधराम निवासी ग्राम अनारपटी मजरे शरवन टिकठा थाना असंद्रा तहसील रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी का नाम त्रुटिवश धर्मेद्र कुमार यादव हो गया है। जिनका सही व सत्य नाम धर्मेद्र यादव है। जिनको भविष्य में धर्मेद्र यादव के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

### सूचना

मैं संगीता सिंह राना अपने पति राजकिशोर के आर्मी नं.- 4200648Y, ग्राम-पिपलिया पिस्तौर, पो.आ.- नानकमत्ता, जिला- उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड, मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम संगीता राना दर्ज है जबकि मेरा सही नाम संगीता सिंह राना है। अतः मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में संगीता सिंह राना दर्ज किया जाये।

### सूचना

सदर तहसील में दिनांक- 05/06/2009 के बैनामा जिसका बही संख्या 01 जिल्द संख्या- 4771 पेज् नं. 233 से 252 क्रम संख्या 6771 तथा दूसरा बैनामा दिनांक- 05/06/2009 के बही संख्या 01 जिल्द संख्या- 4773 पेज् नं. 181 से 206 क्रम संख्या 6769 हैं। मेरे पास से उपरोक्त दोनों मूल रजिस्ट्री दिनांक- 05/02/2024 को पटेल नगर चौराहे के पास कहीं गिर गयी है। **प्रदीप सिंह पुत्र श्री सत्यनारायण सिंह निवासी- ग्राम गढ़ी, पोस्ट मवैया, जिला- फतेहपुर।**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा अपने ग्राहक श्री मोहम्मद तनवीर आलम, पुत्र श्री इफ़्तिखार हुसैन खान को उनकी संपत्ति भूखंड संख्या 01, क्षेत्रफल 1700 वर्गफीट जो खसरा संख्या 335 मिन, स्थित भूहर, वार्ड हैदरगंज, लखनऊ के विरुद्ध ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित ऋण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपने पक्ष में विधिक साक्ष्य के साथ मुझसे 7 दिनों के अंदर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति न प्राप्त होने पर मेरे उपरोक्त मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान कर उक्त संपत्ति को बंधक किया जायेगा तथा उक्त संपत्ति पर मेरे मुवक्किल का प्रथम प्रभार होगा।

**(तरुण प्रकाश श्रीवास्तव)**
**एडवोकेट, मो०- 9335914262**
रूम नं0-110-111, सिटी होटल, बी.एन. रोड, लालबाग, लखनऊ-226001

### बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. खोजारामपुर वि0खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक द्वितीय आवश्यक बैठक दिनांक 13/03/2024 को ग्राम सभा खोजारामपुर के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 12: 30 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

निवेदक- **पिंटू सिंह**
ग्राम- खोजारामपुर, कानपुर देहात

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत बहुवन मदार मांझा विकास खण्ड-परसपुर जनपद गोण्डा के अन्तर्गत प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड नन्दौर रेती का गठन कराया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में दिनांक 18/03/2024 को ग्राम पंचायत नन्दौर के पंचायत भवन प्रांगण में दिन में 12:00 बजे बैठक की जायेगी जिसमें उक्त न्याय पंचायत के मछुआ समुदाय/ अनुसूचित जाति के व्यक्ति समिति में सदस्यता ग्रहण करने हेतु भाग ले सकते हैं।

**मुख्य प्रवर्तक**
मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड
नन्दौर रेती, गोण्डा

### कार्यालय ग्राम पंचायत सलारपुर विकास खण्ड देवा-बाराबंकी

पत्रांक: मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2023-024 दिनांक- 12/03/2024

अल्पकालीन निविदा टेंडर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सलारपुर विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023 -024 में पंचम / पंद्रहवा वित्त योजना से निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

| क्रमांक | कार्य | लंबाई | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्रांसफार्मर से रमेश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 130 ×3 मीटर | रू 6 लाख |
| 2 | गया के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 120 मीटर | 3.50 लाख |
| 3 | रामचंद्र के घर से जाबिर के घर तक इंटरलश्वकिंग और भूमिगत नाली निर्माण कार्य | 135 मीटर | रू 6.50 लाख |
| 4 | हेमेंद्र कुमार के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 60 मीटर | रू 1.50 लाख |

भट्ठा ईट, इंटरलाकिंग ईट,सीमेंट , पाईप,मौरंग, बालू, लोकल बालू आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 28/03/2024 को खुलेगा।

**नियम व शर्तो का विवरण निम्नवत हैं।-** (1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है। (2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी । (3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा। (4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है , आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**सुमन सिंह**, प्रधान **यशवंत सिंह**, सचिव
ग्राम पंचायत सलारपुर , विकास खण्ड देवा बाराबंकी

# हाथ-पैर बंधा खेत में मिला शव परिजनों को हत्या की आशंका

▸▸ शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गंगाखेडा मजरे बहादुर नगर की घटना

शिवगढ़, रायबरेली।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर शटरिंग का कार्य करने वाले मिस्त्री का रस्सी से हाथ पैर बंधा शव गांव के किनारे खेत में मिला। परिजनों का कहना है कि हत्या कर शव को खेत में फेंका गया है।

सोमवार को थाना क्षेत्र के गंगाखेडा मजरे बहादुर नगर का रहने वाला सहजराम जो की शटरिंग का कार्य करता था, गांव से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भुजई खेड़ा में जिसका शटरिंग का काम चल रहा था। रात करीब 11 बजे वह शटरिंग का सामान लेकर घर आया। उसी समय कुछ मजदूर उसके घर आए और सामान लेकर चले गए।

इसके बाद सुबह पता चला कि जहां पर शटरिंग का काम चल रहा है वहां सहजराम नहीं है। इसके बाद परिजनों द्वारा इसकी खोजबीन शुरू कर दी गई। मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे घर से 200 मीटर की दूरी पर सुखई के सरसों के खेत में उसका शव पड़ा मिला। मृतक के दोनों हाथ व गले में मुफलर कसा हुआ था।

सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे एएसपी नवीन कुमार सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या लग रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही घटना का राजफाश किया जाएगा।


सहजराम (फाइल फोटो)

### पत्नी की सूनी हुई मांग, बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

सहजराम की निर्मम हत्या से जहां पत्नी सन्नौ की मांग सूनी हो गई, वहीं तीन बच्चियों के सिर से पिता का साया हमेशा-हमेशा के लिए उठ गया। पति के शव के पास छाती पीट कर रो रही पत्नी सन्नौ ने सपने में भी नहीं सोचा था कि उसका पति इस तरह उसको बीच मझधार में छोड़कर चला जाएगा। उधर तीनों बच्चियों का रो-रो कर बुराहाल है। मृतक के बूढ़े पिता दीनदयाल और उसकी मां कलावती बेटे का शव देखकर तड़प रहे हैं।


शव मिलने के बाद घटनास्थल पर मौजूद भीड़, रोते-बिलखते परिजन।

### कैसे होगा बेटियों का लालन-पालन

सहजराम की शादी गांव से ही साहबदीन की लड़की सन्नो से हुई थी। उसकी बड़ी बेटी अवंतिका 9 साल, अंशिका 6 साल और गुड़िया 2 साल की बेटियां हैं। तीनों बच्चियों को सीने से लगाए मां बार-बार यही कह रही थी कि अब इन बेटियों की शिक्षा-दीक्षा और लालन-पालन कैसे होगा।

### मोबाइल और बाइक गायब

शटरिंग मजदूर सहजराम की मोटर साइकिल व मोबाइल फोन गायब है। घटनास्थल पर शव तो मिल गया, लेकिन उसकी मोटर साइकिल व मोबाइल का कहीं पता नहीं चल रहा है। पुलिस मृतक के मोबाइल व मोटर साइकिल की खोज में लगी हुई है।

# शांति व्यवस्था के लिए निकाला गया फ्लैग मार्च

लालगंज, रायबरेली।

**अमृत विचार।** भारत सरकार द्वारा लागू किए गए सीसीए का नोटिफिकेशन, होली, रमजान और लोकसभा के चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए चुनौती भरा कदम है। समाज में शांति व्यवस्था कायम रहे इसको लेकर सोमवार की रात और मंगलवार को पुलिस उपाधीक्षक एके सिंह, तहसीलदार मंजुला मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह की अगुवाई में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने लालगंज कस्बा, बहाई और सेमरपहा में फ्लैग मार्च निकाला।

प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य असामाजिक तत्वों को सावधान एवं शांति प्रिय अवाम में कानून के प्रति जिम्मेदारियों का एहसास कराना है। इस फ्लैग मार्च में पुलिस अधिकारी और शस्त्र से लैस एसएसबी बल के जवान शामिल थे। पुलिस का काफिला एक किलोमीटर की लंबी कतार में थाना परिसर से फ्लैग मार्च करते हुए निकला।

इस फ्लैग मार्च में पुलिस अधिकारी और शस्त्र से लैस पुलिस बल के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च में शामिल प्रशिक्षित महिला पुलिस भी बड़ी तादाद में शामिल थी। इसका नेतृत्व कर रहे सीओ और तहसीलदार ने शांति बनाए रखने के लिए हर वर्ग से सहयोग की अपील की। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग सोशल मीडिया पर बारीकियों के साथ नज़र रख रही है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन 24 घण्टा सक्रिय है। अप्रिय सूचना मिलते ही नजदीकी थाने को सूचना दें। इस मौके पर पैरामिलिट्री फोर्स एसएसबी के उप निरीक्षक सतपाल सहित सैकड़ों पुलिस बल मौजूद रहा।


लालगंज में फ्लैग मार्च निकालती पैरामिलिट्री फोर्स व अन्य।

# बच्चों को स्कूल लाने गए युवक को पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एक महिला होमगार्ड की पीड़ा पुलिस नहीं सुन रही है। उसकी बहन के बेटे को स्कूल में शिक्षकों ने दौड़ा-दौड़ा कर बुरी तरह पीटा है। महिला होमगार्ड की तहरीर पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के अस्लाहपुर का है। यहां की रहने वाली अनीता यादव ऊंचाहार कोतवाली में होमगार्ड है। उनके दो बच्चे क्षेत्र के एक निजी स्कूल में पढ़ते हैं। सोमवार को उनकी बेटी की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए उन्होंने अपने बच्चों को अपनी बहन के लड़के लवकुश के साथ स्कूल भेज दिया। आरोप है कि स्कूल में छुट्टी होने के बाद जब लवकुश बच्चों को लेने स्कूल पहुंचा तो वहां पर उससे एक प्रार्थना पत्र लिखने को कहा गया। इस बीच अध्यापकों का उससे विवाद हो गया। इस विवाद में लवकुश को स्कूल के अध्यापकों ने दौड़ा-दौड़ा कर बुरी तरह पीटा, जिससे वह घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर महिला होमगार्ड मौके पर पहुंची और लवकुश को लेकर कोतवाली आई, जहां उसने लिखित तहरीर दी। इसके बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला होमगार्ड इंसाफ और कार्रवाई के लिए लगातार फरियाद कर रही है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले में जांच कराई जा रही है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा नेता के भतीजे के निधन पर शोक की लहर

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद बाजपेई और बेनी माधवगंज मंडल के महामंत्री सुबोध वाजपेई के भतीजे स्वयं प्रकाश उर्फ विराट वाजपेई के आकस्मिक निधन पर भाजपाइयों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी, वीरेंद्र तिवारी, रामदेव पाल, विजय प्रताप सिंह पप्पू लोहिया, देवेंद्र सिंह, शरद सिंह, विजय सिंह टप्पू, जन्मेजय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, रत्नेश मिश्रा, दिनेश त्रिपाठी, प्रकाश शुक्ला, सुशील शुक्ला, दिवाकर मिश्रा, गोविंद सविता, आशीष मिश्रा, अनूप पांडे, अजय तिवारी, गोविंद शुक्ला, राकेश त्रिवेदी, राजेंद्र विश्वकर्मा, प्रभात सिंह त्रिलोक चंदी, आदर्श तिवारी सहित अन्य लोगों ने गहरा शोक जताया है।

## किसानों की जमीन पर गरजा बुलडोजर, किया प्रदर्शन

▸▸ ठेकेदारों ने बिना मुआवजा दिए ही ढाबे को गिराया

जगतपुर, रायबरेली।

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसको लेकर ठेकेदारों ने बिना मुआवजा दिए ही एक ढाबा को गिरा दिया तथा किसानों की जमीन अधिग्रहण कर ली गई और किसानों को मुआवजा नहीं मिला जिसको लेकर नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया।

मंगलवार को लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर जिंगना के पास बने कंचन ढाबा को ठेकेदार जेसीबी लेकर पहुंच गए जिसमें पुलिस प्रशासन व राजस्व प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा। वहीं कंचन ढाबा के मालिक कुलदीप सिंह का कहना है कि बिना मुआवजा दिए ही ढाबे को ढहा दिया गया। किसान आलोक सिंह, अजीत सिंह, सतीश सिंह, सुधीर सिंह का कहना है कि जमीन तो अधिग्रहण कर ली गई है, लेकिन मुआवजा नही दिया गया।

इसी बात को लेकर ठेकेदार से धक्का मुक्की शुरू हुई। इस दौरान मौजूद प्रशासन ने किसानों को किसी तरीके शांत कराया। ठेकेदार का कहना है कि मुआवजा एडीएम प्रशासन के यहां आ गया है। किसानों को वहीं से भुगतान होगा। जबकि किसानों का कहना है कि जब तक मुआवजा नहीं मिल रहा है तब तक उनकी जमीन पर कोई कार्य न शुरू किया जाए।

# चोरियों से रात्रि गश्त की खुली पोल

▸▸ दुकानों का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों का माल किया पार

शिवगढ़, रायबरेली।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा स्थित तिवारी मार्केट में चोरों ने चार दुकानों का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों का सामान पार कर दिया। एक ही रात में हुई आधा दर्जन चोरियों से व्यवसाई व ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं ताबड़तोड़ चोरियों से पुलिस पेट्रोलिंग की पोल खुल गई है।

मंगलवार को रानीखेड़ा स्थित तिवारी मार्केट में जैसे ही दुकानदार दुकान पहुंचे उन्हें दुकानों का ताला टूटा मिलने से उनके होश उड़ गए। पहली चोरी कॉस्मेटिक दुकानदार अजय साहू की दुकान में हुई। जिसमें सीडीआर, कॉस्मेटिक का सामान सहित लगभग 8000 नगदी की चोरी हुई है। दूसरी चोरी इसी मार्केट में बगल की दुकान बोल बम ज्वैलर्स शाप में हुई। जिसमें से चोरों ने करीब 50 हजार के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। ज्वैलरी शाप के संचालक सुरेश सोनी ने बताया कि थाने में तहरीर दी गई है। तीसरी चोरी मार्केट के अतुल रेडीमेड के यहां हुई, जिनकी दुकान से कपड़ा सहित लगभग 2000 रुपये नगदी चोरी हुई है। चौथी चोरी इसी मार्केट के अभय मोबाइल की दुकान से शटर का ताला तोड़कर हुई है। जिसमें रखे हजारों रुपए के मोबाइल सामान की चोरी हुई है। वहीं इसी गांव में राजकुमार गुप्ता के घर घुसे अज्ञात चोरों ने बरामदे में रखी धान की 15 बोरियां और 2 मोबाइल फोन उठा ले गए।

घटना की जानकारी पीड़ित को सुबह हुई तब उसने थाने में तहरीर दी। इसके अलावां छठवीं चोरी शिवनंदन के घर में हुई। घर के बरामदे में खड़ी उनकी बाइक को भी अज्ञात चार उठा ले गए। शिवनंदन ने बताया कि वह रोज की तरह बाइक बरामदे में खड़ी कर घर में सो गए। सुबह उठे तो बाइक गायब थी खोजबीन में बाइक अमान खेड़ा मजरे रानीखेड़ा के जंगल में बने एक कमरे के बाहर लावारिस हालत में खड़ी मिली। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दे दी है और ऑनलाइन रिपोर्ट भी दर्ज करा दी है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने बाइक बरामद नहीं की थी। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कराई जाएगी।


दुकान में चोरी को दिखाता दुकानदार। अमृत विचार

# सहायक उपकरण पाकर खुशी से खिले दिव्यांगों के चेहरे


कार्यक्रम में दिव्यांगों को उपकरण देतीं सदर विधायक अदिति सिंह।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिले भर के दिव्यांगजनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण और हितकारी कार्य प्रशासन के द्वारा किया गया। जिसमें पात्र दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग जैसे ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन इत्यादि तमाम उपकरण नि:शुल्क दिए गए। सोमवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में दिव्यांगों को नि:शुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह रही। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल, सीडीओ पूजा यादव आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को 150 ट्राई साइकिल, 50 व्हीलचेयर, 5 कान की मशीन, 10 फ़लाइन स्टिक दिव्यांगजनों को वितरित की गई है। जिला दिव्यांगजन अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि आए दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र देकर आगामी वितरण के लिए चिन्हित किया गया है। कार्यक्रम में सीडीओ पूजा यादव, जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह, व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान, अमित मालवीय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


छात्र को सम्मानित करते बीईओ। अमृत विचार

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सरेनी, रायबरेली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान दक्षता प्राप्त करने व पूर्व प्राथमिक शिक्षा के सार्व भौमिकरण जन समुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्यों एवं मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराने की दृष्टि से ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय में किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बच्चों द्वारा कविता व कहानी पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में कुल 150 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग से कक्षा 1 के नोडल शिक्षक, बाल विकास से आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, कक्षा 1, 2 व 3 के कुल 34 निपुण छात्र एवं 5 से 6 वर्ष बाल बाटिका के 24 छात्र व अनेक अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम औपचारिक विद्यालयी शिक्षा हेतु बच्चों को तैयार करने व 3 से 8 वर्ष के बच्चों को निपुण दक्षताओं को प्राप्त करने व जागरूक करने से है। एआरपी डॉ. यज्ञदत्त शुक्ल व आनन्द तिवारी ने समुदाय एवं अभिभावकों की पूर्व प्राथमिक शिक्षा की भूमिका में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर एआरपी जितेन्द्र कुमार, विमल किशोर, हिमांशु कुमार, जयप्रकाश बाजपेयी, शशिशेखर निरंजन, सचिन कुमार, दीपिका शुक्ल, कीर्ति, विभा आदि 150 शिक्षक उपस्थित रहे।

## मिल-जुल कर त्योहार मनाने का किया आह्वान

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर डीह थाने की पुलिस चौकी परशदेपुर में शांति कमेटी की बैठक की गई। बैठक में सीओ सलोन ने कहा कि सभी लोग मिल जुलकर त्योहार मनाएं। हो सकता है कि त्योहारों तक आचार संहिता लग जाए इसलिए इस दौरान अराजक तत्वों द्वारा किसी भी शरारत से सख्ती से निपटा जाएगा। सीओ सलोन ने सभी से त्योहार में नशे का सेवन करने से बचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नमाज परिसर के अंदर ही पढ़ी जाए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में डीह थानाध्यक्ष जे.पी. सिंह, चौकी प्रभारी सुनील वर्मा, पूर्व चेयरमैन सीपी श्रीवास्तव, महेश विश्वकर्मा, देवेश प्रताप सिंह, डॉ. इतरथ, रमेश कौशल, गोपाल श्रीवास्तव, मो. हाशिम, मो. निहाल, शुभम कौशल आदि मौजूद रहे।

# परिवहन मंत्री ने बस स्टॉप का किया वर्चुअल लोकार्पण


बस स्टॉप के हुए लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित लोग। अमृत विचार

**बछरावा, रायबरेली।** राज्य सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने वर्चुअल रूप से उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम द्वारा निर्मित बस स्टाप का मंगलवार को लोकार्पण किया। आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे जबकि पूर्व विधायक रामलाल अकेला विशिष्ट अतिथि रहे।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि बछरावां से हैदरगढ़ वाया बाराबंकी बस सेवा, लखनऊ से बनारस को चलने वाली रोडवेज बस सेवा का ठहराव, विंध्याचल तक मासिक बस की सुविधा, साथ ही साथ बछरावां से राजामऊ, कटरा, मदाखेड़ा, मौरावा, पुरवा, उन्नाव होते हुए कानपुर तक बस सेवा देने के साथ ही शुद्ध पेयजल एवं टिकट की व्यवस्था करने की मांग की। जिस पर एमएल केसरवानी क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग ने आश्वासन देते हुए कहा की जल्द ही बछरावां को ये सुविधाएं प्रदान की जाएगी ताकि यहां के लोगों को परिवहन विभाग की बसों के द्वारा बनारस, विंध्याचल और कानपुर जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर विनोद कुमार सेवा प्रबंधन परिवहन विभाग, प्रवेश वर्मा, कोतवाली प्रभारी विजेंद्र प्रसाद शर्मा, सभासद कुंवर वीरभान सिंह, शिवम मिश्रा, मनोज मिश्रा, मयंक रंजन द्विवेदी, रण बहादुर सिंह रन्नू आदि मौजूद रहे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, नि:सन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रात: 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

# स्कूल में बच्चों को वितरित किए गए रिजल्ट कार्ड

लालगंज, रायबरेली।

**अमृत विचार।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल लालगंज में प्राइमरी विंग एवं सीनियर विंग के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी एवं सम्मानित अभिभावकों द्वारा मां सरस्वती का विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन किया गया।

तद्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में रैंकर्स छात्र-छात्राओं को उनके अविभावको के साथ सम्मानित किया गया। वही विद्यालय में आयोजित विभिन्न विषयों की ओलंपियाड प्रतियोगिताओं में बच्चों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रकृति श्रीवास्तव व विद्यालय की छात्रा आनवी सिंह यादव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में बच्चों को विद्यालय मे रैंकर्स लिस्ट में आने की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि नए सत्र की दूसरी इंट्रेंस परीक्षा का आयोजन 17 मार्च को किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



कार्यक्रम में रिजल्ट कार्ड के साथ मौजूद बच्चे, अन्य। अमृत विचार

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, किशोर की मौत

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** भदोखर थाना क्षेत्र के शारदा नहर के मोड़ पर बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी से निमंत्रण में जा रहे बाप-बेटे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार देर रात पूरे कुंदन मजरे भदोखर निवासी सर्वेश कुमार अपने बेटे विशाल संग स्कूटी से थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर कटैली निमंत्रण में जा रहे थे। घर से 100 मीटर दूर शारदा नहर मोड़ के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाप बेटे दोनों गंभीर रूप से चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने बेटे विशाल को मृत घोषित कर दिया जबकि सर्वेश कुमार उर्फ राजू तूफानी का प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से यह हादसा हुआ है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# ट्रायल में पहुंची वन्दे भारत रायबरेली

## ● गुरुवार से फर्राटा भरेगी ट्रेन ● आठ कोच की ट्रेन ● साढ़े सात घंटे में तय करेगी सफर

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रयागराज से लखनऊ के लिए स्वदेशी ट्रेन वंदे भारत स्पेशल मंगलवार को अपने पहले सफर में रायबरेली स्टेशन पहुंची। ट्रेन के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में आमजन मानस के साथ व्यापारी व रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे। फूलों से सजी धजी ट्रेन जैसे ही स्टेशन पर आई उस पल को कैद करने लिए लोगो की होड़ लग गई।

गुरुवार से स्वदेशी वन्दे भारत ट्रेन प्रयागराज से गोरखपुर के लिए अपना सफर तय करेगी। मंगलवार को प्रयागराज से सुबह 9:45 से निकली वन्देभारत स्पेशल ट्रेन रायबरेली स्टेशन पर 11:31 पर आई और दो मिनट के ठहराह के बाद लखनऊ की ओर निकल गई। रायबरेली वासियों को अब इस ट्रेन के चलने से गोरखपुर व प्रयागराज जाने में सहूलियत मिलेगी।

वन्दे भारत ट्रेन को देखने के लिए स्टेशन पर खासी भीड़ रही। अपने निर्धारित समय से लगभग 19 मिनट देरी से पहुंची ट्रेन के सामने लोग फोटो भी खींचने में मस्त रहे। इस सेमी हाई स्पीड ट्रेन का ठहराव हर स्टेशन पर दो मिनट है।

सुबह से ही ट्रेन के दीदार के लिए लोग उत्सुक नजर आए लेकिन लोगो काफी समय इंतजार भी करना पड़ा। ट्रेन को सुबह 11:13 पर आना था लेकिन लगभग 19 मिनट की देरी से 11:31 पर आई। वही सदर विधायक अदिति सिंह ने रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पात दुकान का उदघाटन किया। दुकान के संचालक मुदित कुमार ने बताया कि दुकान पर आवला व गुड़ से संबंधित खाद्य पदार्थ मिलेगा।



स्टेशन पर खड़ी वन्दे भारत ट्रेन। अमृत विचार

### गुरुवार से रोज चलेगी वन्देभारत ट्रेन

गोरखपुर से सुबह तो प्रयागराज से दोपहर में चलेगी ट्रेन

रायबरेली। रायबरेली से होकर प्रयागराज व गोरखपुर जाने वाली वन्दे भारत ट्रेन अपनी दूरी लगभग साढ़े सात घंटे में तय करेंगी। गाड़ी संख्या 22549 गोरखपुर से सुबह 06 :05 पर चलेगी जो बस्ती 6 :54, अयोध्या 8 :17, लखनऊ 10 :35, रायबरेली 11 :46 व प्रयागराज 01 :35 पर पहुंचेगी। वही प्रयागराज से चलने वाली ट्रेन दोपहर 3 :15 पर छूटेगी जो रायबरेली 04 :56, लखनऊ 6 :30, अयोध्या 8 :30, बस्ती 9 :43 व गोरखपुर 10 :40 पर पहुंचेगी।

### वन्दे भारत के रायबरेली से गुजरने पर लोगों ने जताई खुशी

रायबरेली। संगम नगरी प्रयागराज व बाबा गोरखनाथ धाम की नगरी गोरखपुर से गुरुवार से चलने वाली सेमीहाई स्पीड वन्दे भारत ट्रेन का ट्रायल मंगलवार को हुआ। इस दौरान ट्रेन को देखने के लिए बड़ी संख्या में आम लोगो के साथ ही व्यापारी व समाज के जागरूक लोग आए थे। सभी ने ट्रेन की सराहना की और इसे रायबरेली के लिए बड़ी सौगात भी बताई।



ट्रेन में सफर करते छात्र। अमृत विचार

### कल से रोज गुजरेगी ट्रेन

रायबरेली। सेमी हाईस्पीड ट्रेन वन्देभारत 14 मार्च से रोज रायबरेली होकर गुजरेगी। इस ट्रेन को लेकर लोगों की बड़ी मांग थी, जो पूरी हो गई। रायबरेली से गोरखपुर तक कोई ट्रेन नही थी जिससे लोगो को अन्य असुविधा का भी सामना करना पड़ता था। आठ कोच के इस ट्रेन में रोजाना बड़ी संख्या में लोग सफर कर सकते है।



"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के तहत जो कार्य हो रहे है वह धरातल पर दिखाई दे रहे है। उनके कामों का सीधा लाभ आम जनता को मिलता है। रायबरेली से होकर निकलने वाली वन्दे भारत ट्रेन पूरे जिले वासियो की बड़ी उपलब्धि है। इस ट्रेन के चलने से व्यापारी व बच्चों को आने जाने में भी सुविधा रहेगी।"

–पंकज मुरारका व्यापारी नेता



"रायबरेली से होकर गोरखपुर के लिए कोई ट्रेन नही थी लेकि अब इस ट्रेन के चलने से लोगो का गोरखपुर व प्रयागराज का सफर आसान हो गया है। कई ट्रेने अभी और चलनी चाहिए।"

–जयदीप राजपाल, आरएसएस कार्यकर्ता



"प्रयागराज और गोरखपुर से चलने वाली वन्दे भारत का विस्तार होने से इसका सीधा जिले के लोगो को मिला है। यह ट्रेन अब रायबरेली होकर निकलेगी। स्टेशन पर इसका ठहराव दो मिनट का होगा। जिससे आराम से सफर किया जा सकता है। लगातार रेलवे की सुविधाए जनपद को मिल रही है।"

–रवि रंजन कुमार, स्टेशन अधीक्षक रायबरेली





"व्यापारी फिरोज नूरी व अधिवक्ता विनीत गुप्ता ने कहा कि रायबरेली से होकर ऐसी कोई ट्रेन नही जाती थी जो कम समय में प्रयागराज पहुंचा दे। लेकिन अब इस ट्रेन के चलने से लोगो को सफर के साथ सहूलियत भी मिलेगी। खास कर प्रयागराज में पढ़ने वाले छात्रों को इसका लाभ मिलेगा, और यह समय की जरूरत भी थी।"

–फिरोज नूरी, विनीत गुप्ता

# राजस्व अभिलेखों में दर्ज होंगी बहुउद्देशीय सहकारी समितियां

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** ग्राम समाज की भूमि पर बनी बहुउद्देशीय सहकारी समितियों को उनका मालिकाना हक जल्द मिल सकता है। ऐसी मांग जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर की है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए आश्वासन भी दिया है।

मंगलवार को पूर्व विधायक गजाधर सिंह, पूर्व एम.एल.सी राजा राकेश प्रताप सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी व उपमेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विवेक विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिला सहकारी बैंक ने विशेष सदस्यता अभियान के तहत 59690 सदस्य बनाकर एक करोड़ चालीस लाख, हजार सात सौ तिरसठ रुपए का पंचानबे अंशधन संग्रह किया है। विवेक सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले में बनी 185 बी- पैक्स समितियां ग्राम समाज की भूमि पर निर्मित हैं। राजस्व अभिलेखों में सहकारी समितियां दर्ज नहीं हैं। जिस वजह से समितियों के परिसर में पेड़ सहित अन्य संपत्तियों को लेकर विवाद भी होते हैं। सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांग किया कि यदि राजस्व विभाग के अभिलेखों में समितियां दर्ज हो जाए तो जहां विवादों से छुटकारा मिलेगा ।

● **चार गुना बढ़ेगा सहकारी बैंक का शुद्ध लाभ :** विवेक विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि 31 मार्च 2023 तक बैंक का शुद्ध लाभ 54 .44 करोड़ था जिसे इसी वित्तीय वर्ष में चार गुना बढ़ाया जाएगा। लाभ से जिला सहकारी बैंक के मुख्यालय व क्षेत्र की 10 बैंको का कायाकल्प किया जाएगा।

● **पात्रों को ही मिले ऋण :** विवेक विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि कृषकों की सुविधा के लिए सभी समितियों को संचालित करने हेतु उर्वरक कैश व कैरी ऋण सीमा पर 10 प्रतिशत अनुदान योजना के अधीन 23 समितियों को ऋण सीमा देकर कृषि निवेश वितरण का कार्य शुरू कराया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा सुझाव दिया गया कि ऋण वितरण में ध्यान रखा जाए कि इसका लाभ पात्रों को ही प्राप्त हो।

● **4 करोड़ का हुआ संचय :** विवेक विक्रम सिंह ने बताया कि 15 फरवरी से 08 वर्ष से कम की बालिकाओं के लिए मिशन शक्ति योजना, अटल साविधि जमा योजना, सहकार से समृद्धि योजना व गृह लक्ष्मी आवृत्ति जमा योजना 15 फरवरी से चलाई जा रही हैं जिनसे 04 करोड़ का निक्षेप संचय किया गया।



**दूसरा रोजा**

**शिया**

सहरी : 04.45 बजे

इफ्तार : 06.24 बजे

**सुन्नी**

सहरी : 04. 52 बजे

इफ्तार : 06.13 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# फ्लैग मार्चः शरारती तत्वों से सख्ती से निपटेगा प्रशासनः वंदना सिंह

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** सीएए नोटीफिकेशन, लोकसभा चुनाव और आगामी त्योहारों को देखते हुए आमजन में सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए सीओ सलोन के नेतृत्व में मंगलवार को पैदल मार्च किया गया।

डीह कस्बे में सीओ सलोन वंदना सिंह और डीह थानाध्यक्ष जेपी सिंह के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल व पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों में सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। इस दौरान ई-रिक्शा पर लाउडस्पीकर से आचार संहिता का पालन करने और मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए आह्वान किया गया। परशदेपुर में चौकी प्रभारी सुनील वर्मा के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल के साथ अंसार चौक फ्लैग मार्च शुरू किया गया जो कस्बे के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए साकेत नगर पर समाप्त हुआ। सीओ सलोन वंदना सिंह ने कहा कि पुलिस के फ्लैगमार्च से जहां आम जन में सुरक्षा का भाव पैदा किया गया वहीं शरारती तत्वों को संदेश दिया गया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों से प्रशासन पूरी सख्ती के साथ निपटेगा।



फ्लैग मार्च करतीं सीओ व साथ में उनके अर्ध सैनिक बल के जवान। अमृत विचार

# सबकी सेवा करना मेरा संकल्पः मंत्री

▸▸ पदयात्रा के दौरान कई जगह सभाओ को किया सम्बोधित

सतांव,रायबरेली

**अमृत विचार।** स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की सेवा ही संकल्प पद यात्रा मंगलवार की सुबह 11 बजे सतांव ब्लॉक क्षेत्र की दरीबा ग्राम पंचायत से शुरू हुई। यात्रा सतांव ब्लॉक क्षेत्र की करीब दो दर्जन ग्रामसभाओं का भ्रमण करने के उपरान्त देर शाम ब्लाक कार्यालय मलिकमऊ चौबारा पहुंची। यात्रा के दौरान राज्यमंत्री ने टिकरा, कोरिहर व गोझरी मोड़ पर जनसभाओं को सम्बोधित करने के साथ ही केलौली, सहजौरा व सुल्तानपुर खेड़ा में चौपाल लगाकर जन शिकायतें व समस्याऐं सुनी। सुल्तानपुर खेड़ा में तहरीभोज का आयोजन हुआ। पदयात्रा में जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं और जयकारों के साथ राज्य मंत्री का स्वागत किया।

राज्यमंत्री ने पदयात्रा के दौरान आयोजित जनसभाओं और चौपालों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेवा ही संकल्प पदयात्रा कोई चुनावी कार्यक्रम नही है। मेरा और मेरे परिवार के सभी सदस्यो का रायबरेली से जनम मरण का नाता है। मै सदैव रायबरेली जनपद वासियों को अपने परिवार का सदस्य मानता आया हूं। आप सब की सेवा करना ही मेरा संकल्प है जिसे मै मरते दम तक निभाऊंगा। हर सुख दुख में रायबरेली वासियों के खड़ा नजर आउंगा।

रायबरेली की सांसद सोनियाँ गाँधी पर तंज कसते हुए कहा कि आप सब ही बताइये कि गाँधी परिवार का रायबरेली से चुनाव लड़ने और जीतकर दिल्ली पहुँच जानें भर के अलावां और कौन सा नाता है। आप सबको क्या ऐसा सांसद चाहिए जो चुनाव जीतने के बाद आप सबको धन्यवाद देना तो छोड़िए अपना जीत का प्रमाणपत्र तक ना लेने आये। राज्यमंत्री ने पदयात्रा के दौरान प्राप्त सुझावों, शिकायतों व समस्याओं के निस्तारण के लिए जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और शिकायतों व समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।

पदयात्रा में राज्यमंत्री दिनेश सिंह के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह, पिण्टू शर्मा, सतांव प्रधानसंघ अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश बाजपेई, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रधानसंघ अध्यक्ष उदयभान सिंह, नन्हे शुक्ला, देवी सहाय त्रिवेदी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिव सागर तिवारी, विधानसभा संयोजक कृष्णजीवन तिवारी, प्रेमशंकर पाण्डेय, ज्ञानबहादुर सिंह आदि के साथ सैकड़ों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के समर्थक मौजूद रहे।



मंत्री दिनेश सिंह का स्वागत करते पूर्व प्रमुख व अन्य।

## एक नजर

### तीन अधिकारियों के तबादला बने चर्चा के विषय

**सलोन,रायबरेली।** लोकसभा चुनाव से पूर्व सलोन क्षेत्र के दो बड़े अधिकारी समेत तीन लोगों के तबादले से सरकारी तंत्र में हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार की दोपहर डीएम हर्षिता माथुर ने एसडीएम आशुतोष कुमार राय को डलमऊ और नायब तहसीलदार शभु शरण पांडे को लालगंज भेज दिया है। वहीं अभिषेक वर्मा को डलमऊ से सलोन का एसडीएम नियुक्त किया गया है। जबकि लालगंज में तैनात रहे नायब तहसीलदार वेद प्रकाश को सलोन का नायब बनाया गया है। वही देर रात एसपी अभिषेक अग्रवाल ने तबादले कि कार्यवाही करते हुए सलोन कोतवाल श्याम कुमार पाल को शिवगढ़, डीह थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह को सलोन और अरविंद सिंह को डीह की कमान सौंपी है।

### तीन निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने मंगलवार शाम को महकमे में तीन निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। एसपी ने अपराध नियंत्रण में फेल रहे शिवगढ कोतवाल अरविंद सिंह को अब डीह प्रभारी बनाया है। शिवगढ़ में मंगलवार को ही एक हत्या और चोरी की तीन घटनाएं हुई है बावजूद उसके एक बार फिर कमान मिली है। डीह थाने में निरीक्षक रहे जितेंद्र प्रताप सिंह को सलोन व सलोन में प्रभारी निरीक्षक रहे श्याम कुमार पाल को अब शिवगढ़ कोतवाली का नया प्रभारी बनाया गया है। श्याम कुमार पाल के लिए क्षेत्र में हुई घटनाएं चुनौती बनेगी।

### भाजपा नेता ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**सतांव, रायबरेली।** गुरूबक्शगंज चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल कांग्रेस पार्टी का गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली जनपद में कमल खिलाने और गांधी परिवार को टक्कर देने के उद्देश्य से मोदी परिवार यात्रा के तहत जनसम्पर्क अभियान चलाया।
इस अवसर पर ब्यापार मण्डल अध्यक्ष लाला गुप्ता, लाले शर्मा, विजय दीक्षित, सौरभ गुप्ता, पप्पू जिला पंचायत, रामसजीवन गुप्ता समेत भारी संख्या में ब्यापारी मौजूद रहे।

# चुनाव बाद मुलायम सिंह की प्रतिमा का अनावरण करेंगे अखिलेशः ओपी यादव

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता ओपी यादव ने कहा कि लालगंज तहसील के नया पुरवा मजरे सोन्डासी गांव में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित की गयी है।

प्रतिमा का अनावरण लोकसभा चुनाव के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव करेंगे। प्रतिमा स्थापित किए जाने के लिए नया पुरवा निवासी राजन यादव ने अपनी भूमिधरी जमीन दान दिया है। प्रतिमा स्थापित करने में क्षेत्रवासियों, सेना के जवानों एवं समाजवादी सोच के लोगों व मुलायम सिंह यादव के समर्थकों का विशेष योगदान रहा है। प्रतिमा स्थल पर ट्रस्ट के सदस्यों की एक बैठक हुई। बैठक में ग्राम प्रधान सोडासी राम स्वरूप यादव, शिवसेवक यादव, रामधनी, सुन्दर लाल, विपिन कुमार, भोलानाथ, राजेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, बिन्दादीन, रमेश कुमार, लावेन्द्र कुमार, अतुल, लक्ष्मीसेवक यादव, अनुराग यादव, देवेन्द्र, सुन्दर लाल, शैलेन्द्र यादव, शिवमोहन प्रजापति, राम बहादुर आदि रहे।

# छात्रों ने की डीएम से मुलाकात

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** डीह विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय सराय मानिक के कक्षा 5 के छात्रमंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण पर आए बच्चों ने शहर का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों का समूह जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से भी मिला। सहायक अध्यापक रवि प्रताप सिंह अपने निजी खर्च से बच्चों को शहर भ्रमण कराने लाए थे।

शहर आए बच्चों ने सबसे पहले गुरुगोविंद सिंह पार्क गए फिर बच्चे जिलाधिकारी कार्यालय आए और जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने बच्चों से बातचीत की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने उन्हें कृष्ण की चेतावनी का काव्यपाठ सुनाया। वापस लौटने के बाद शिक्षा मित्र अनीता मौर्य ने बच्चों को सकुशल घर पहुंचाया।



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ खड़े छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### अभिषेक बने सलोन के एसडीएम

**रायबरेली।** जिला अधिकारी हर्षिता माथुर लोक सभा चुनाव से पहले प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। उन्होने ने एसडीएम और नायाब तहसीलदार के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए एसडीएम सलोन रहे आशुतोष राय को डलमऊ का उपजिलाधिकारी बनाया है। वही। एसडीएम डलमऊ अभिषेक वर्मा को सलोन का एसडीएम बनाया है। नायाब तहसीलदार शम्भू शरण पांडेय को सलोन से लालगंज व नायाब तहसीलदार वेद प्रकाश को लालगंज से सलोन भेजा है।

### डीएम ने 92 कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर किया नामित

**संवाददाता, रायबरेली।** जिला अधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाये जाने वाले मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्धान्तिक एवं ईवीएम व वीवीपैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के लिए 92 कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित किया है। उन्होंने कहा है कि कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में आयोजित निर्वाचन सम्बन्धी प्रशिक्षण में स्वयं उपस्थित होकर समुचित प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें, जिससे मतदान कार्मिकों के आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित कार्मिक द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन एवं ईवीएम व वीवीपैट के सम्बन्ध में पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया जा सके।

# भाजपा नेता ने तहसील में अधिवक्ताओं का किया सम्मान

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी से दावेदारी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता व बीजेपी नेता ने तहसील परिसर में अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। मंगलवार की दोपहर वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यप्रकाश पांडेय जो कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी से दावेदारी कर रहे है। वह तहसील मुख्यालय पहुंचे, जहां अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। जिसके बाद उनके द्वारा अधिवक्ताओं को डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया।

बीजेपी नेता ने कहा कि वह वर्ष 1984 से सेंट्रल बार एसोसिएशन के सदस्य हैं ,और अधिवक्ताओं के साथ हर मौके पर खड़े रहते है। पिछले तीन दशक से बीजेपी के लिए सेवक के तौर पर कार्य कर रहे है। अगर पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो वह रायबरेली की जनता की सेवा में कोई कसर नहीं रखेंगे। इस मौके पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवगोपाल सिंह, जय बहादुर मौर्य, शासकीय अधिवक्ता धर्मेश पाठक, रज्जन मिश्रा, गिरीश द्विवेदी उर्फ गोपाल, शिवा जी पांडेय, समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



अधिवक्ताओं को सम्मानित करते भाजपा नेता ।

# माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री बने राम मोहन

**संवाददाता, रायबरेली।** मण्डल अध्यक्ष राम मोहन सिह को माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रदेशीय मन्त्री बनाये जाने पर जिले के शिक्षक पदाधिकारियों ने उन्हे हार्दिक बधाई दी है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कमेटी की जारी नयी सूची में नव निर्वाचित प्रदेशीय मन्त्री जिले के वरिष्ठ शिक्षक नेता एवं लखनऊ मण्डल अध्यक्ष राम मोहन सिंह विगत कई वर्षों से लखनऊ मण्डल अध्यक्ष के रूप में शिक्षकों की लड़ाई लड़ते रहे हैं। उन्हें बधाई देने वाले शिक्षक नेताओं में जिला अध्यक्ष अशोक शुक्ला, सदस्य राज्य परिषद शत्रुघ्न सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्र, जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डा. सुनील दत्त, जिला उपाध्यक्ष उमा शकर सिंह, संयुक्त मन्त्री सरोज अनिल कुमार, अजय सिंह, सभाजीत यादव आदि लोग समिलित रहे। नव निर्वाचित प्रदेशीय मन्त्री राम मोहन सिंह ने जनपद के शिक्षको की समस्याओं के समाधान का पूरा भरोसा दिलाया और प्रदेशीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

▸▸ भाई की शिकायत पर पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम

डलमऊ,रायबरेली।

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे ठकुराइन मजरे नरसवा गांव में सोमवार की बीती रात संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत हो जाने पर ससुरालजन द्वारा बिना पोस्टमार्टम अंतिम संस्कार के लिए ले जाने लगे जिस पर मृतका के भाई द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम करने की मांग की गई। जिस पर पुलिस द्वारा पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे गडरिया मजरे डलमऊ निवासी सूरज ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन सोनी का विवाह लगभग 4 वर्ष पूर्व पूरे ठकुराइन मजरे नरसवा निवासी चंदन के साथ हुआ था लगभग 1 वर्ष से ससुरालजन आए दिन बहन के साथ मारपीट करते थे। सोमवार की देर रात गांव के ही लोगों ने फोन करके बताया कि सोनी की मृत्यु हो गई है जब भाई सूरज अन्य रिश्तेदारों के साथ मौके पर पहुंचा तो पति बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार के लिए ले जाने लगे। जिस पर सूरज द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर हत्या की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम करने की मांग की गई। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मृतका के भाई सूरज द्वारा तहरीर दी गई है और पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# महिला का गहनों से भरा बैग चोरी

**सलोन, रायबरेली।** पिता के साथ निमंत्रण के लिए निकली महिला का आभूषण संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी हो गया। सोने के आभूषण की कीमत सवा लाख रुपये की बताई जा रही है। महिला ने मैजिक चालक के विरुद्ध चोरी की शिकायत की है। कोतवाली अंतर्गत भवानीपुर गांव की रहने वाली कंचन पत्नी संजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने वृद्ध पिता के साथ मैजिक से सुजानपुर जायस निमत्रण में जा रही थी। इस दौरान बैग गायब हो गया जिसमें लाखो रुपए के जेवरात थे। महिला ने आरोप लगाया है कि मैजिक चालक ने ही चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की तहरीर महिला ने दी है। मामले की जांच के निर्देश दे दिए गए है।



दूसरा रोजा

सहरी : 06.16 बजे

इफ्तार : 05.03 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# ग्रामीणों को सांसद का विरोध करना पड़ा भारी 28 नामजद समेत कई अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

## सड़क का निर्माण न होने पर ग्रामीणों ने चुनाव में वोट न देने का किया था ऐलान

हरपालपुर, हरदोई




**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव में दो दिन पूर्व ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव को लेकर बहिष्कार करने का ऐलान कर रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर लगाकर भाजपा सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी करना भारी पड़ गया। मंगलवार को एसडीएम सवायजपुर ने नायब तहसीलदार व भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या का समाधान तो करा दिया, लेकिन राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर थाने में 28 नामजद व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान सांसद व प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के खिलाफ दो दिन पूर्व सेमरिया गांव के ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया था। ग्रामीणों ने हाथों में पोस्टर थाम कर रोड नहीं तो वोट नहीं को लेकर सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मंगलवार को सवायजपुर की एसडीएम डा. अरुणिमा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने सड़क के गड्ढों में जेसीबी से मिटटी डलवा कर सड़क बराबर करवा दी, लेकिन राजस्व निरीक्षक संजय तिवारी की तारीफ पर थाने में 28 नामजद व कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

राजस्व निरीक्षक संजय तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने सेमरिया गांव निवासी हरीसिंह, हरिनाथ, रणवीर सिंह, रजनीश कुमार, द्रगपाल सिंह वीरेश, रामसरण, रामऔतार, अवधेश, अनूप, ओमप्रकाश, बलराम, कुलवीर, कुलधीर कुलदीप यादव, सुखवीर, राकेश, अवधेश, बाबूराम, सर्वेश, अरविंद, रूपराम, राजीव, रतनेश, हरिपाल सिंह, राजपाल, उमेश यादव, राधेश्याम समेत कई अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### राजनीतिक विद्वेश के तहत ग्रामीणों पर दर्ज किया गया फर्जी मुकदमा वापस हो : सपा जिलाध्यक्ष

**हरदोई, अमृत विचार।** रोड नहीं तो वोट नहीं के तहत सांसद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले सेमरिया गांव के 28 नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमे पर सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव वीरे ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर राजनीतिक विद्वेश के चलते दर्ज मुकदमा तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क व रोजगार मांगने वालों पर मुकदमे दर्ज किया जा रहे हैं। यह भाजपा सरकार की हताशा का परिणाम है। आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि मुकदमा वापस नहीं हुआ तो सपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे।



### मिल कर्मचारियों को आग बुझाने का दिया प्रशिक्षण

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की लोनी शुगर मिल इकाई में 29 फरवरी से चल रहे राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों को यूनिट प्रमुख ने पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। मिल कर्मचारियों और गन्ना कृषकों में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह शुरू किया गया था। जिसमे सप्ताह भर प्रतिदिन कार्यक्रमों के माध्यम से सुरक्षा संदेश दिया गया। मिल कर्मचारियों के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, प्रक्रिया एवं व्यवहार पर आधारित सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। आग लगने पर बरती जाने वाली सावधानियां और गैस सिलेंडर की आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में यूनिट प्रमुख द्वारा सुरक्षा के प्रति अनुकरणीय प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने वाले व्यक्तियों और टीमों को पुरस्कृत किया गया। यूनिट प्रमुख ने उपस्थित कर्मचारियों और आगुंतकों के लिए एक सुरक्षित कार्य, वातावरण पर विस्तार से बताया। कहा कि उनकी शुगर यूनिट सुरक्षा मानकों और विनियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एक नजर

#### जियारत-ए-हरमैन शरीफैन के लिए सय्यद सालार हसन वास्ती रवाना

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर की मशहूर खानकाह सुगरविया बड़ी सरकार के सज्जादा नशीन मखदूम-ए-मिल्लत हजरत सैय्यद उवैश मुस्तफा वास्ती के शहजादे मौलाना सैय्यद सालार हसन वास्ती मंगलवार बाद नमाज़-ए-फजर उस पवित्र स्थान के लिए रवाना हुए, जहां जाने के लिए हर मुसलमान की पहली ख्वाहिश होती है। उसी चाहत को दिल में बसाये हुए जियारत-ए-हरमैन शरीफैन के लिए रवाना हो गए। लोगों ने अपने लिए और देश में अमनो शांति समृद्धि के लिए विशेष दुआओं की गुजारिश तो कुछ लोगों ने रौज़ा-ए-अतहर पर हाजिर होने पर सलाम पेश करने के लिए कहा। सैय्यद सालार हसन वास्ती जैसे ही खानकाह से रुखसत हुए उनको वहां मौजूद आशिकाने रसूल ने फूलमाला पहनाकर रुखसत किया। सैय्यद सालार हसन वास्ती रमज़ान का पूरा माह मक्का और मदीना में ही व्यतीत करेगें, जिसके बाद वह वापस हिंदुस्तान लौटेंगे।

#### नए खंड शिक्षा अधिकारियों की हुई तैनाती

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में स्थानांतरण होकर आए खंड शिक्षा अधिकारियों को ब्लाक आवंटित कर दिए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने दीपेश कुमार को विकास खंड संडीला, सपना रावत को सांडी, सुनील कुमार सिंह को भरखनी, प्रियंका सिंह को पिहानी तथा कृष्ण कुमार त्रिपाठी को कछौना विकास खंड का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया है।

### उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 से

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 16 मार्च से 31 मार्च तक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। बोर्ड परीक्षाएं सकुशल संपन्न होने के बाद अब विभाग मूल्यांकन की तैयारियों में लग गया है।

नगर के जीआईसी, वेणी माधव बालिका इंटर कालेज व आरआर कालेज में यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुंद ने बताया कि मूल्यांकन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। शिक्षकों की तैनाती के साथ ही बोर्ड से मिले निर्देशों के क्रम में मूल्यांकन कराया जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर नर्सिंगहोम संचालक के खिलाफ केस दर्ज

हरदोई

**अमृत विचार।** नर्सिंग होम के संचालक ने इलाज के लिए मरीज़ को एक दुकान में बंद कर दिया, जिससे उसकी और हालत बिगड़ गई। इसके बाद मरीज़ का सीएचसी में इलाज हुआ। वहां से छुट्टी होने पर मरीज़ घर पहुंच गया, पीछे से नर्सिंग होम संचालक भी पहुंचा और रुपये ऐंठने के लिए दबाव बनाते हुए उसे न सिर्फ गाली-गलौज की बल्कि मार डालने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने कुछ भी नही किया तो कोर्ट का सहारा लिया गया। कोर्ट के आदेश पर नर्सिंग होम के संचालक और उसके साथियों के खिलाफ एससी-एसटी के तहत केस दर्ज किया गया है।

टड़ियावां थाने के हबीबपुर मजरा पड़ती निवासी सुनील कुमार पुत्र इन्द्रपाल ने कोर्ट को बताया कि उसकी पत्नी सुजाता को बुखार आ रहा था। उसने उसे टड़ियावां सीएचसी में भर्ती कराया,जहां से उसे दो अगस्त को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। सुनील का कहना है कि वह अपनी पत्नी को ले जाता,उसी बीच वहीं के नर्सिंग होम संचालक डा. विकास अवस्थी मिले और अपने नर्सिंग होम में इलाज करने का भरोसा दिलाया। बकौल सुनील उसकी पत्नी का वहीं नर्सिंग होम में इलाज चल रहा था,उसी बीच एक सितंबर को नर्सिंग होम की जांच होने की खबर पर उसकी पत्नी सुजाता को एक दुकान में बंद कर दिया। जिससे उसकी तबियत और बिगड़ गई। सुनील अपनी पत्नी को किसी तरह वहां से सीएचसी ले गया। जहां इलाज के बाद वह सही हो गई और डाक्टर ने छुट्टी कर दी। सुनील ने कोर्ट को बताया कि जब वह घर पहुंचा, उसी बीच डा.विकास अपने साथियों के साथ उसके घर पहुंचें और बिल के रुपयें ऐंठने के लिए उसे न सिर्फ गाली-गलौज की बल्कि मार डालने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

#### सीओ हरियावां करेंगे जांच

टड़ियावां थाने में सुनील कुमार की तहरीर पर डा.विकास अवस्थी और उसके साथियों के खिलाफ दर्ज हुए एससी-एसटी एक्ट के केस की जांच सीओ हरियावां को सौंपी गई है।



### मां-बेटी को अगवा कर हत्या व शव गायब करने पर मुकदमा दर्ज

▸▸ बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र का मामला, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छह आरोपियों पर दर्ज किया केस

**हरदोई, अमृत विचार।** मां-बेटी को उनके घर से अगवा कर हत्या कर दी गई और दोनों के शव भी गायब कर दिए गए। काफी दौड़-भाग के बाद पुलिस ने एक नहीं सुनी, उसके बाद पीड़ित कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया। वहां हुई सुनवाई के बाद पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बेहटा गोकुल थाने के यासीनपुर निवासी कुशमेष ने कोर्ट में दाखिल की अर्ज़ी में कहा था कि पिछले साल 11 मई को कछौना कोतवाली के अरसेनी की गुड्डी पत्नी मंगली कुछ लोगों के साथ उसके घर पहुंची और उसकी पत्नी सरस्वती व पुत्री जान्हवी को अगवा कर लिया। कुशमेष का कहना है कि जब वह घर वापस लौटा तो उसे पड़ोसियों ने घटना की जानकारी दी। इसका पता होने पर जब वह पत्नी व बेटी को तलाशता हुआ महिला के घर पहुंचा और अपनी पत्नी व बेटी के बारे में पूछा तो गुड्डी भड़क गई। उसे गाली-गलौज करते हुए धमकी देकर भगा दिया। पत्नी और बेटी के लिए भटक रहे कुशमेष ने काफी दौड़-भाग की, लेकिन पुलिस नए उसकी एक भी नहीं सुनी। उसके बाद उसने कोर्ट का सहारा लिया। बेहटा गोकुल पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गुड्डी के अलावा कोतवाली देहात के मुरली पुरवा निवासी उदयराज,उसकी पत्नी बिट्टो,पिहानी कोतवाली के कुंइया की जमुना पत्नई लाल बहादुर व अरुणा और बिरला के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है। बेहटा गोकुल थाने के यासीन पुर से मां सरस्वती व उसकी बेटी जान्हवी को अगवा कर उनकी हत्या कर शवों को गायब करने के मामले में दर्ज हुए केस की जांच एसएचओ राजवीर सिंह करेंगें। पुलिस ने कुशमेष की अर्ज़ी पर हुए कोर्ट के फैसले के हर एक पहलू पर गौर करते हुए लोगों के बयान दर्ज करने के साथ-साथ अपनी जांच के रुख को तय किया है।

# करीब सात लाख रुपये की धोखाधड़ी का लगाया आरोप

हरदोई

**अमृत विचार।** रिश्तेदार को साथ ले कर बैंक से भुगतान लेने पहुंची महिला के हाथ से चेक छीन कर उसके खाते से जबरिया भुगतान ले लिया गया। उस महिला ने बैंक मैनेजर की शह पर छह लाख 87 की धोखाधड़ी होना बताते हुए अपने खाते से हुए भुगतान को होल्ड किए जाने की मांग की है।

कोतवाली शहर के मोहल्ला चौहान थोक की मीरा देवी पत्नी मोतीराम का कहना है कि पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा रेलवेगंज में उसका बचत खाता है। पोतियों की एफडी कराने के लिए वह अपने रिश्तेदार हरीशचन्द्र के साथ 7 मार्च को बैंक से ढाई लाख रुपये का भुगतान लेने पहुंची। बताया कि वह जैसे ही बैंक पहुंची, उसी बीच कुछ लोगों ने उसके हाथ से चेक छीन ली और उससे जबरन हस्ताक्षर कराकर खाते से छह लाख 85 हज़ार रुपये की निकाल लिए। कहा कि घटना बैंक मैनेजर की शह पर हुई।

### सड़क पर पड़ा मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक सोमवार की शाम को बाइक से कहीं गया, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। मंगलवार की सुबह सड़क के किनारे उसका शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। माधौगंज थाने के कुरसठ बुजुर्ग देहात के रुद्रपुरवा निवासी राजू के दो बड़े और एक छोटा भाई है। राजू सोमवार की शाम को कहीं चला गया और देर शाम तक वापस नहीं लौटा। मंगलवार की सुबह कुरसठ-पहुंतेरा रोड के किनारे स्कूल के बगल में राजू का शव पड़ा मिला।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली की एक कालोनी निवासी युवती ने पड़ोस के युवक पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली एक कालोनी निवासी युवती ने बताया मोहल्ले का ही युवक बीते चार वर्ष से उससे शारीरिक संबंध बना रहा है, और शादी का वादा कर रहा था। सोमवार को सुबह चार बजे युवक ने उसे फोन कर घर के बाहर मिलने के बुलाया।उसके फोन के बाद वह उससे मिलने घर के बाहर गई। मकान के बाहर ही वह उससे मिली। युवक ने उसके साथ उस समय संबंध बनाए। जब उसने शादी के लिए उससे निवेदन किया तो युवक ने उसके साथ मारपीट की।और शादी न करने की धमकी देते हुए भगा दिया।उसके बाद उसने घटना से अपने परिजनों को अवगत करवाया। परिजनों ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू की है। खबर लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।




रैली निकालते विद्यार्थी।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से निकाली गई रैली

**हरदोई, अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मंगलवार को गांधी भवन से शहीद पार्क तक वॉकाथान (रैली) का आयोजन किया। सीडीओ सौम्या गुरूरानी ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। स्लोगन के द्वारा भोजन की बर्बादी को रोकने का नारा दिया गया। वॉकाथान (रैली) में उप कृषि निदेशक नन्द किशोर, सहायक आयुक्त खाद्य, सतीश कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिरुद्ध सिंह गंगवार भी शामिल हुए।

कार्यक्रम | सीएसएन महाविद्यालय में युवा महोत्सव का सातवां दिन

# भाषण प्रतियोगिता में शिवानी अव्वल

हरदोई

**अमृत विचार।** सीएसएन महाविद्यालय में युवा महोत्सव के 7वें दिन मंगलवार को भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का योगदान विषयक जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में कुल 25 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान जीडीसी की शिवानी मिश्रा, द्वितीय स्थान सीएसएन की निशा राठौर व तृतीय स्थान सीएसएन के सुधांशु गोस्वामी को प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रिया सिंह व समन फातिमा को चुना गया।

द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया: युवाओं की प्रगति में बाधक या साधक विषयक वाद- विवाद प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रथम स्थान सीएसएन की निशा राठौर, द्वितीय स्थान जीडीसी की शिवानी मिश्रा और तृतीय स्थान ज्ञानदीप महाविद्यालय के अनुभव मिश्रा को प्राप्त हुआ। सान्त्वना पुरस्कार के लिए आराधना सिंह व दिव्यांशी सिंह चयनित की गईं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ दीपक कुमार राय ने किया। निर्णायक की भूमिका में प्रोफेसर साधना शुक्ला, डॉ सरिता वर्मा, डॉ शैवाल कनौजिया व डॉ वीरपाल रहे। विजयी प्रतिभागियों को 15 मार्च को युवा महोत्सव के समापन अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

वहीं ट्रैक इवेंट में 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में अंजलि दीक्षित ने प्रथम और बालक वर्ग में आशुतोष पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में मुस्कान प्रथम रही और बालक वर्ग में आकाश पाल प्रथम रहे।




भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा। अमृत विचार

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### प्रभारी निरीक्षक ने लोक निर्माण विभाग को लिखा पत्र

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि बस अड्डा चौराहा कस्बा संडीला में कासिमपुर/औरास की ओर निर्मित सड़क मार्ग के दोनों किनारों पर गड्ढे हो गये हैं, जिसके कारण जन सामान्य द्वारा वाहनों को सड़क से नीचे उतार कर खड़ा करना सम्भव नहीं हो पा रहा है। सड़क पर वाहन खड़े होने के कारण जाम लगा रहता है। इसलिए सड़क किनारे फुटपाथ / मिट्टी का भराव जनहित में कराया जाना आवश्यक है।

### दो लोगों ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** युवक ने घर में रखा जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे मेडिकल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं कपड़े की फेरी करने वाले युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली शहर के मोहल्ला सराय थोक पश्चिमी निवासी महावीर प्रसाद (38) फेरी लगाकर कपड़े बेंचता था। उसके परिवार में पत्नी मंजू के अलावा एक बेटा और एक बेटी है। तीन दिन पहले उसकी पत्नी दोनों बच्चों को ले कर अपने मायके चली गई थी। सोमवार की रात में महावीर ने फांसी लगा ली। वहीं दूसरी तरफ बघौली थाने के थोक माधव का 18 वर्षीय ललित खेती-बाड़ी करता था। सोमवार को उसने किसी घरेलू बात से खफा हो कर विषाक्त का सेवन कर लिया।

### लापता को ढूंढ रही थी पुलिस, जेल में मिला

**हरदोई, अमृत विचार।** लोनार कोतवाली छेत्र से लापता हुए दो युवकों का पुलिस ने पता लगा लिया है। एक युवक जेल में बन्द मिला तो दूसरा दिल्ली से बरामद हुआ है। लोनार कोतवाली क्षेत्र के गांव जगदीशपुर में मैनपुरी जनपद निवासी विश्वनाथ बाइक से कपड़ा बेचने आया था जो 20 फरवरी को गायब हो गया था, इसके संबंध में थाना लोनार पर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। जांच पड़ताल में पता चला कि गुमशुदा विश्वनाथ के विरुद्ध थाना बिछुआ जनपद मैनपुरी में मुकदमा दर्ज था, जिसको मैनपुरी की पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। दूसरा मामला भी जगदीशपुर का है नीरज कुमार निवासी गांधी थाना सांडी की जगदीशपुर में कपड़े की दुकान है बह भी अचानक से 18 फरवरी को गायब हो गया। जांच पड़ताल हुई तो पता चला कि गुमशुदा नीरज कुमार अपने परिवार वालों से नाराज होकर दिल्ली चला गया था, पुलिस इसको भी समझा वापस लाई।

# सीताराम का उद्घोष करते हुए हरैंया पहुंचा रामादल

## पौराणिक चौरासी कोसीय परिक्रमा मेला में अव्यवस्थाएं भी रहीं हावी, श्रद्धालुओं ने डेरा डाला

प्रदीप वैश्य, कोथावां, हरदोई

**अमृत विचार।** पौराणिक चौरासी कोसीय परिक्रमा मेला का मंगलवार की भोर सीताराम नाम के जयघोष के साथ जिले में प्रवेश हुआ, परिक्रमा मेला में देश-विदेश से आए श्रद्धालु परिक्रमा पड़ाव पर पहुंच कर अपना अपना डेरा लगाने में जुट गए। परिक्रमा मेला की अगुआई मेला अध्यक्ष महंत नन्हकू दास जी महाराज के द्वारा की जा रही है। परिक्रमा पड़ाव स्थल पर ही साधु-संतों के लिए भण्डारे का भी आयोजन किया जा रहा है। परिक्रमा मेला के जिले के अंदर प्रवेश करते ही पुलिस व प्रशासन हाई अलर्ट हो गया, बावजूद इसके मेला परिसर में कई अव्यवस्थाएं हावी रही।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी सण्डीला शिल्पा कुमारी, एसडीएम संडीला तान्या सिंह, नगर पंचायत बेनीगंज ई.ओ विजेता गुप्ता, खंड विकास अधिकारी कोथावां महेशचंद्र, कोतवाली प्रभारी अतरौली, ग्राम प्रधान पुत्र प्रतिनिधि वीरेंद्र मोर्य, लेखपाल मनोज कुमार, मिलन तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।



परिक्रमा पड़ाव स्थल हरैंया में विश्राम करते मेला अध्यक्ष नन्हक्कू दास। अमृत विचार

### सीतापुर-हरदोई बार्डर पर जिले के आलाधिकारियों ने किया संतों का स्वागत

परिक्रमा मेला के जिले मे प्रवेश करते ही सीतापुर-हरदोई बार्डर गोमती नदी के पुल पर जिले के आलाधिकारियों उपजिलाधिकारी सण्डीला तान्या सिंह, क्षेत्राधिकारी सण्डीला शिल्पा कुमारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बेनीगंज विजेता गुप्ता आदि ने साधु संतों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया, और उन्हें आश्वस्त करते हुए बताया कि मेला मे उन्हें किसी भी प्रकार परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### चोरों ने कपड़े, पर्स, बैग किए गायब

मंगलवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में चौरासी कोसीय परिक्रमा मेला हरैंया पड़ाव स्थल पहुंचने पर श्रद्धालु जब स्नान ध्यान व पूजन दर्शन करने में व्यस्त थे, तभी चोरों के गिरोह ने उनके कपड़े व पर्स, बैग आदि सामान गायब कर दिया। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

### वाहन रहे आकर्षण का केन्द्र

पौराणिक चौरासी कोसीय परिक्रमा में श्रद्धालु पैदल चलने के साथ साथ नानाप्रकार के वाहनों पर विराजमान दिखाई दिए, कोई घोड़ा तो कोई गाड़ी, पालकी, साइकिल आदि पर विराजमान दिखाई दिए, जिनमें से घोड़ा की सवारी करते बुजुर्ग संत ने सभी का मन मोहा और आकर्षक का केन्द्र रहे।



घोड़ा की सवारी करते बुजुर्ग महंत। अमृत विचार



# बरात से घर लौट रहे दूल्हे के भाई की सड़क हादसे में मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** भाई की बरात से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे भाई को तेज़ रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। पीछे से आए बरातियों ने उसका शव सड़क पर पड़ा देखा। पुलिस ने हादसे की जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

माधौगंज थाने के पपटापुर मजरा सिराईचमऊ निवासी रामबहादुर के पुत्र विनोद कुमार की बारात मल्लावां कोतवाली के गौसापुर निवासी रामकुमार के घर गई हुई थी। शादी की रस्में होने के बाद दूल्हे का 35 वर्षीय बड़ा भाई अवधेश बाइक से घर लौट रहा था। बताते है कि उसी बीच माधौगंज थाने के सेलापुर रेलवे क्रासिंग के पास एक तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिससे अवधेश की वहीं पर मौत हो गई। उधर बारात में शामिल गांव निवासी प्रदीप भी पीछे से लौट रहा था,उसने सड़क किनारे प्रदीप का शव पड़ा देखा। उसने हादसे के बारे में बताया। इसका पता चलते ही वहां कोहराम मच गया। शादी की सारी खुशियां मातम में बदल गई। उसके रोते-बिलखते घर वाले पहुंच गए। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। अवधेश अपनें पांच भाइयों मे बड़ा था और राज गिरी का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी छोटी बिटिया के अलावा बेटे अवनीश व आरुष और एक बेटी सिया देवी है। घटना को लेकर परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। पुलिस जांच कर रही है।

# हरदोई स्टेशन पर होगा सुविधाओं का विस्तार

हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल जुड़े और हरदोई के लोगों को केंद्र सरकार से जुड़ी उपलब्धियां के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने दिन पर दिन बढ़ रहे रेल के इंफ्रास्ट्रक्चर रेल के विकास को लेकर भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 9:15 पर वर्चुअल हरदोई रेलवे स्टेशन पर जुड़े और 85 करोड़ रुपए की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। हरदोई रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री ने एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टॉल का वर्चुअल उद्घाटन किया। कहा कि 2014 के बाद देश में विकास का पहिया काफी तेज घूमा है।

प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे सांसद जयप्रकाश रावत जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अजीत सिंह बब्बन ने वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का लोकार्पण किया। सांसद जयप्रकाश द्वारा हरदोई बालामऊ संडीला रोज समेत चार अन्य रेलवे स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के काउंटर का लोकार्पण किया।



वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद भाजपा सांसद व भाजपा जिलाध्यक्ष।

### जल्द प्राथमिकता से कराएंगे ट्रेनों का ठहराव

ट्रेनों के ठहराव को लेकर सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा कि इस बार सांसद बनने पर उनके प्राथमिकता यही रहेगी की हरदोई रेल यात्रियों की प्राथमिकता को देखते हुए किन-किन स्टेशनों पर किन-किन ट्रेनों का ठहराव स्थापित किया जाए उसको लेकर रेल मंत्री से मांग भी करेंगे और मुलाकात भी करेंगे। उम्मीद है कि जल्द ही हरदोई रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की मांग के अनुरूप ट्रेनों का ठहराव शुरू हो जाएगा। हरदोई के रेल यात्री काफी लंबे समय से डबल डेकर मोतिहारी पोरबंदर सुल्तानपुर अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस बेगमपुरा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग हरदोई में कर रहे हैं।

### 75 दिनों में किया 11 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

2024 की बात की जाए तो 2024 को शुरू हुए अभी 75 दिन हुए हैं और इन 75 दिनों में 11 लाख करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो चुका है। आज जो शिलान्यास हुआ है वह देशवासियों के उज्जवल भविष्य की कामना लेकर आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। इसी के साथ कई अन्य वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन और विस्तार को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवा साथियों से कहना चाहता हूं मंगलवार को जो लोकार्पण हुआ है वह आपके वर्तमान के लिए है और शिलान्यास हुआ है वह आपके उज्जवल भविष्य के गारंटी लेकर आया है। प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान हरदोई से सांसद जयप्रकाश रावत, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, भारतीय जनता पार्टी के नेता पारुल दीक्षित, पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी, मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद के एओएम अर्चित निगम मौजूद रहे।

### स्टेशन के भवन निर्माण में देरी पर उठाया सवाल

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी के ज़िलाध्यक्ष और हरदोई रेलवे से डीआरयूसीसी सदस्य अजीत सिंह बब्बन ने मण्डल रेल अधिकारी अर्चित निगम से स्टेशन के भवन निर्माण में हो रही देरी का कारण पूछा, जिस पर रेल अधिकारी ने बताया कि तीन वर्षों में स्टेशन के भवन का कार्य पूरा करा लिया जाएगा।

# उद्योग बंधु की समस्याओं का प्राथमिकता से हो निस्तारण

हरदोई

**अमृत विचार।** इंवेस्ट यूपी कार्यालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को जिले के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी ने देखा। डीएम ने उद्योग बंधुओं को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिया।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बड़ी संख्या में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा। सजीव प्रसारण के उपरांत जिलाधिकारी ने जनपद के उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि उद्योगों की समस्याओं का प्रथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाये। उद्योगों हेतु भूमि उपलब्ध कराने में पूरा सहयोग किया जाये। उद्योग प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखी जिनके निस्तारण के निर्देश उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। औद्योगिक इकाईयों को जोड़ने वाली सड़कों की मरम्मत का कार्य प्रथमिकता के आधार पर कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, उपायुक्त उद्योग केन्द्र दुर्गेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### विभाग समन्वय बनाकर करें कार्य : सीडीओ

**हरदोई, अमृत विचार।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में स्वीप गतिविधियों से सम्बंधित बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी सम्बंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन कराया जाये। पिछले चुनाव में कम मतदान वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाये। क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की फोटो ग्रुप में साझा की जाएं। वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम पत्रों में ऊपर उल्लिखित की जाये। गेहूं क्रय केन्द्रो पर भी स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाये। गैस सिलेंडरों पर मतदाता जागरूकता के स्टिकर लगवाए जाएं। सहकारी समितियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि बैकों की शाखाओं में निर्वाचन आयोग की ओर जारी क्यूआर कोड लगवाए जाएं। बैंक ग्राहकों को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें। आयुष्मान आरोग्य मदिरों में सम्बंधित विभाग द्वारा स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जाएं। बूथ अवेयरनेस ग्रुप को अंतर्विभागीय समन्वय से निरंतर सक्रिय रखा जाये। उन्होंने उद्योग विभाग को निर्देश दिया कि उद्योग बन्धुओं के साथ जागरूकता रैली निकाली जाये। रैली वाहनों पर प्रचार गीत बजाया जाये। औद्योगिक इकइयों में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाये। डीसी एनआरएलएम को स्वयं सहायता समूहों की जागरूकता गोष्ठियां आयोजित की जाएं।

### चाइनीज माझा बेचने वालों की खैर नहीं

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** प्रतिबंधित चाइनीज माझे को लेकर क्षेत्राधिकारी शाहाबाद पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। मंगलवार को कोतवाली में पतंग विक्रेताओं को बुलाकर चाइनीज माझा बेचने पर दंडित करने की चेतावनी दी। मंगलवार को शाम 5:00 बजे क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा ने नगर के समस्त पतंग विक्रेताओं को बुलाकर बैठक की और उन्हें स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई यदि प्रतिबंधित चाइनीज माझा बिक्री किया गया तो पतंग विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने बताया चाइनीज माझा काफी खतरनाक किस्म का माझा है जिससे सैकड़ो लोग घायल हो चुके हैं।

### भाजपा ने शुरू की गांव परिक्रमा यात्रा

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने अपने पक्ष में किसानों को लामबंद करने के लिए किसान मोर्चा को जिम्मा सौंपा है। इसके लिए किसान मोर्चा ने गांव परिक्रमा यात्रा शुरू की है जिसमें कार्यकर्ता गांवों में पहुंचकर किसानों को सरकारी कामों की जानकारी दें रहे हैं। इसी कड़ी में पिहानी ब्लाक की ग्राम पंचायत करीमनगर के मजरा गदनहिया में भाजपा किसान मोर्चा के सदस्य राजू सरदार के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया।

### किसानों के लिए चल रहीं तमाम योजनाएं

**हरदोई, अमृत विचार।** सांसद जयप्रकाश साण्डी विधानसभा के ब्लाक सुरसा के ग्राम खजुरहरा में किसान ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने किसानों को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसान कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सरकार अन्नदाता के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अन्नदाता के आशीर्वाद से अबकी बार चार सौ पर का संकल्प हकीकत बनेगा।

### हाईवे पर शव रख कर किया प्रदर्शन

**बिलग्राम, हरदोई।** डंपर की टक्कर से ज़ख्मी हुए साइकिल सवार की दूसरे दिन मौत हो गई। उसके बाद शव को हाई-वे पर रख कर वहां हंगामा हुआ। तहसीलदार और सीओ बिलग्राम ने जायज़ मांगों को पूरा कराने का भरोसा देकर जाम खुलवाया। बता दें कि रविवार को बिलग्राम कोतवाली के सदरपुर निवासी छुन्ना (35) साइकिल से जा रहा था, उसी बीच बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर उसे डंपर ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई।

### महिला ने बदला बयान, पुलिस को राहत

**हरदोई, अमृत विचार।** विवाह कार्यक्रम में छिनैती के मामले में हिरासत में लिए गए किशोर के साथ कुकर्म किए जाने का आरोप लगाने वाली मां पलट गई है। महिला ने कोतवाली देहात परिसर में तथाकथित क्राइम ब्रांच की टीम के सामने वहीं अपने बेटे के साथ कुकर्म करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। इस मामले में काफी उतार-चढ़ाव के बाद केस दर्ज कर मामले की जांच चल रही है, इस बी मंगलवार को महिला अपने बयान से पलट गई। अब वह इस बारे में कुछ भी नहीं बोलना चाहती है।

## सार-संक्षेप

### निजी कंपनी के मैनेजर ने कर्मचारी पर किया फॉयर

**हरदोई, अमृत विचार।** निजी कंपनी के मैनेजर और टेक्निशियन के बीच छिड़ी रार इतनी बढ़ गई कि मैनेजर ने टॉयलेट गए टेक्नीशियन के ऊपर फायर झोंक दिया। वहां लगे सीसीटीवी कैमरें में हमलावर को असलहा लिए हुए भागते देखा गया है। सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि केस दर्ज कर जांच और सीसीटीवी कैमरें के फुटेज की पड़ताल की जा रही है। कोतवाली शहर के रद्धेपुरवा निवासी इन्द्रजीत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह साण्डी रोड बावन चुंगी पर एक ऑटो मोबाइल्स कंपनी में टेक्नीशियन है। उसका आरोप है कि वहीं उमेश यादव कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात हैं। दोनों आपसी बात पर कहासुनी हो गई थीएउसका आरोप है कि वह टॉयलेट में थाएउसी बीच उमेश यादव निवासी ऊंचा थोक ने उसके ऊपर पीछे से फायर कर दिया। जिसमें वह बाल-बाल बच गया। वारदात वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। फुटेज में एक शख्स असलहा लहराते हुए भागते दिखाई पड़ रहा है। इस मामले में सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि तहरीर के मुताबिक केस दर्ज किया गया है। सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

### दरोगा की पिस्टल ढूंढ़ने के लिए 2 टीमें गठित

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस क्लब से दरोगा की पिस्टल चोरी मामले में एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने दो टीमों का गठन किया है। इन दोनों टीमों को पिस्टल बरामद करके घटना का खुलासा करने की जिम्मेदारी दी गयी है। सीओ अपराध सुनील कुमार शर्मा और सीओ सिटी अंकित मिश्रा, शहर कोतवाल संजय पांडेय, एसओजी प्रभारी ब्रजेश मिश्रा, सर्विलांस प्रभारी आसीष सिंह, एसएसआई अनिल सिंह, एसआई प्रिंस कुमार, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार तिवारी, हेडकांस्टेबल सचिन गुप्ता का टीम में गठन किया गया है। दोनो टीमें काम कर रही है जल्द ही घटना खुलासा करने का दावा किया जा रहा है। घटना चार दिन पहले की है यूपी-112 की पीआरवी 2714 पर एसआई जोगेंद्र सिंह कमांडर के पद पर तैनात हैं। उन्हें सरकारी पिस्टल 9 एमएम नंबर-1869 2773 स्वीकृत है। वह चार और पांच मार्च तक छुट्टी (सीएल) लेकर अपने घर आ गया हुआ था। जबकि उसने अपनी सरकारी पिस्टल पुलिस क्लब में अपने कमरें में रखे बक्से के अंदर रख कर उसमें ताला लगा दिया था। 8 मार्च को जब जोगेंद्र सिंह छुट्टी से वापस पुलिस क्लब लौटा, तो उसे अपने बक्से के दोनों कुंडा टूटे हुए दिखाई दिए। बक्सा खोल कर देखा तो बक्से में रखी उसकी पिस्टल नहीं थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब कोई पता नहीं चला, तो एसआई ने पुलिस को सूचना दी। शहर कोतवाली में पिस्टल चोरी का मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने लापरवाही वरतने के आरोप में दरोगा जोगेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया है। पिस्टल ढूंढने के लिए टीमें काम कर रही है।

### स्कूल में ईंट ढोते हुए छात्र-छात्राओं का वीडियो वायरल



स्कूल में ईंटें ढोते बच्चे। अमृत विचार

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** एक और जहां पूरे उत्तर प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान समेत तमाम बच्चों को शिक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाते रहते हैं। समय-समय पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बच्चों को शिक्षा देने को लेकर बात करते रहते हैं वही देश के प्रधानमंत्री भी शिक्षा को लेकर काफी कार्य कर रहे हैं, लेकिन इन सब के बीच हरदोई के संडीला में शिक्षा का जमकर मखौल उड़ाया जा रहा है। हरदोई में सोशल मीडिया पर प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों से भारी भरकम ईट उठवाते एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में स्कूल के प्रधानाचार्य वीडियो बना रहे हैं युवक को डराते धमकाते भी सुनाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो में साफ देख सकता है कि किस तरह से बच्चे बोरी में ईट पत्थर रखकर ले जाते हुए नजर आ रहे संडीला विकासखंड के ग्राम पंचायत माँझगांव के कोईलीखेड़ा गांव में बने प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है।वायरल वीडियो में प्रधानाचार्य की मौजूदगी में बच्चों से मजदूरी कराए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में छोटे-छोटे बच्चे बोरे ईंट भरकर ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में शिक्षक भी स्कूल में टहलते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो बनाने वाले को स्कूल के प्रधानाचार्य दबंगई दिखाते नज़र आ रहे हैं ।फिलहाल सोशल मीडिया पर वीडियो अब जमकर वायरल हो रहा है वहीं इस वीडियो के संदर्भ में खंड शिक्षाधिकारी दीपेश कुमार ने बताया की मंगलवार को नवीन तैनाती हुई है वीडिओ की जानकारी नहीं है जानकारी मिलने पर कार्यवाही की जाएगी ।

### सरकारी भूमि पर हो रहा निर्माण रोकवाया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के मोहल्ला नौसारा जोगीपुर में सामने आया है। यहां पर नगर पालिका परिषद की सरकारी जमीन को एक व्यक्ति ने दूसरे के हाथ पैसा लेकर बिक्री कर दिया। निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने के बाद शिकायत पर पहुंची राजस्व टीम ने निर्माण कार्य रूकवा दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नौसारा जोगीपुर निवासी रामकुमार मिस्त्री ने बजरिया मोहल्ले के रहने वाले एक व्यक्ति से तीन लाख रुपए की जमीन खरीदी थी। जिसकी क्रेता रामकुमार ने कोई लिखा-पढ़ी या बैनामा नहीं कराया। रामकुमार ने तीन दिन में तमाम मजदूर व राजमिस्त्री लगाकर निर्माण कार्य प्रारंभ किया। लेकिन अवैध निर्माण की शिकायत पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया है।

आयोजन — नुमाइश मैदान में होने वाले तीन दिवसीय दंगल के पहले दिन मुकाबला देखने को पहुंचे सैकड़ों लोग

# कई राज्यों से आए पहलवानों ने अखाड़े में दिखाए दांवपेच

हरदोई

**अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में होने वाले तीन दिवसीय दंगल के पहले दिन पहलवानों ने अपने दांव पेच दिखाए। नुमाइश मैदान में होने वाले वार्षिक दंगल को देखने के लिए जिले से ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों से भी लोग आते हैं। इस दंगल में अंतर्राजीय पहलवान एक दूसरे को पटकनी देते दिखाई दिए।

नुमाइश मैदान में मंगलवार को पहली कुश्ती जलापुर के रामजी व मान पारा के शिव सिंह के बीच हुई। दोनों के बीच काफी देर जोर आजमाइश चलती रहीं, लेकिन रामजी ने शिव सिंह को पटकनी देकर कुश्ती जीत ली। मेरठ के श्याम सुंदर व मथुरा के वीर बहादुर के बीच काफी देर दांव पेच होते रहे। आखिर में वीर बहादुर को हार का सामना करना पड़ा। मुरादाबाद के जुबैर ने बरेली के सतीश को पटकनी दीं। वहीं मुजफ्फर नगर के प्रवेश व हस्तिनापुर के बबलू के बीच बराबरी का मुकाबला छूटा। हरियाणा के अंकित व चंदौसी के रिजवान के बीच हुए मुकाबले में रिजवान ने बाजी मार ली, वहीं मुजफ्फर नगर के जावेद ने रामपुर के मुराद अली को पटकनी दी। दिल्ली के पहलवान बिच्छू व रुस्तम खड्डुकी के बीच काफी देर दांव पेच चलते रहे। आखिर में बिच्छू ने कुश्ती जीत ली। दिल्ली के रागी व राजस्थान के राजू के बीच मामला बराबरी का रहा, वहीं राजस्थान के शैतान सिंह व मुरादाबाद के खलिक की कुश्ती भी बराबर पर छूटी। दिल्ली के बिच्छू व रामपुर के मुराद अली बराबरी पर रहे। मध्य प्रदेश के गोल्टा व बांगरमऊ के भूपेंद्र के बीच मुकाबला बराबरी का रहा। कन्नौज के बंटी व दिल्ली के राकी के बीच जबर्दस्त मुकाबले में राकी ने जीत हासिल की। मेरठ के घमंडी व कानपुर के ओमवीर के बीच काफी देर तक दांव पेच की आजमाइश होती रही। आखिर में घमंडी की जीत हुई। मेरठ के श्याम सुंदर व दिल्ली के बिच्छू के बीच मुकाबला बराबरी का रहा, वहीं मुरादाबाद के खलिक व कानपुर के ओमवीर की कुश्ती भी बराबर पर छूटी। कुश्ती का रोमांच घंटों चलता रहा। कुश्ती के शौकीन दिल थाम कर दांवपेचों की आजमाइश देखते रहे। तीन दिन तक चलने वाले इस दंगल में दूरदराज के पहलवानों के अलावा दंगल के शौकीन दर्शक भी पहुंचते हैं।



कुश्ती में जोर-आजमाइश करते पहलवान। अमृत विचार



**दूसरा रोजा**

**शिया**
सहरी : 4 :48 बजे
इफ्तार : 6 :27 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4 :54 बजे
इफ्तार : 6 :16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**झरेखापुर।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के धरनाग निवासी कृष्णा (15) पुत्र दाताराम क्षेत्र के कपूरपुर गांव मे एक मांगलिक कार्यक्रम मे डीजे बजाने गया था। देर रात पिकअप की छत पर बैठे होने से हाइटेंशन लाइन के तारों की चपेट मे आने से बुरी तरह झुलस गया। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर गये। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने बताया कि शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### मनरेगा श्रमिकों के बजाय जेसीबी से खोदवा दिया तालाब

**सांडा।** सकरन ब्लाक मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मानपुर सिकरी में अस्थाई गौशाला के निकट स्थित तालाब में मनरेगा मजदूरों को काम देने के लिए मनरेगा से पास तो कराया गया है, लेकिन तालाब को मजदूरों के बजाय जेसीबी से खुदवा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा चल रहा है। जहां गांव के गरीब मजदूर काम की तलाश में अन्यत्र पलायन करने को विवश हैं, वहीं प्रधान और सरकारी कर्मचारी मिलकर मनरेगा में मशीनों का उपयोग कर फर्जी भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबांट करने में लगे हुए हैं। मनरेगा कार्यों में मशीनों से काम कराए जाने को लेकर खंड विकास अधिकारी सकरन धर्मेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव को मौके पर भेजकर जांच कराई जा रही है। दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### कंपोजिट विद्यालय में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**खैराबाद/सीतापुर, अमृत विचार।** कंपोजिट विद्यालय नेवादा देवमन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद की आरबीएस के टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित डॉक्टर शिवानी टंडन ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वस्थ रहने के लिए बहुत आवश्यक है। यदि हम साफ रहेंगे तो बीमारी भी दूर भागेगी। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान डॉक्टर टंडन ने कहा कि आयरन गोली नियमित समय से खाएं स्वच्छता पर जोर दिया जाए। इस दौरान डॉक्टर विजय सिंह ने कहा कि इस समय मौसम परिवर्तन हो रहा है। इसमें बहुत ध्यान रखने की जरूरत है। बाहर से आने पर गर्मी लगने लगे तो पंखा बिल्कुल न चलाएं, अपने आस पास सफाई रखें। उपस्थित ऑप्टीसियन रिचा गुप्ता ने बच्चों का बड़ी बारीकी से परीक्षण किया और आंखों की जांच भी की। जिसमें चार बच्चों को सीएचसी बुलाया गया। इस अवसर पर कुल 59 बच्चों का परीक्षण किया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापक काजिम हुसैन ने स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया। विद्यालय स्टाफ में शशी शुक्ला, आरफा खातून, हुदा अमरीन, अवधेश कुमार गौतम, रसोइया वैजन्ती मिश्रा, सुमन मिश्रा, सतीश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों के चलते छप्पर में लगी आग, दो मवेशी झुलसे

▸▸ **घरेलू सामान सहित अन्य उपकरण जले, ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू**

**लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में अज्ञात कारणों के चलते छप्पर में आग लगने से घरेलू सामान जलकर राख हो गया। भीषण आग को गृहस्वामी ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस भीषण आग से दो मवेशी भी झुलसने से गंभीर है। आग से हुए नुकसान का आंकलन कर राजस्व टीम ने मुआवजा दिलाये जाने का आश्वाशन दिया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर क्षेत्र के ग्राम सोंसरी में अज्ञात कारणों के चलते परागी लाल पुत्र दनकू के छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से परागी लाल के भाई लालजी का भी छप्पर जलकर राख हो गया। अग्निकांड में दो बकरी एक पड़वा बुरी तरह से झुलसा और कपड़ा बर्तन सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गये। पीड़ित ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय लेखपाल को दी। क्षेत्रीय लेखपाल गौरव मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर पीड़ितों को मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# पोस्टल बैलेट से बुजुर्ग कर सकेंगे मतदान

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार जनपद के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

बुजुर्ग मतदाता स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म 12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। फार्म 12डी अधिसूचना जारी होने के 05 दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधान सभा बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म 12डी प्राप्त किया जायेगा।

# उद्यमियों की शिकायतों का होगा निस्तारण

▸▸ **कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमियों व निवेशकों से वार्ता के दौरान डीएम ने लिए सुझाव**

**संवाददाता, सीतापुर**




लाइव प्रसारण के दौरान मौजूद डीएम अनुज सिंह, सीडीओ निधि बंसल व मौजूद उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इन्वेस्ट यूपी के नए कार्यालय का उद्घाटन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने इन्वेस्टर्स के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन राजधानी लखनऊ से किया। जिसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में डीएम अनुज सिंह के साथ जनपद के उद्यमियों व निवेशकों द्वारा लाइव प्रसारण को देखा गया।

लाइव प्रसारण के उपरान्त जिलाधिकारी अनुज सिंह ने उपस्थित सभी उद्यमियों व निवेशकों उनकी समस्याओं और सुझाव की जानकारी ली। उद्यमियों से बातचीत के दौरान डीएम ने सभी उद्यमियों व निवेशकों से आग्रह किया कि अगर उनको किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो हम लोगों को अवगत करा दे, ताकि समय से उस समस्या का निस्तारण किया जा सकें। उन्होंने कहा कि आप सभी को उद्योग में जनपद को आगे ले जाना है। जिससे कि जनपद का नाम पूरे देश में रोशन हो सके। इसके लिये हम सब को साथ मिलकर काम करना होगा।

कार्यक्रम के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न कंपनियों से आये हुए निवेशकों को मोमेंटो भी दिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्साधिकारी हरपाल सिंह नगर मजिस्ट्रेट केएन तिवारी सहित डिप्टी कमिश्नर उद्योग आशीष गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबने से दो मजदूरों की मौत

## एक अन्य घायल, सरसों की भूसी भरने जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** महमूदाबाद कोतवाली इलाके में ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खेतों में पलटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। रमजान के पहले दिन हुए हादसे से परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के नूरपुर वार्ड से सरसों की भूसी भरने के लिए जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से दो जिंदगियां काल के गाल में समा गये। बताया जाता है कि क्षेत्र के बहलोल नगर निवासी इकबाल (22) पुत्र नसीम अपने साथी मजदूर इश्तियाक (35) पुत्र मुस्ताक निवासी जाफरपुर टेडवा और हसीब पुत्र महबूब अली निवासी नूरपुर को लेकर ट्रैक्टर चालक मेराज के साथ सरसों की भूसी का उठान करने जा रहे थे। इस दौरान रामदास आर्य के खेत में अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रॉली पर सवार तीनों मजदूर गंभीर घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दबे हुए मजदूरों को बाहर निकालकर इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।



सरसों के खेत में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार

जहां डॉक्टरों ने इकबाल पुत्र नसीम और उसके साथी इश्तियाक पुत्र मुस्ताक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह का कहना है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व सैकड़ों ग्रामीण अमृत विचार

### पहला में अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**पहला।** सदरपुर थाना इलाके में बिसवां महमूदाबाद रोड के उमरहर मोड़ के पास बीती सोमवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

जानकारी अनुसार क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवकलिया के मजरा महिमापुर निवासी मुसरफ अली उम्र लगभग 55 वर्ष अपनी बेटी की ससुराल बलसिंह पुर से अपने घर महिमा पुर आ रहे थे। इस दौरान महिमापुर गांव के सामने वाहन से उतरकर बल सिंह रोड क्रास कर रहे थे। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारी दी। घायल अवस्था ने स्थानीय उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल परिजनों द्वारा शव का पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया गया है।

### महोली में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके में हाइवे पर गुलरहिया गांव के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक कोतवाली क्षेत्र के टिकरा जार निवासी रितेश 21 पुत्र रामनरेश सोमवार को अपने मामा के घर गुलरहिया गया हुआ था। वहां से वापस घर जाते समय हादसा हो गया। मृतक की शादी 15 दिन पूर्व 26 फरवरी को सेमीरा कला गांव से हुई थी। बताते हैं कि जिस मोटरसाइकिल को रितेश चला रहा था वह उसे दहेज में मिली थी। हादसे के बाद से मृतक के परिजन व ससुरालीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार वाहन की तलाश तेज कर दी है।

## सार-संक्षेप

### नागरिकता देने वाला कानून है सीएए



पीस कमेटी में लोगों को जानकारी देतीं एसडीएम आकांक्षा गौतम। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला चिक्की टोला स्थित पुलिस चैकी पर मंगलवार को उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने नागरिकता संशोधन कानून सीएए के देश में लागू होने पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के तहत एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया, जिसमें लोगों से नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील। इस मौके पर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने कहा कि सीएए कानून किसी की नागरिकता लेने वाला नहीं बल्कि नागरिकता देने वाला कानून है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव एवं कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने सभी को सीएए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी से शांत व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस मौके पर प्रमुख रूप से अशरफ बिलाल, डॉ. सद्दन खान, डॉ. बबलू, वसीम बानो, अनिल द्विवेदी, हाजी कमालुद्दीन, अब्दुल मुबीन, सोहेल खान, आफताब अहमद, हसन खान सहित भारी संख्या में गण नागरिक उपस्थित थे।

### चुनाव व त्योहार को लेकर पुलिस ने किया पैदल मार्च

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव, त्योहार एवं सीएए लागू होने के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर मंगलवार अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिस प्रशासन ने फ्लेग मार्च किया। उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा चैकी प्रभारी रामाआसरे चैधरी ने अर्ध सैनिक बल बीएसएफ, पुलिस बल के साथ नगर के शहर बाजार चैराहे से पराग शाह चैराहा, मजासाह चैराहा, गुरखेत बाजार, खतराना चैराहा, सर्राफा बाजार सहित नगर के विभिन्न मार्गों पर पैदल मार्च किया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के अपील की।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए करें आवेदन

**सीतापुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत सत्र 2024-25 के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं मार्गदर्शन के लिए जनपद में नि :शुल्क संचालित की जाने वाली तथा अन्य क्षेत्रीय केन्द्रो पर संचालित होने वाली प्रस्तावित कोचिंग कक्षाओं का लाभ प्राप्त करने, अधिक जानकारी एवं ऑफलाइन पंजीकरण हेतु जनपद सीतापुर के इच्छुक छात्र-छात्राएं 14 मार्च से 10 मई तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी में अपने समस्त शैक्षिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन कर सकते है। उक्त योजना के अन्तर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा का आयोजन मई 2024 माह के अन्तिम सप्ताह अथवा जून 2024 माह के प्रथम सप्ताह में अनुमानित हैं। यूपीएससी/यूपी पीसीएस/सीडीएस के प्रशिक्षण के लिए स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं अथवा स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं पात्र होंगे। जेईई, नीट एवं एनडीए हेतु कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र पात्र होगें।

### श्री रुद्र महायज्ञ के शुरुआत पर निकली शोभायात्रा

**लहरपुर।** नगर के मोहल्ला अंबरसंराय स्थित प्राचीन महावीरन मंदिर पर आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा के शुभारंभ के अवसर पर मंगलवार को एक विशाल शोभा कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर तक निकाली गई। शोभा यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं, बच्चों और श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। शोभा यात्रा में जय श्री राम, बजरंगबली की जय के जयकारों से सारा वातावरण गूंजायमान होकर भक्तिमय हो रहा था। इस मौके पर श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते हुए भगवान के भजनों पर नाचते गाते झूम रहे थे। विशाल शोभा कलश यात्रा के सूर्य कुंड मंदिर पहुंचने पर विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में स्थित पवित्र सरोवर से जल भरकर यज्ञ मंडप को पवित्र कर श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से आयोजक रामसुंदर पांडे, बृजेश त्रिवेदी, यज्ञाचार्य पंडित विपुल कृष्ण शास्त्री, रामे बाजपेई, निर्मल पांडे, गोपीनाथ दीक्षित, प्रेम प्रकाश पांडे, प्रमोद त्रिवेदी, पवन अवस्थी, प्रमोद बाजपेई, कृपा शंकर पांडे सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### 15 तक जमा करना होगा सौ प्रतिशत कर: आयकर आयुक्त



आयकर जागरूकता अभियान के तहत जानकारी देते प्रधान आयुक्त। अमृत विचार

**सीतापुर।** आयकर जागरूकता अभियान के तहत चालू वित्तीय वर्ष में अग्रिम कर (एडवांस टैक्स) जमा करने के संबंध में सीए एसोसिएशन, आयकर बार एसोसिएशन पदाधिकारियों, ट्रेड यूनियन, भारतीय चिकित्सक संघ व आयकर करदाताओं के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधान आयकर आयुक्त, बरेली राधेश्याम ने बताया कि अग्रिम कर की चतुर्थ किस्त के भुगतान के लिए अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। अनुमानित कर 10,000 रूपये या उससे अधिक है तो उसके लिए यह अग्रिम कर के लाभ बताते हुए उन्होंने कहा कि अग्रिम कर के भुगतान से सरकार और इसका भुगतान करने वाले व्यक्ति या संगठन दोनों को लाभ होता है। यह पूरे वर्ष आय का निरंतर प्रवाह प्रदान करता है। व्यक्ति संगठन की दृष्टि से यह एकमुश्त कर भुगतान साल के अंत के बोझ को कम करता है। अग्रिम कर का भुगतान करने से करदाताओं को धन की कमी या आयकर विवरण दाखिल करते समय एकमुश्त कर भुगतान के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। यह कर संग्रह की प्रक्रिया को गति देता है। उन्होंने सभी से राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान हेतु अधिक से अधिक अग्रिम कर जमा करने का आग्रह किया है। आयोजित संगोष्ठी में राजस्व संग्रह बढ़ाने पर चर्चा हुई। आयकर करदाताओ की समस्याओ को सुना एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया स आयकर अधिकारी प्रीत चड्ढा ने भी संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि 100 : तक कर का भुगतान 15 मार्च तक करना होगा, तथा ऐसा नहीं करने पर 12 : तक ब्याज देना होगा। गोष्ठी में प्रीत चड्ढा, आयकर अधिकारी-सीतापुर, सचिन कुमार आयकर अधिकारी (टीडीएस)-सीतापुर शिवदीप सिंह, आयकर निरीक्षक, ज्ञानेश वर्मा, आयकर निरीक्षक, राजीव मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तालाब किनारे मिला युवक का शव

**वारदात**

▸▸ **गर्दन पर मिले धारदार हथियार के निशान**

▸▸ **परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

**सीतापुर, अमृत विचार।** रामपुरकलां थाना इलाके में मंगलवार की दोपहर एक युवक का शव तालाब किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। युवक के गर्दन पर धारदार हथियार से वारकार कर हत्या किये जाने के निशान मिले है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के ग्राम सेमरा निवासी रामकिशोर (33) वर्ष पुत्र सुरेश सोमवार की देर रात शादी समारोह में शामिल होकर घर वापस आया और रात करीब एक बजे पुनः घर से तालाब पर मछलियों को देखने के लिए निकल गया। परिजनों ने बताया कि जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। बताया जाता है कि



युवक की मौत के बाद मृतक के घर के बाहर मौजूद परिजन व ग्रामीण( अमृत विचार

मंगलवार की सुबह राम किशोर का शव गांव से करीब तीन सौ मीटर दूर खेत में पड़ा मिला। मृतक के गले पर धारदार हथियार से वार के निशान मिले हैं। परिजनों की सूचना पर थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र मयफोर्स मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। एडिशनल एसपी दक्षिणी डा. प्रवीण रंजन ने बताया कि मृतक के पिता सुरेश की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का केस दर्जकर मामले की छानबीन की जा रही है। हत्याकांड के खुलासे के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं।

### तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

मृतक के परिजनों ने बताया कि युवक की मौत से पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। युवक की मौत से पत्नी और तीन बच्चों के सिर से साया उठ गया है। बच्चों में दो लड़के जिनकी उम्र करीब 10 वर्ष और 8 उम्र है। इसके साथ ही एक लड़की जिसकी उम्र करीब 5 वर्ष है।

# मोतियाबिंद पीड़ितों का निःशुल्क होगा ऑपरेशन

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** सदरपुर क्षेत्र के एक गांव में अनेकता में एकता क्रांति मंच के बैनर तले एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सीतापुर आंख अस्पताल की टीम ने तीन सैकड़ा से अधिक लोगों की आंखों की जांच की। जिसमें 65 मरीज मोतियाबिंद बीमारी से ग्रसित पाए गए। ऐसे में चिन्हित मरीजों की आंखों का निशुल्क ऑपरेशन बुधवार को सीतापुर आंख अस्पताल में किया जाएगा।

निःशुल्क नेत्र शिविर का उद्घाटन अनेकता में एकता क्रांति मंच की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आरती श्रीवास्तव ने किया। कैंप में नेत्र परीक्षण के लिए आंख अस्पताल सीतापुर की वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। एक-एक कर टीम के सदस्यों ने तीन सैकड़ा से अधिक लोगों का चिकित्सीय परीक्षण किया और दवाएं वितरित की। 65 मरीज ऐसे भी मिले जो मोतियाबिंद जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। जिनका बुधवार को आंख अस्पताल सीतापुर में नेत्र ऑपरेशन किया जाएगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अस्मिता ने जरूरी परामर्श के साथ-साथ उन्हें दवाएं दीं। सीतापुर आंख अस्पताल टीम में डॉ. शहनवाज अहमद, अभिषेक, ज्ञानेश गुप्ता आदि की ओर से मरीजों को जरूरी परामर्श के अलावा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई। निःशुल्क नेत्र शिविर में खुरवल गांव और आसपास के गांवों के मरीजों सहित आंख अस्पताल सीतापुर की टीम व अनेकता में एकता क्रांति मंच संस्था (एनजीओ) के शिवकुमार श्रीवास्तव, ओम श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**धूम्रपान निषेध दिवस** | **मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है विपरीत प्रभाव**

# मातृत्व के सुख से वंचित कर सकती है धूम्रपान की आदत

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार।** धूम्रपान अथवा तंबाकू का किसी दूसरे रूप में सेवन से गर्भवती और उसके गर्भस्थ शिशु दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार जिले में 15 साल की उम्र तक की 13.8 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करती हैं।

सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह बताते हैं कि जो महिलाएं धूम्रपान करती हैं उन्हें गर्भधारण में मुश्किलों का सामना करना होता है। धूम्रपान शरीर में विटामिन सी की मात्रा को काम करता है जो कि



आयरन के अवशोषण में अहम भूमिका निभाता है, इससे गर्भवती में खून की कमी भी हो सकती है। गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान करने से गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क और फेफड़ों के ऊतकों के नष्ट होने की संभावना भी होती है। इसके साथ ही कुछ शोधों से यह निष्कर्ष भी सामने आए हैं कि नवजात को जन्मजात विकृति जैसे कटे होंठ (क्लेफ्ट लिप्स) भी हो सकते हैं तथा गर्भपात होने की संभावना भी होती है। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज भी हो सकती है। साथ ही समय से पहले बच्चे का जन्म, मृत बच्चे का जन्म, जन्मजात विकृति, कम वजन के बच्चे का जन्म, प्रीएक्लेम्पसिया भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 के इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हेल्थ एंड साइंस में प्रकाशित शोध के अनुसार महिला द्वारा किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन उसके और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। तंबाकू और उसके उत्पादों के सेवन से होने वाली मृत्यु और बीमारी को रोकने के लिए गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान नहीं करना चाहिए।

जिला महिला चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ. सुनीता कश्यप बताती हैं कि गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान करने वाली महिला के गर्भवती होने के पहले तीन महीने के भीतर गर्भपात हो सकता है। कई बार गर्भवास्था के 20 सप्ताह के बाद भी गर्भपात हो सकता है। धूम्रपान के दौरान तंबाकू के धुएं में मौजूद हानिकारक केमिकल्स भ्रूण के विकास को रोकने और उसे नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। गर्भावस्था में धूम्रपान करने से मां के शरीर में ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा नहीं पहुंचती है, जिससे शिशु को सांस संबंधी परेशानी हो सकती है, साथ ही उसके मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। गर्भावस्था के दौरान गर्भ में पल रहे भ्रूण को पोषक तत्व और ऑक्सीजन की सप्लाई करने का काम प्लेसेंटा करता है। इस दौरान धूम्रपान से महिलाओं में प्लेसेंटल दिक्कतें हो सकती हैं जिसकी वजह से गंभीर रूप से ब्लीडिंग हो सकती है और इसके कारण मां और बच्चे दोनों की जान को गंभीर खतरा रहता है। साथ ही जन्म के समय बच्चे का वजन कम हो सकता है। बच्चे को दिल की बीमारियों सहित सुनने और आंख से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती हैं।

# जिलास्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम कल

**सीतापुर।** नेहरू युवा केन्द्र की ओर से जिलास्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स, अहमदनगर कसरैला रोड में 14 मार्च को होगा। इसमें 600 से अधिक युवा प्रतिभाग करेंगे। जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने बताया कि जनपद स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम में चार सत्र होंगे। प्रथम सत्र मेरा युवा भारत पोर्टल पर युवाओं का पंजीकरण व पोर्टल के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा का रहेगा। द्वितीय और तृतीय सत्र में नया भारत नई पहल, नारी शक्ति, गरीब कल्याण, खेलकूद, पीएम गति शक्ति, वोकल फॉर लोकल, मोटे अनाज आदि के बारे में वक्ताओं की ओर से परिचर्चा की जाएगी। चौथे सत्र में युवा सशक्तिकरण, भारत को वैश्विक नेता बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका जैसे स्थानीय मुद्दों पर युवा संसद के रूप में युवाओं के बीच संवाद होगा। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों व युवा मंडल सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में युवाओं की सहभागिता कराए जाने के निर्देश दिए।

प्रदोषे दीपक : चन्द्र:,प्रभाते दीपक :रवि :।
त्रैलोक्ये दीपक :धर्म :,सुपुत्र : कुलदीपक : ।।

संध्या काल में चन्द्रमा दीपक है, प्रभात काल में सूर्य दीपक है, तीनों लोकों में धर्म दीपक है और सुपुत्र कूल का दीपक है।

## संपादकीय

# सीएए का विरोध

लंबे इंतजार और तमाम विरोध के बाद सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरे देश में लागू कर दिया गया। वर्ष 2019 में सीएए दोनों सदनों से पास हुआ था जिसके बाद देश में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में कई महीने तक धरना प्रदर्शन चला था। विरोध के पीछे यह तर्क दिया जा रहा था कि यह कानून मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा। इसी तर्क के साथ सीएए के लागू होने के बाद फिर विरोध शुरू होने लगा है। कानून लागू होने के बाद देश की राजनीति गरमा गई है। विपक्षी पार्टियां विरोध में उतर आ आईं हैं। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि वे बंगाल में इस कानून को लागू नहीं करेंगी। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी कानून का विरोध करते हुए इसको राज्य में न लागू करने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में लाभ के लिए तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। इस कानून को लागू करने से भाजपा को आगामी चुनाव में कितना फायदा मिलेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन विपक्षी पार्टियों के विरोध के बाद सवाल उठता है कि संसद द्वारा पारित कानून को लागू न करने की बात कहना कितना सही है। सर्वविदित है कि संसद द्वारा पारित किसी भी कानून को कोई भी राज्य सरकार राज्य में लागू होने से नहीं रोक सकती है। उसके बाद भी यह कहना कि हम राज्य में कानून लागू नहीं होने देगें, जनता को बरगलाने के सिवाय और कुछ नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार इस बात का आश्वासन दिया जाता रहा है कि यह नागरिकता देने वाला कानून है न कि नागरिकता छीनने का कानून।

गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता मिल सकती है। इन देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदायों के व्यक्ति जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था, कानून के तहत नागरिकता मांग सकते हैं। कानून का विरोध करने वालों का यह कहना है कि इस कानून में बाहर से आए मुसलमानों को नागरिकता देने का प्रावधान क्यों नहीं है? जबकि भारत की संस्कृति में 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा रही है। यह बात सही है कि भारतीय संस्कृति समस्त धरती को अपना घर मानती आई है, लेकिन क्या यह सत्य नहीं है कि बांग्लादेश से आए रोहिंग्या मुसलमानों ने अवैध रूप से देश में कब्जा नहीं कर रखा है, जो आए दिन देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न पाए जाते हैं। यही स्थिति पाकिस्तान से आए लोगों की है, जो आए दिन देश की संप्रभुता व शांति को चुनौती देते हैं। देश की पार्टियों और विरोध करने वाले संगठनों को स्वहित में सोचने के बजाय देश हित सोचना चाहिए।

# धर्म: मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना।

अनेक लोग हैं जो कार्ल मार्क्स के धर्म संबंधी विचारों को विकृत रूप में व्याख्यायित करते हैं। वे मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं को गलत देखते हैं फिर सभी मार्क्सवादियों पर हमला आरंभ कर देते हैं। सवाल यह है क्या मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं से धर्म की कोई सही समझ बनती है? क्या दुनिया में मार्क्सवादी धर्म के बारे में एक ही तरह सोचते हैं? कार्ल मार्क्स ने अपनी धर्म संबंधी मान्यताओं का विकास हेगेल की न्याय संबंधी मान्यताओं के मूल्यांकन के क्रम में किया था। मार्क्स ने लिखा, धार्मिक व्यथा, एक साथ वास्तविक व्यथा की अभिव्यक्ति तथा वास्तविक व्यथा का प्रतिवाद दोनों हैं।

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना। मौजूदा हालात के संबंध में भ्रमों का परित्याग करने की मांग उन हालात के परित्याग की मांग करती है जिनके लिए भ्रम जरूरी बन जाते हैं। अतः धर्म की आलोचना भ्रूण रूप में आंसुओं की घाटी, धर्म जिसका प्रभामंडल है, की आलोचना है। यानी धर्म के अंत की शर्त है वास्तविक सुखों की सृष्टि, जब तक वास्तविक सुख पैदा नहीं कर पाते तब तक धर्म रहेगा। आम लोगों के दुख रहेंगे और आंसू भी रहेंगे। मार्क्स ने धर्म को उत्पीड़ित प्राणी की आह के रूप में देखा। धर्म के अंत का अर्थ है मनुष्य के दुखों का अंत। इस अर्थ में धर्म और दुख का गहरा संबंध है।

मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा है, "अधार्मिक आलोचना का आधार है: मनुष्य धर्म की रचना करता है, धर्म मनुष्य की रचना नहीं करता है। धर्म मनुष्य की स्व-चेतनता और स्व-प्रतिष्ठा है, ऐसे मनुष्य की जो अभी तक अपने आपको जान नहीं पाया है या फिर फिर से भटक गया है, लेकिन मनुष्य जिसने इस संसार से बाहर पड़ाव डाल रखा हो, कोई अमूर्त प्राणी नहीं है।

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिक युग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

मनुष्य तो मनुष्य का संसार,राज्य और समाज है। मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा-धर्म, संसार का सामान्य सिद्धांत है, वह इसका सर्वज्ञान गुटका है, इसकी लोकप्रचलित तर्कपद्धति है, इसका आध्यात्मिक कीर्ति शिखर है, इसकी उमंग है, इसकी नैतिक स्वीकृति है, इसका भव्य अभिनंदन है, यह संतोष और औचित्य स्थापना का सार्वभौमिक स्रोत है। यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, यद्यपि इसके मानवीय सारतत्व में सच्ची वास्तविकता निहित नहीं है। अतः धर्म के विरूद्ध संघर्ष का मतलब है, उस संसार के विरूद्ध किया जाने वाला परोक्ष संघर्ष, धर्म जिसकी आध्यात्मिक सुरभि है। यानी धर्म को समग्रता में देखना चाहिए,उसे अंशों में नहीं देखना चाहिए। इसलिए मार्क्स ने धर्म को सर्वज्ञान गुटका कहा है। धर्म मात्र पूजा या ईश्वर नहीं है, बल्कि उसका एक तर्कशास्त्र है, संस्कार है, यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, धर्म के खिलाफ लड़ने का अर्थ है उसके द्वारा रचे संसार के खिलाफ संघर्ष करना।

अनेक धर्म विरोधी लोग अपनी संतई चमकाने के लिए धर्म के अंश विशेष की आलोचना करते हैं, लेकिन धर्मरचित समग्र संसार की आलोचना से कन्नी काटते हैं। इस प्रसंग में प्रेमचंद उल्लेखनीय हैं, उन्होंने लिखा है, इस अनीति भरे संसार में धर्म-अधर्म का विचार गलत है, आत्मघात है और जुआ खेलकर या दूसरों के लोभ और आसक्ति से फायदा उठाकर संपत्ति खड़ी करना उतना ही बुरा या अच्छा है जितना कानूनी दांव-पेंच से। भारत के देवभक्तों को प्रेमचंद के इस कथन पर गौर करना चाहिए। देवता हमेशा रहेंगे और हमेशा रहे हैं। उन्हें अब भी संसार धर्म और नीति पर चलता हुआ नजर आता है। वे अपने जीवन की आहुति देकर संसार से विदा हो जाते हैं,लेकिन उन्हें देवता क्यों कहो? कायर कहो, स्वार्थी कहो, आत्मसेवी कहो। देवता वह है,जो न्याय की रक्षा करे और उसके लिए प्राण दे दे। अगर वह जानकर अनजान बनता है तो धर्म से फिरता है, अगर उसकी आंखों में यह कुव्यवस्था खटकती ही नहीं तो वह अंधा भी है और मूर्ख भी, देवता किसी तरह नहीं और यहां देवता बनने की जरूरत भी नहीं।

देवताओं ने ही भाग्य और ईश्वर और भक्ति की मिथ्याएं फैलाकर इस अनीति को अमर बनाया है। मनुष्य ने अब तक इसका अंत कर दिया होता या समाज का ही अंत कर दिया होता, जो इस दशा में जिंदा रहने से कहीं अच्छा होता। नहीं, मनुष्यों में मनुष्य बनना पड़ेगा। दरिंदों के बीच में उनसे लड़ने के लिए हथियार बांधना पड़ेगा। उनके पंजों का शिकार बनना देवतापन नहीं, जड़ता है। आज जो इतने ताल्लुकेदार और राजे हैं वह अपने पूर्वजों की लूट का ही आनंद तो उठा रहे हैं और क्या उन्होंने वह जायदाद बेचकर पागलपन नहीं किया? पितरों को पिंडा देने के लिए गया जाकर पिंडा देना और यहां आकर हजारों रुपए खर्च करना क्या जरूरी था? और रातों को मित्रों के साथ मुजरे सुनना और नाटक-मंडली खोलकर हजारों रुपए उसमें डुबाना अनिवार्य था? वह अवश्य पागलपन था। उन्हें क्यों अपने बाल-बच्चों की चिंता नहीं हुई? अगर उन्हें मुफ्त की संपत्ति मिली और उन्होंने उड़ाया तो उनके लड़के क्यों न मुफ्त की संपत्ति भोगें? अगर वह जवानी की उमंगों को नहीं रोक सके तो उनके लड़के क्यों तपस्या करें?"

न्याय-अन्याय के सवाल आज भी प्रासंगिक हैं इस पर प्रेमचंद ने लिखा, कहां है न्याय? एक गरीब आदमी किसी खेत से बाली नोचकर खा लेता है, कानून उसे सजा देता है। दूसरा अमीर आदमी दिन-दहाड़े दूसरों को लूटता है और उसे पदवी मिलती है, सम्मान मिलता है। कुछ आदमी तरह-तरह के हथियार बांध कर आते हैं और निरीह, दुर्बल मजदूरों पर आतंक जमाकर अपना गुलाम बना लेते हैं। लगान, टैक्स व महसूल और कितने ही नामों से उसे लूटना शुरू करते हैं और आप लंबा-लंबा वेतन उड़ाते हैं, शिकार खेलते हैं, नाचते हैं, रंग-रेलियां मनाते हैं। यही है ईश्वर का रचा हुआ संसार? यही न्याय है?

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिकयुग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

## प्रसंगवश

# मनुष्य और व्यवहार



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मनुष्य का चिंतन और व्यवहार रहस्यों से भरा हुआ है। मनुष्य महसूस कर सकता है कि वह स्वतंत्र है, किंतु वस्तुतः है नहीं। वह बाह्य जगत से, अपने परिवेश से तो बंधा है ही, स्वयं से भी बंधा है। आंतरिक बंधन जितना महीन उतना ही मजबूत।

मनुष्य को साधारणतः उसका एहसास ही नहीं होता। होश संभालने का मतलब स्वयं का और बाह्य जगत का पार्थक्य-बोध। बाह्य जगत से मनुष्य भले स्वतंत्र हो जाए,स्वयं से स्वतंत्र होना असंभव। असली बंधन वही है। एक उदाहरण। सुसंगतता और लोकप्रियता का द्वंद्व सुसंगत बने रहने के लिए मनुष्य को जेन्यूइन,तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ होना पड़ता है। उसकी प्रतिबद्धता अंदरूनी होती है,वह उसका झंडा नहीं गाड़ता। हर मुद्दे पर परस्पर सुसंगत स्टैंड लेना उचित, तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ हुए बिना असंभव है।

यदि लोक स्वीकृति की भूख लगातार बनी रहे तो कोई सुसंगत नहीं रह सकता। लोक-स्वीकृति समय के प्रवाह के साथ रुख बदलने को बाध्य करती है। सुसंगतता और लोक स्वीकृति में से एक का चयन करना पड़े तो? इस तरह के चयन की सुविधा मनुष्य को उपलब्ध नहीं,क्योंकि वह करेगा वही जो उसकी मानसिक संरचना और अंतर्निहित प्रवृत्ति के अनुरूप होगा। यानी उसकी चेतना की प्रकृति में निहित होगा। स्वयं के संबंध में वह विवश है, जिसे लोक-स्वीकृति चाहिए,उसे सुसंगतता की परवाह नहीं होगी। उसके लिए सुसंगतता वहीं तक जहां तक वह लोक-स्वीकृति के साथ चल सके। जिसे सुसंगतता की परवाह होगी,उसके लिए सुसंगतता अपने आप में साध्य बन जाएगी।

लोक स्वीकृति उसे काटेगी नहीं, किंतु दोनों में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न होने पर उसे कोई द्वंद्व नहीं होगा। कोई चयन या कोई निर्णय नहीं करना पड़ेगा। वह स्वतः सुसंगतता की ओर झुक जाएगा। परस्पर असंगत स्टैंड उसे जीने ही नहीं देगा। बेचारा मनुष्य! न अच्छा बनने लिए स्वतंत्र, न बुरा। बस मुगालता पाल सकता है। मनुष्य स्वयं के बारे में मुगालते में रहने के लिए नियतिबद्ध है और इस नियतिबद्धता से गाफिल भी। रहस्य में रहस्य!

# जार बनने की राह पर पुतिन



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं।

हिलेरी क्लिंटन अपनी किताब "हार्ड च्वॉइसेस" में लिखती हैं: दूसरे विश्व युद्ध के दौरान एक रूसी योद्धा मोर्चे से घर वापस आया। जब वह अपने घर के नजदीक पहुंचा जहां वो रहता था, उसने सड़क पर कई लाशें देखीं जिन्हें कुछ आदमी ट्रकों में लाद रहे थे, जब वो नजदीक पहुंचा, उसने एक औरत की टांगे देखीं जिसने वही जूते पहने थे जिन्हें वो जानता था कि उसकी पत्नी के हैं। वो भागा और अपनी पत्नी की लाश मांगी। कुछ देर बहस के बाद उन लोगों ने उसे वो लाश दे दी और वो सिपाही अपनी पत्नी की लाश अपनी बांहों में उठाए वापस आ गया। थोड़ी पड़ताल करने पर उसे पता लगा कि वो जीवित है। वो उसे घर लाया, उसकी सेवा की और वापस तंदुरुस्त कर दिया।

आठ साल बाद 7 अक्टूबर 1952 को उनके यहां ब्लादिमीर पुतिन का जन्म हुआ। ये कहानी सोशल मीडिया पर खूब लोकप्रिय हुई थी, पर इसके आगे शायद लोगों को ये पता न हो कि पुतिन बस जन्मते नहीं हैं न बनाए जाते हैं वो खुद पुतिन बनना चुनते हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के दादाजी स्परइडॉन इवानोविच दरअसल लेनिन और स्टालिन के पर्सनल शेफ थे। द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी मां के ग्रेनेड हमले में घायल हो जाने के बाद उनके पिता ने उनकी बहुत सेवा की। वह एक फैक्ट्री में काम करते थे और उनकी मां ने कुछ दिनों तक गलियों में झाड़ू लगाने का काम भी किया।

पुतिन उन्हीं गलियों में वे एक स्ट्रीट फाइटर और चालाक बच्चों के रूप में पहचाने जाते थे। तब उनके पिता केजीबी में काम करने लगे थे। बड़े होने पर उन्होंने सोवियत खुफिया सेवाओं में केजीबी अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। 1989 में उन्होंने बर्लिन की दीवार का पतन देखा तब वह पूर्वी जर्मनी में ड्रेसडेन में थे। दो साल के बाद ही सोवियत संघ के पतन के साथ पुतिन व 8 लाख कर्मचारी और अधिकारी पूरी तरह बर्बाद हो गए। लेनिनग्राड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद पुतिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ सोवियत संघ के सदस्य बन गए थे और साथ ही वे खुफिया एजेंसी केजीबी में एक मामूली पद पर नौकरी भी करने लगे थे। वहां वे लेफ्टिनेंट कर्नल तक की रैंक पर पंहुच गए थे।

1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही उन्होंने केजीबी से इस्तीफा दिया और अपना राजनीतिक कैरियर शुरू किया। वह सेंट पीटर्सबर्ग के मेयर ऑफिस में कमेटी ऑफ फॉरेन रिलेशंस के लिए चुने गए और उसके हेड बने इसके बाद 1994 से 1996 के बीच में वह सेंट पीट्सबर्ग में कई सरकारी पदों पर रहे और 1996 में मास्को चले गए जहां वे तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के प्रशासन से जुड़ गए। 1999 में कुछ समय के लिए वह प्रधानमंत्री रहे और फिर बोरिस येल्तसिन के इस्तीफे के बाद वे राष्ट्रपति बने। इसके बाद 2004 से 2008 तक फिर 2012 से लेकर आज तक राष्ट्रपति पद पर बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। इतने लंबे समय तक किसी शक्तिशाली देश में किसी एक व्यक्ति का प्रमुख पद पर बना रहना बेहद आश्चर्यजनक होता है। पुतिन चिंगारी को सुलगने ही नहीं देते हैं वे देश को अंतर्राष्ट्रीय मसलों में उलझाकर रखते हैं ताकि लोगों का ध्यान देश की समस्याओं पर न जाएं, जो भी आवाज उठाने की हिम्मत करता है उसका अंत किसी एक्सीडेंट या किसी और तरीके से आराम से ऐसे समय में किया जाता है जबकि जनता का जोश कम पड़ गया होता है। एक मजबूत नेता के रूप में पुतिन की छवि रूस के लोगों को आकर्षित करती है। इसीलिए इतने सालों से वे सत्ता के शीर्ष पर जमे हुए हैं। वे ताकत दिखाने से कभी गुरेज नहीं करते उनका कहना है कि लड़ाई करनी है तो पहले पंच खुद मारना होगा। वे जनता से जुड़कर उनके दिल में जगह बनाना भी जानते हैं।

पिछले साल अगस्त में वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रेगोझिन की दस लोगों के साथ विमान हादसे में मृत्यु हो गई। जबकि प्रेगोझिन को कभी पुतिन का करीबी और शेफ कहा जाता था। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में भी प्रेगोझिन पुतिन के साथ थे। ज्ञात रहे कि जून 2023 में वेगनर चीफ ने अपनी आर्मी के साथ रूस के शहर रोस्तोव ऑन डॉन पर कब्जा कर लिया था। हालांकि वे चौबीस घंटे में ही विद्रोह समाप्त कर चुके थे, पर पुतिन कभी विद्रोहियों को हल्के में नहीं लेते हैं।

अभी पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं। वे रूस की जनता की सहानुभूति ले चुकी हैं। लोगों को श्रद्धांजलि देने से रोका जा रहा है। इसलिए भी पुतिन की ओर उंगलियां उठनी शुरू हो चुकी हैं।

## सोशल फोरम

# पीड़ित शिक्षक



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे।

विधानसभा में मुख्यमंत्री कहते हैं कि स्कूलों में पढ़ाई नौ से पांच के बदले दस से चार तक चलेगी। एक वीडियो में पाठक जी भी यही दुहराते हैं, लेकिन आजतक इससे संबंधित अधिसूचना जारी नहीं हुई है। शिक्षक पीड़ित हैं और सरकार शिक्षा को फुटबॉल बनाकर खेल रही है। दूर-दराज स्थित स्कूलों को समय पर पकड़ने के लिए शिक्षक भोरे घर से निकलते हैं और अंधेरा होने पर लौटते हैं। सरकार की दृष्टि में शायद यही शिक्षा का उत्थान है।

आठ घंटे स्कूल में बैठकर गंवाने से बेहतर है दो घंटे जमकर बच्चों के साथ मेहनत करना। पांच से छह घंटे पर्याप्त हैं पढ़ाई के लिए, मगर चुनावी तिकड़मों में व्यस्त सरकार को फुर्सत कहां कि देखें स्कूलों में क्या हो रहा है? जनता के करोड़ों-अरबों रुपए शिक्षा में पानी की तरह बहाए जा रहे हैं और उपलब्धि शून्य के करीब है। अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां के प्रधानाध्यापक इतने अक्षम हैं कि उनके पास कोई वर्ग तालिका ही नहीं है। न वर्ग करवाने में उनकी रुचि है। कुछ सजग बच्चे शिक्षक-शिक्षिकाओं के पास जाते हैं। वर्ग लेने का आग्रह करते हैं। अगर शिक्षकों का मन हुआ तो वर्ग लेने जाएंगे, वरना किसी और के पास भेज देंगे। भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे। जिस देश की राजनीतिक प्रणाली भ्रष्ट हो, उस देश में शिक्षा-प्रणाली अच्छी हो,यह असंभव है। राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव के लिए प्रशांत किशोर अथक परिश्रम कर रहे हैं। जिन्हें बिहार की दशा सुधारने में दिलचस्पी हो, उन्हें उनसे बात करनी चाहिए और संतुष्ट होने पर उन्हें मजबूती देनी चाहिए। मेरी दृष्टि में इस राक्षसी राजनीति को शिकस्त देने का एक अच्छा अवसर हाथ आया है। इसमें चूकना नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

# उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर भारतीय महिलाएं



प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं।

आधुनिक युग नवजागरण का युग है। संपूर्ण विश्व में महिला स्वातंत्र्य का युग चल रहा है। इसका प्रभाव भारत की महिलाओं पर भी पड़ा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं पर। 21 वीं शताब्दी में ग्रामीण महिला जागरण और जागरुकता में पर्याप्त प्रगति दृष्टिगोचर हो रही है। इसका मुख्य कारण महिला शिक्षा में विकास है।

आज की ग्रामीण क्षेत्र महिलाएं ग्रामीण संस्कृति को ध्यान में रखते हुए आधुनिकता के परिवेश में जी रही हैं। वह अनेक समस्याओं के साथ संघर्ष कर रही हैं। उन्हें सामाजिक समस्याओं के साथ-साथ आर्थिक समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इसीलिए उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में या गांव से बाहर नौकरी करनी पड़ रही है। वह परिवार को आर्थिक संकट से उबारने का प्रयत्न भी कर रही हैं।

महिलाओं के नौकरी करने से जहां परिवार का जीवन सुखद एवं संपन्न बनता जा रहा है वहीं अनेक समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। इस कारण उनके परिवार को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिनकी अपेक्षा की जाती है। उनके बच्चे सहज स्नेह से वंचित रह जाते हैं। परिवार के वातावरण में एक अनकहा तनाव भी व्याप्त हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को नौकरी करते हुए सादा जीवन उच्च विचार पर अमल करना लाभदायक तो होता है, किंतु गांव के परिवेश के साथ-साथ नौकरी कर पाना उतना ही कठिन भी होता है। भारतीय महिलाओं के विकास की गति आज भी धीमी है। इसका कारण हमारे पूर्वजों का महिलाओं को किसी प्रकार की स्वतंत्रता देने का विरोधी होना है। वैदिक काल में स्त्रियों को देवी, सहधर्मिणी, सहचरी आदि का दर्जा प्राप्त था। पौराणिक काल में महिलाओं को शक्ति स्वरूपा कहकर उनकी पूजा की जाती थी, परंतु 11 वीं शताब्दी से लेकर 19 वीं शताब्दी के मध्य का युग स्त्री जाति के लिए अभिशाप बनकर आया, उनके विकास, सम्मान और सशक्तिकरण पर गहरा आघात हुआ। मुगल शासन, सामंती व्यवस्था, विदेशी आक्रमण, विलासिता पूर्ण जीवन राजाओं का मुख्य उद्देश्य रह गया और इसी कारण बाल विवाह, पर्दा प्रथा और अशिक्षा आदि का जन्म हुआ। शासकों की विलासिता पूर्ण प्रवृत्ति ने महिलाओं को केवल उपभोग की वस्तु बनाकर रख दिया और महिलाओं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया और समय के साथ यह सभी सामाजिक कुरीतियां में परिवर्तित हो गई जिससे महिलाओं का निजी एवं सामाजिक जीवन अभिशाप बन गया। ब्रिटिश काल में से महिलाओं के पुनरुत्थान का समय प्रारंभ हुआ जिसमें महिला सुधार से संबंधित कई प्रकार के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन किए गए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरकार द्वारा महिलाओं के हित में कई योजनाएं तथा विकासात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया गया। महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्य धारा में समाहित किया गया, महिलाओं ने शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि में विभिन्न प्रकार के नए आयामों तय किए। आज महिलाएं एक ही दायरे में न रहकर केवल शिक्षक, नर्स, डॉक्टर न बनाकर इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, टेक्नीशियन, पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। यद्यपि आधुनिक काल में महिलाओं में शिक्षा का पर्याप्त विकास हो रहा है, किंतु परंपरागत परिवेश के कारण महिलाओं के प्रति और स्वयं महिलाओं के विचारों में विशेष परिवर्तन नहीं आया है। उन्हें चाहिए कि वह पुरुषों के वर्चस्व रूपी विचार से स्वयं मुक्त होकर न्याय और समानता के तत्व पर अपना दृष्टिकोण विकसित करें। देखा जाए तो महिलाओं की संख्या अल्पमत में नहीं है, फिर भी उनकी प्रगति, उनका योगदान अल्पमत में दिखाई प्रतीत होता है।

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक अनेक महिला नेताओं का योगदान उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता के पश्चात लगभग हर क्षेत्र में भारतीय महिलाओं ने सहभागिता ही नहीं की है,अपितु अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी किया है, जो क्षेत्र महिलाओं के लिए वर्जित माने जाते थे वहां भी महिलाओं की भागीदारी हुई और आशानुरूप परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। फिर भी सामाजिक समानता और समरसता के लिए पुरुष वर्ग की मानसिकता में परिवर्तन होना आवश्यक है।

# गाली का संबोधन और मित्र



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था।

1988 की बात है। हमारे एक मित्र के पिता एमएलसी थे और यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभापति भी। फ्लैट और गाड़ी सरकार ने दे रखी थी। इस कुर्सी पर किसी भी प्रकार की सुविधा की कोई कमी नहीं होती, जो चाहा, हाजिर हो गया, लेकिन वो ऊंची सोच वाले सरल और मृदुभाषी व्यक्ति थे।

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था। उन दिनों हम मोपेड धारी हुआ करते थे, जो दस साल से बराबर चल रही थी, लेकिन कभी- कभी बीमार भी हो जाती थी। कुल मिलाकर जैसे-तैसे वो हमारा बोझ उठा रही थी। दो का बोझ उठाना नामुमकिन था। समारोह के लिए हम लेट हो रहे थे। जाना भी दूर था। हमने मित्र से कहा पापा की कार ले लो। मित्र ने कहा कोई फायदा नहीं, कार भले सरकारी है, लेकिन पापा किसी को हाथ नहीं लगाने देते। हमने थोड़ा जोर दिया, हालात के दृष्टिगत शायद मान जाएं। मित्र ने कहा- ठीक है, तुम्हारी तसल्ली के लिए मांग लेता हूं। मित्र ने सकुचाते हुए पापा से विनती की, उन्होंने ध्यान से बात सुनी पुत्र को सर से पांव तक घूरा। फिर हमें भी घूरा, जेब में हाथ डाला। दस-दस के पांच नोट गिनकर पुत्र के हाथ पर रख दिए, रिक्शे या टेम्पो से चले जाओ। हाल ही में हमारे उन्हीं मित्र का 75वां जन्मदिन है। मित्र सिर्फ हमारे ही नहीं अनेक के हैं। वैसे मित्र हो या बैरी सबके दुःख-सुख में सबसे पहले हाजिर होते हैं। पूरे तन-मन और धन के साथ बरसों हम कर्मचारियों के अध्यक्ष रहे और महामंत्री भी, गालियां उनके मुंह से फूलों की तरह झरती हैं। जिस दिन गाली से संबोधन न दें समझो नाराज हैं।

# निपुण बच्चों को किए गए पुरस्कृत

**हमारा आंगन-हमारे बच्चे**

**कमलापुर, सीतापुर**


कार्यक्रम के दौरान बच्चे को सर्टिफिकेट देते बीजेपी विधायक मनीष रावत।

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र कसमंडाबीआरसी परिसर में हमारा आंगन हमारे बच्चे अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीएम सिधौली अनिल रस्तोगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक मंचन करके प्रतिभाएं दिखाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सिधौली मनीष रावत एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी के द्वारा निपुण बच्चों को सर्टिफिकेट देकर पुरुस्कार दिया गया। विधायक मनीष रावत ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। सरकार का हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास है। छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनवाड़ी कार्यकत्री व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बच्चों के नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों के निपुण बच्चों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी अध्यापक अपने-अपने विद्यालय में छात्र संख्या को बढ़ाने का पूरा प्रयास करें। जिससे मेरे नव निहाल बच्चे शिक्षा से वंचित न रह सके एवं बाल वाटिका स्तर पर बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए ताकि प्राइमरी में पहुंचने पर उन्हें शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई न हो सके। इस अवसर पर एआरपी मनोज कनौजिया नीलम वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष गिरिजेश अवस्थी महामंत्री अजीत सिंह, रोहित शुक्ला ,अचल सिंह, विनय मेहरोत्रा, राघवेंद्र सिंह, गिरिजेश मिश्रा, संचालक आशुतोष अवस्थी , महेश दीक्षित, सुनीत मौर्य अभिषेक सहित शिक्षक व आंगन बाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे।

# सपा छोड़ प्रमोद वर्मा ने थामा कांग्रेस का दामन


कांग्रेस नेताओं के साथ सपा छोड़कर आए प्रमोद वर्मा। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम न्यामूपुर निवासी सपा नेता मास्टर प्रमोद वर्मा ने मंगलवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। बता दें कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए चुनावी गठबंधन को लेकर सीतापुर लोकसभा सीट कांग्रेस के हिस्से में आई है।

मास्टर प्रमोद वर्मा काफी समय से समाजवादी पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए प्रयासरत थे, लेकिन कांग्रेस के खाते में सीट जाने से उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया। सीतापुर लोकसभा सीट से भाजपा के राजेश वर्मा चुनाव मैदान में हैं। अब मास्टर प्रमोद वर्मा द्वारा कांग्रेस का दामन थामने व दो कुर्मी प्रत्याशियों के आमने-सामने होने से चुनावी समीकरण उलझ गए हैं। मास्टर प्रमोद के कांग्रेस में शामिल होने पर विनीता राजवंशी, कन्हैया मल्होत्रा, डॉ विनोद दीक्षित, सुधाकर मिश्रा, मोहम्मद फहीम खान, राहुल सिंह, आलोक आनंद वर्मा, अंकुश वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्ति किया।

# रंगोली बनाना बहुत उत्कृष्ट कला, जो सभी को हासिल नहीं होती


रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चे। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** रंगोली बनाना एक बहुत उत्कृष्ट कला है। जो सभी को हासिल नहीं होती। किताबी ज्ञान के साथ साथ हमें इस प्रकार की शिक्षा भी लेनी चाहिए जो हमारे जीवन में काफी महत्व रखती है। यह बात स्थानीय सरदार सिंह कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में मंगलवार को सम्पन्न हुई रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए संस्था के प्रबंधक अजय वर्मा ने कहीं।

उन्होंने प्रतियोगता में विजयी बच्चो को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कॉलेज के लगभग एक सैकड़ा बच्चो को पुरुस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण में कॉलेज के उप प्रबंधक अनिल वर्मा, प्रधानाचार्या अल्पना त्रिपाठी, रघुबंश सेन, वीरेश प्रताप सिंह, महेश वर्मा, सावित्री सिंह, निहारिका वर्मा, प्रीति वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने नवागत बीईओ का किया स्वागत

**महोली, सीतापुर,अमृत विचार :** कसमंडा से स्थानांतरित होकर आये बीईओ संतोष कुमार मिश्र का प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्वागत किया। बीआरसी पर आयोजित स्वागत समारोह में मां सरस्वती की मूर्ति का पूजन व माल्यार्पण बीईओ व ब्लॉक अध्यक्ष शिव सागर वर्मा ने किया। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बीईओ का स्वागत किया। महिला उपाध्यक्ष मालती देवी स्वरचित स्वागत गीत गाया और उसकी प्रति बीईओ को भेंट की। मौजी लाल वर्मा, सुरेंद्र बहादुर, जगजीवन राम भारती, राकेश यादव, अनुपम राज सिंह, कौशल वर्मा, मनोज पाल,अतुल मिश्र, रमाकांत वर्मा, आदित्य वर्मा, शैलेंद्र अग्निहोत्री आदि रहे।

# याद किए गए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष

**दूसरी पुण्यतिथि**

**सदरपुर, सीतापुर**


श्रद्धांजलि सभा के दौरान मौजूद पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व सीतापुर के कद्दावर सपा नेता महेंद्र सिंह वर्मा दो साल पहले जीवन की जंग हार गए थे। मंगलवार को महेंद्र सिंह वर्मा की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव पोखरा कला में उनके छोटे भाई पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा के द्वारा श्रद्धांजलि सभा ,शोकसभा व हवन का आयोजन किया गया। जिसमे पास पड़ोस व दूर दराज से आए लोगों ने महेंद्र सिंह वर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा लोगों के सामने अपने विचार रखते हुए भावुक हो गए। उन्होंने भाई को याद करते हुए कहा कि मेरे लिए दादा महेंद्र वर्मा अग्रज से अधिक पिता की तरह थे। उन्होंने कहा नरेंद्र और महेंद्र की जोड़ी सियासत में राम लखन की जोड़ी थी। इतना निस्पृह कोई राम जैसा विराट ह्रदय वाला ही हो सकता है। जो खुद बिना किसी महत्वाकांक्षा के अपने लखन की प्रगति में ही अपना सब कुछ देखे। इस दौरान लहरपुर विधायक अनिल कुमार वर्मा,पूर्व विधायक सीतापुर राकेश राठौर, अफजाल कौशर,समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मेराज अहमद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ.शफीक खान,आसिफ कादरी,जीशान खान, अल्लन खां, शिवम सिंह, नबी अहमद ,मौलाना सलीम नदवी आदि मौजूद रहे।

# गुप्तार घाट पर लीजिए 27 राज्यों के व्यंजनों का मजा

**पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या**

**अमृत विचार :** गुप्तारघाट स्थित मरी माता मंदिर के निकट जल्द ही 27 राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजन परोसे जाएंगे। यहां एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस स्ट्रीट फूड हब में लोग तरह-तरह के प्रसिद्ध व्यंजनों और फास्ट फूड का जायजा ले सकेंगे। नगर निगम और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त योजना के लिए शासन स्तर पर टेंडर और अन्य प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। योजना के तहत वेंडरों का चयन किया जा रहा है। दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया लॉटरी से होगी और आवश्यकता वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। दुकानों के आवंटन के लिए जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। इसके अलावा सहायक आयुक्त खाद्य, नगर आयुक्त समेत वित्त विभाग के एक अधिकारी सदस्य के रूप में समिति में होंगे।

**स्ट्रीट फूड हब में मिलेंगे ये व्यंजन**

स्ट्रीट फूड हब में स्थानीय व्यंजन ही नहीं बल्कि चाइनीज फूड भी मिलेंगे। इसके अलावा गुजरात के ढोकले से लेकर आंध्र प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, बिहार आदि प्रदेशों के व्यंजन होंगे। शासन की तरफ से स्ट्रीट फूड के लिए गाड़ियां आवंटित की जाएगीं।

> टेंडर हो गया है। नगर निगम के साथ मिलकर प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। शासन से रिपोर्ट मिलते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
>
> **–मानिक चंद्र सिंह,** सहायक आयुक्त (खाद्य)

## प्रेमी की हत्या में प्रेमिका दोष मुक्त करार

**अयोध्या, अमृत विचार :** पति के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने प्रेमिका को दोष मुक्त कर दिया है। यह फैसला अपर जिला जज मोहिंदर कुमार की अदालत से मंगलवार को हुआ।

इसके पति को वर्ष 2018 में ही आजीवन कारावास व 13 हजार रुपये जुर्माने की सजा हो चुकी है। वादी मुकदमा विपिन कुमार यादव निवासी बनदोइया थाना मुंशीगंज, अमेठी ने बताया कि घटना 24 नवंबर 2015 की है। पिता माता प्रसाद यादव गंगा स्नान को गए थे। वापस नहीं आए तो चचेरे भाई ने थाना कोतवाली अमेठी में 26 नवंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 29 नवंबर को उनके मोबाइल पर बात करने वाले ने बताया कि वह फैजाबाद से बोल रहे हैं। तब वह लोग अयोध्या कोतवाली पहुंचे। वादी ने बताया कि उसके पिता का संबंध गांव की ही एक महिला से थे। महिला और उसके पति शिवम तिवारी ने मिलकर पिता की हत्या कर दी। इसकी रिपोर्ट तत्कालीन नया घाट चौकी प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने अयोध्या कोतवाली में लिखाई थी। महिला को अदालत में विचारण के लिए तलब किया था, इसलिए उसके मुकदमे में विलंब हुआ।

# स्पार्किंग से महादेव टांडा में लगी आग, 60 घर राख

**सिंगाही(खीरी)**

**अमृत विचार:** थाना सिंगाही के गांव महादेव टांडा में मंगलवार को छप्परपोश घर के अंदर लगे बिजली की बोर्ड में हुई स्पार्किंग से एक घर में आग लग गई। ग्रामीण कुछ समझ पाते और आग बुझाने की कोशिश करते इससे पहले ही लपटों ने एक-एक कर करीब 60 घरों को चपेट में ले लिया। इससे गांव में चीख पुकार मच गई। ग्रामीण घरों का सामान निकालकर उसे बचाने की कोशिश में जुटे रहे।

थाना सिंगाही क्षेत्र की ग्राम पंचायत बथुआ के मजरा महादेवा टांडा निवासी श्रवण कुमार गौतम और उसके भाई उत्तम कुमार का छप्परपोश घर है। दोनों घर एक में जुड़े हैं। घर के अंदर छप्पर के नीचे लगे बिजली के बोर्ड में अचानक स्पार्किंग हो गई, जिससे निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। परिवार के लोगों को तब जानकारी हुई जब लपटें उठने लगीं। यह देख घर में चीख पुकार मच गई। परिवार के सदस्य शोर मचाते हुए जान बचाकर बाहर भागे। शोर शराबा होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, लेकिन इस दौरान तेज हवा ने उन्हें बेबस कर दिया। हवा के कारण पल भर में उठ रहीं लपटें एक दूसरे घरों को चपेट में लेकर आगे बढ़ती रहीं। इससे पूरे गांव में चीख पुकार मच गई।

लोग घरों का सामान निकालकर खेतों आदि सुरक्षित जगहों पर ले जाने लगे। 3साथ ही घरों को बचाने के लिए छप्परों को गिराना शुरू किया। तमाम ग्रामीण आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। सूचना पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मचारियों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में राधे, नंदकिशोर, विजय कुमार, उत्तम कुमार, जगदंबा, बलराम, राजेंद्र, सोहन, अशोक, मेला राम, रंजीत, श्रीराम, राजकुमार, राम गुलाम, रामनरेश, हर सेवक, गुलफाम, मेहंदी हसन, सरताज समेत करीबी 60 लोगों के घर राख हो गए। अग्निपीड़ित शत्रोहन की पशुशाला में बंधी पड़िया जल गई। आग इतनी भयावह थी कि लोग जान बचाकर घरों से निकाल पाए।

# भाषा विवि की जांच है या जादू का पिटारा

**अमृत विचार खास**

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** भाषा विवि की जांच को 11 वर्ष बीत चुके हैं। मामला सहायक प्रवक्ताओं को नियमों से इतर प्रवक्ता बनाए जाने का है। प्रकरण तत्कालीन कुलपति अनीस अंसारी के कार्यकाल से जुड़ा हुआ है।

बताते हैं कि वर्ष 2013 में तत्कालीन कुलपति अनीस अंसारी के कार्यकाल में असिस्टेंट पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इसमें कई शिक्षकों के चयन हुए। आरोप है कि उन्हें असिस्टेंट पद के स्थान पर बिना किसी प्रक्रिया के प्रोन्नति दे दी गई। ऐसे में गोपनीय शिकायतों के बाद प्रकरण की जांच शुरू हुई। ऑडिट रिपोर्ट की मानें तो एक प्रोफेसर को अनर्ह करार दिया गया। इन पर आरोप था कि साक्षात्कार असिस्टेंट प्रोफेसर का था लेकिन उन्हें प्रोफेसर बना दिया गया। ऐसे में बढ़ते आरोप-प्रत्यारोपों के बीच एक प्रोफेसर द्वारा इस्तीफा तक देने की नौबत आ गई। बढ़ती जांच में कई प्रमुख पदों पर नियुक्त जिम्मेदार भी हैं। विवि की रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा कहती हैं कि सूचनाओं और शिकायती पत्रों के आधार पर जांच जारी है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**कुलपति बोले - मामला हाईप्रोफाइल है...**

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पूर्व कुलपति सहित नौ प्रवक्ताओं की बर्खास्तगी के मामले में कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र बहादुर सिंह का कहना है कि मामला हाईप्रोफाइल है। इसलिए समिति ही आगे के निर्णय लेगी। वे कुछ भी नहीं बता सकते हैं। बता दें कि भाषा विवि में पूर्व कुलपति सहित नौ प्रवक्ताओं की सेवा समाप्त की गई थी। ऐसे में आगे की प्रक्रियाओं को भी दूसरे दिन गोपनीय तरीके से आगे बढ़ाया गया। कुलपति से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला हाईप्रोफाइल है और समिति को सारे अधिकार दिए जा चुके हैं। ऐसे में अकेला मेरा कहना उचित नहीं रहेगा।

**रिकवरी के लिए शाम तक चला मंथन**

समिति के सदस्यों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच गोपनीय बातचीत हुई। जानकारों की मानें तो कई चरणों तक चली समिति की बैठक में बर्खास्त प्रवक्ताओं से रिकवरी को लेकर भी कई बिन्दुओं पर सवाल–जवाब हुए। माना जा रहा है कि पत्राचार की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के लिए सहमति हो गई है।

**डॉ. ताबिंदा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश**

डॉ. ताबिंदा सुल्ताना ने पूर्वांचल विवि जौनपुर से बीए किया था। ऐसे में अंक पत्रों के सत्यापन आख्या में भिन्नता पाई गई। गंभीर प्रकरण को ही आधार बनाते हुए पदमुक्त कर इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए हैं।



अमृत विचार
www.amritvichar.com

# जायस, निहालगढ़ सहित आठ रेलवे स्टेशनों का बदलेगा नाम

संवाददाता, अमेठी

**स्मृति का प्रयास**

**धार्मिक स्थलों व स्थानीय महापुरुषों के नाम पर रेलवे स्टेशनों के नामकरण के लिए लिखा था पत्र**

**अमृत विचार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद दीदी स्मृति ईरानी ने बीते शारदीय नवरात्र पर अपने संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों का नाम देवी-देवताओं के मंदिरों व स्थानीय महापुरुषों के नाम पर करने के लिए गृहमंत्री व रेलमंत्री को पत्र लिखा था। मंत्रालय की ओर जायस, निहालगढ़ सहित संसदीय क्षेत्र के आठ रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही अमेठी संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों को पौराणिक व धार्मिक पहचान मिल जाएगी।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि स्मृति ईरानी ने रेलवे स्टेशन मिश्रौली का नामकरण संग्रामपुर स्थित शक्तिपीठ मां कालिकन धाम के नाम पर करने के साथ ही जायस को गुरु गोरखनाथ धाम, बनी को स्वामी परमहंस धाम, कासिमपुर हाल्ट को कवि जायसी धाम, जायस सिटी, फुरसतगंज को पीढ़ी के बाबा तपेश्वर धाम, निहालगढ़ को महाराजा बिजली पासी, अकबरगंज रेलवे स्टेशन का नाम सिंहपुर स्थित शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी धाम, वारिसगंज को अमर शहीद भाले सुलतानी के नाम पर नामकरण करने के लिए ग्रह मंत्री व रेल मंत्री भारत सरकार को पत्र भेजा था।

स्मृति के पत्र पर भारत सरकार ने सहमति जताते हुए रेलवे स्टेशनों के नामकरण के बदलाव की प्रक्रिया तेज कर दी है। जल्द ही संसदीय क्षेत्र के आठ रेलवे स्टेशनों की पहचान अमेठी से जुड़े महापुरुषों व धार्मिक स्थलों के नाम से होगी। रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने के साथ अमेठी संसदीय क्षेत्र को उसकी पुरानी व गौरवशाली पौराणिक पहचान भी मिलेगी।

# डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों व महिला थाना का किया निरीक्षण



संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने मंगलवार को संयुक्त रूप से कस्बा जायस में मतदान केंद्रों तथा गौरीगंज में महिला थाना का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम डीएम व एसपी ने कस्बा जायस क्षेत्र के मलिक मोहम्मद भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज जायस, राजकीय इंटर कॉलेज जायस व प्राथमिक विद्यालय जायस में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को वहां पर बिजली, पानी, रैंप, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने गौरीगंज में महिला थाना का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने थाना एएचटीयू व नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आईडेंटिफिकेशन सिस्टम सेल तथा कार्यालय में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत उड़न दस्ता टीम (एफएसटी) एवं स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करते ही पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी उसके उपरांत एफएसटी, एसएसटी टीमें अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर भारी मात्रा में ले जाने वाली नकदी, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखेगी। उपरोक्त चीजें पाए जाने पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी टीमों के अधिकारियों से निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश आर्य, ई-डिस्टिक मैनेजर अमित विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बड़े भाई की हत्या के मामले में छोटा गिरफ्तार

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सोमवार की रात बाइक खड़ी करने के विवाद में दो भाइयों में बात इतनी बढ़ गई कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर चाकू से वार कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलवार शाम को हत्यारोपित छोटे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में सोमवार की रात संदीप (35) पुत्र हृदयराम नागर घर पर था। बताया जाता है कि छोटा भाई विपिन घर पर रास्ते में ही बाइक खड़ी करने लगा। इसी बीच दोनों में कहासुनी होने लगी। बात इतना बढ़ गई कि छोटे भाई ने बड़े भाई पर चाकू से वार कर दिया। आनन-फानन में घायल संदीप को मोतिगरपुर सीएचसी ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार रात में ही पत्नी किरन कि शिकायत पर पुलिस ने छोटे भाई के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो चीख पुकार मच गया। परिवारजनों ने शव का अंतिम संस्कार दियरा घाट पर किया। वहीं मंगलवार देर शाम को हत्यारोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## आभूषणों से भरा झोला गायब, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बे के पुरानी बाजार मार्ग पर स्थित विमला मार्केट से सर्राफा व्यवसायी का आभूषणों से भरा झोला लेकर बाइक सवार फरार हो गए। कस्बे के पुरानी बाज़ार मार्ग पर स्थित विमला मार्केट में पटेल नगर मोहल्ले के फरीलाल सोनी की ज्वेलरी की दुकान है। मंगलवार को सुबह 11:30 बजे दुकान मालिक फरीलाल अपने ज्वेलरी की दुकान पर आए। आभूषण से भरा झोला रखकर अपनी दुकान का शटर खोल रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार दो लोग पहुंचे। बाइक सवारों ने झोले को लेकर पुरानी बाजार की तरफ भाग निकले। कुछ लोगों ने कुछ देर तक उनका पीछा किया, किंतु पता नहीं चला। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने सीसीटीवी कैमरे को खंगाला।

# संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

- **मृतक की बहन ने चाचा समेत सात पर दर्ज कराया हत्या का मुकदमा, जमीन का विवाद आ रहा सामने**

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार की सुबह लंभुआ नगर पंचायत के शिव नगर में रेलवे ट्रैक के किनारे शौच के लिए गए ग्रामीणों को एक युवक का शव दिखा। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस को मृतक के पर्स से पहचान पत्र समेत जनसुनवाई पोर्टल पर दिया गया प्रार्थना पत्र मिला। वहीं मृतक के बहनोई चंद्रभान ने बताया कि सोमवार की सुबह ही मृतक मुंबई से अपने गांव जखनी कलां रामनगर पहुंचा था।

जानकारी पर पहुंची बेलाही निवासी मृतक की बहन लीलावती ने बताया कि जमीन को लेकर गांव में ही मेरे भाई का चाचा से ही आपसी विवाद था। सोमवार को घर आने के बाद कोतवाली में जाकर मेरे भाई ने चाचा के ऊपर जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र भी दिया था। विरोध करने पर उसके चाचा जान से मारने की धमकी भी देते थे। सोमवार की शाम



लंभुआ में युवक का शव मिलने के बाद रोते-बिलखते परिजन।

लगभग चार बजे जब भाई घर जा रहा था तभी चाचा समेत 7 लोग उसे रास्ते से उठा लिए और घर लाकर उसकी हत्या कर दी। लाश को छिपाने के लिए बेदूपारा जंगल के पास रेलवे ट्रैक के किनारे फेंक दिया। बहन की तहरीर पर पुलिस ने जखनी कलां रामनगर निवासी रामनाथ यादव, संजय, आदित्य यादव, आयुष, पिंकी, सुन्दरी, रम्पत्ती देवी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए सुलतानपुर मुख्यालय पोस्टमार्टम हाउस भेजा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**संवाददाता, जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** चंद दिनों के बाद आने वाले त्यौहार ईद व होली के मद्देनजर कोतवाली परिसर मे पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आए हुए आला अफसर ने उपस्थित लोगों से शांति सद्भाव बनाए रखने की अपील की। कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने कहा कि त्यौहार पर बिजली, पानी, साफ-सफाई दुरुस्त करने के लिए विभागीय अफसरों को निर्देशित कर दिया गया है।

कहीं कोई भी समस्या हो तो थाने को तत्काल सूचित कर दें। जिससे तत्काल मामले का निराकरण किया जा सके। क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह ने कहा कि सभी मजहब के लोग अपने रीति-रिवाज के अनुसार एक दूसरे का ख्याल रखते हुए त्यौहार हर्षोंल्लास पूर्वक मनाए तथा ऐसा कोई काम न करे जिससे शांति व्यवस्था भंग हो और पुलिस को हस्तक्षेप करना पडे।

कोतवाल राकेश सिंह ने कहा कि त्यौहार खुशियों भरी सौगात लेकर आता है इसलिए प्रेम पूर्वक हंसी खुशी से त्यौहार मनाए। शरारती तत्वों के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करें यदि कोई शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके साथ सख्ती से निबटा जाएगा।

# छात्रवृत्ति की कमियों पर एसएफआई का प्रदर्शन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** छात्र संगठन एसएफआई का एक प्रतिनिधिमंडल छात्रवृत्ति के स्टेटस में दिखा रही त्रुटियों को लेकर प्रदर्शन करते हुए समाज कल्याण अधिकारी से मिला। संगठन की ओर से समाज कल्याण अधिकारी को समस्याओं का ज्ञापन दिया गया। एसएफआई उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी सदस्य पार्थसारथी द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में छात्रवृत्ति छात्रों के शिक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्य माध्यम है। लेकिन वर्तमान समय में केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार छात्रवृत्ति के बजट में कटौती के साथ-साथ कई योजनाओं को बंद कर रही है। इस मौके पर शिवम मौर्य, बृजेश पाल, सतीश, रोहित नाविक आदि मौजूद रहे।

# एसबीआई के खिलाफ प्रदर्शन

- **चुनावी बांड को लेकर वामपंथी संगठनों ने जुलूस निकाल सौंपा ज्ञापन**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** वामपंथी मोर्चे की तरफ से मंगलवार को चुनावी बांड पर एसबीआई की तरफ से की जा रही देरी के संबंध में सड़क पर जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। संगठनों की ओर से कलेक्ट्रेट गेट पर नारेबाजी की गई और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अपर उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव नरोत्तम शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार के दबाव में स्टेट बैंक आफ इंडिया चुनावी बांड के विवरण लोकसभा चुनाव के पहले नहीं देना चाहती है। ताकि, चुनाव के दौरान बांड के जरिए भाजपा को बेशुमार पैसा देने वालों का खुलासा जनता के बीच न हो सके। सीपीआई के जिला सचिव मंडल सदस्य मो. सैफ ने कहा कि एसबीआई सरकार के दबाव में है और सरकार चुनाव के दौरान अपने असली चेहरे को बेनकाब नहीं होने देना चाहती है।

सीपीआईएम के जिला सचिव मंडल सदस्य शशांक पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से निर्धारित अवधि तक स्पष्ट विवरण न देने पर अदालत की अवमानना का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। इस मौके पर कूरेभार ब्लॉक पर राजबहादुर यादव और अखंडनगर ब्लॉक पर बाबूराम यादव, विवेक विक्रम सिंह, मो. आलम, विजय यादव, कैलाश नाथ तिवारी, सूरज प्रसाद आदि रहे।

# केरल सरकार के विरोध में विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन

- **छात्र जेएस सिधारथन की मौत से फूटा गुस्सा**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** केरल के पूकोडे केरला वेटनरी एवं जीव विज्ञान विश्वविद्यालय में 18 फरवरी 2024 को द्वितीय वर्ष के छात्र जेएस सिधारथन की मृत्यु से देश को झकझोर दिया है। केरल में घटित इस घटना को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर के कार्यकर्ताओं ने शहर के राणा प्रताप स्नाकोत्तर महाविद्यालय के सामने केरल सरकार व एसएफआई छात्र संगठन के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।



केरल सरकार के विरोध में प्रदर्शन करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। अमृत विचार

अभाविप काशी प्रान्त के प्रदेश सह मंत्री शुभेन्द्र वीर ने कहा कि सिद्धार्थन की आकस्मिक मृत्यु का पता उस वक्त चला जब वह अपने छात्रावास के कमरे में फंदे से लटके मिले। यह कोई आम आत्महत्या नहीं थी, परंतु बहुत ही निर्मम प्रताड़ना के बाद उठाया गया आत्मघाती कदम था। सिद्धार्थन को स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के लोगों द्वारा कॉलेज में वेलेंटाइन डे पर एक सीनियर महिला मित्र के साथ डांस करने पर इस प्रकार की मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना दी गई, जिससे उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। 15 फरवरी को सिद्धार्थन अपनी माताजी से मिलने के लिए निकले परंतु उन्हें बीच रास्ते से ही वापस लौटने को विवश कर दिया गया। अभाविप कुशभवनपुर विभाग के विभाग प्रमुख डॉ संतोष अंश ने कहा की सिद्धार्थन को न्याय के लिए एबीवीपी लगातार केरल में वामपंथी सरकार के विरुद्ध संघर्ष कर रही है। केरल की वामपंथी सरकार एसएफआई के हत्यारोपियों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, परंतु एबीवीपी सिद्धार्थन के परिवार के साथ न्याय की अंतिम चौखट तक खड़ी रहेगी। इस धरना प्रदर्शन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूद्र प्रताप, तेजस्व, नगर सह मंत्री उत्कर्ष, इकाई अध्यक्ष केएनआईपीएसएस मृतुन्जय, शुभम तिवारी, राहुल यादव, देवेश मिश्रा, देवेन्द्र, प्रांजल, सचिन, ऋषभ आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर की हुई शुरुआत

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** आचार्य चाणक्य पीजी कॉलेज महमूदपुर सेमरी में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों के विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। प्रथम इकाई के कार्यक्रमाधिकारी शिवमणि दूबे तथा द्वितीय इकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ. घनश्याम पाठक रहे। उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीपी पांडेय ने किया।

# प्रतियोगिता : स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

मुसाफिरखाना, अमेठी

**ग्लोबल किड्स ओलंपियाड**

**अमृत विचार।** आज के आधुनिक शिक्षा जगत में पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ बच्चों में चुतुर्दिक विकास की नितांत आवश्यकता है जो कि समय की मांग भी है। इसी श्रृंखला में क्षेत्र के शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल धरौली मुसाफिरखाना के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत रहता है।

स्कूल के बच्चें नित्यप्रति ऐसी अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतीयोगिताओं में भाग लेते रहते हैं और अपना वर्चस्व स्थापित करते रहते हैं। शेम्फोर्ड स्कूल के अध्यापकों का उद्देश्य है कि स्कूल के बच्चों को हमेशा एक नया प्लेटफार्म मिलता रहे जहां वो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और स्कूल का गौरव बढ़ाते हुए अपने ज्ञान की रश्मियों से सदा स्कूल को प्रकाशित करते रहें और अपना एक विशेष स्थान बनाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। शेम्फोर्ड के अनेक गौरवशाली बच्चों ने स्कूल की गरिमा को बढ़ाते हुए ग्लोबल किड्स ओलंपियाड में प्रतिभाग किये और 18 ने गोल्ड, 25 ने सिल्वर एवं 35 ने कास्य मेडल तथा अन्य पुरस्कार भी प्राप्त किये। पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में रूबी चौरसिया ने विद्यालय स्तर पर पहले स्थान के साथ-साथ पुरस्कार स्वरूप मेडल सर्टिफिकेट प्राप्त किया और विवान ने जूनियर वर्ग में इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट और अभिषेक सिंह, पूर्विका, श्रेया चौधरी, सिक्ता सिंह सहित और कई बच्चों ने मेडल सर्टिफिकेट प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ अपने परिवार का भी नाम रोशन किया। इस परीक्षा को ग्लोबल कॉम्पिटिशन सोसाइटी ने ग्लोबल किड्स ओलिंपियाड प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित कराया। जिसमें सम्पूर्ण भारत में करीब 26,000 बच्चों ने तथा 225 शेमस्टार्स ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए विद्यालय के प्रबंधक रंजीत सिंह स्कूल के प्राचार्य अंजनी कुमार तिवारी और समस्त अध्यापकों ने शुभकामनाये दी। उन्होंने आशा व्यक्त की हमारे विद्यालय के बच्चें सदा सर्वदा जीवन की सफलता के सर्वोच्च शिखर पर आरूढ़ होते रहें।

# थाना ट्रांसफर पर भड़के अधिवक्ता, कामकाज ठप

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** थाना कादीपुर एवं अखंडनगर से जुड़े मामलों की सुनवाई का क्षेत्राधिकार कादीपुर में ट्रांसफर किए जाने के विरोध में मंगलवार को हड़ताल के कारण न्यायिक कामकाज ठप रहा। बार एसोसिएशन सुलतानपुर अध्यक्ष अरविंद पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र द्वारा थानों के स्थानांतरित होने की सूचना पर साधारण सभा की बैठक बुलाई गई।

हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में जिला जज जयप्रकाश पांडेय से विचार-विमर्श का हवाला देते हुए सीजेएम बटेश्वर कुमार ने कादीपुर व अखंडनगर से जुड़े आपराधिक वादों की सुनवाई के लिए कादीपुर ट्रांसफर का आदेश दिया है। जबकि गंभीर व विशेष अधिनियम व क्षेत्राधिकार के मामलों से जुड़े वादों की सुनवाई सुलतानपुर के न्यायालय परिसर में ही सुनवाई होगी।

स्थानांतरित थानों के बारे में जानकारी पाते ही अधिवक्ता आक्रोशित हो गये तथा स्थानांतरण के विरोध में न्यायिक कामकाज ठप कर साधारण सभा की बैठक की। बैठक में अधिवक्ताओं ने ज्यूडशरी के ट्रांसफर पर घोर विरोध दर्ज कराते हुए बिना पीठ की मंशा जाने अदालत ट्रांसफर करने पर विरोध दर्ज कराया। बार अध्यक्ष ने सभा के बाद जिला जज से मुलाकात कर हो रही समस्या से अवगत कराया।

# सार-संक्षेप

## पीएम के कार्यक्रम का आज होगा सजीव प्रसारण

**अमेठी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) नलिन राज ने बताया कि प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा पीएम -सुराज पोर्टल का शुभारम्भ, 1 लाख लाभार्थियों को रियायती ऋण वितरण, सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड व पीपी किट वितरण एवं पीएम दक्ष योजना के लाभार्थियों से बातचीत का सजीव प्रसारण कार्यक्रम आज अपरान्ह 4 बजे से जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर गौरीगंज के सभागार में आयोजित किया जायेगा।

## भाजपा पर फिर से जताया भरोसा

**अमेठी।** जगदीशपुर ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह के आवास गूंगेमऊ मे भाजपा प्रदेश महाममंत्री संजय राय व जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में दर्जनों लोगों ने भाजपा में आस्था जताते हुए भाजपा में सामूहिक रूप से शामिल हुए राकेश विक्रम सिंह ने कहा कि भाजपा में ही सबका साथ सबका विकास हो रहा है। स्मृति ईरानी इस बार फिर भारी मतों से जीतकर अमेठी के विकास की अगुआ बनेंगी भाजपा में शामिल होने वालों में रमेश सिंह दिछौली ने कहा भाजपा सभी वर्गों का हित है विकास के नाम पर देश विदेश मे भी अपनी पहचान बना रहा है। इस मौके पर कठौरा प्रधान मुहम्मद नासिर, अकरम, जुबेर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जहरीला जंतु के काटने से युवक की मौत

**अमेठी।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक को सोमवार को देर शाम जहरीले जंतु के डसने से युवक की मौत हो गई। आनन फानन में परिजनों ने शव का दाह संस्कार कर दिया। सोमवार की देर शाम गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे अमिया निवासी सत्यम सिंह (18) खेत मव टहलने गया था। उसी दौरान उसे किसी जहरीले जंतु ने डस लिया। लेकिन युवक को एहसास नही हुआ। देर रात घर पहुंचने पर उसे कुछ सुस्ती महसूस हुई तो वह बिस्तर पर लेट गया। जब तक परिजन कुछ समझ पाते कि उससे पहले युवक की हालत बिगड़ने लगी। हालात गंभीर होते देख परिजनों ने युवक की नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

## मीडिया, सोशल मीडिया टीम को दिया गया प्रशिक्षण

**अमेठी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में जनपद में गठित मीडिया, सोशल मीडिया टीम के सदस्यों को प्रशिक्षण अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम की अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यालय के सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने बताया कि प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया की निगरानी हेतु जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणीकरण अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है, समिति द्वारा पेड न्यूज, विज्ञापन व प्रचार सामग्री सहित किसी भी प्रकार की मीडिया द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने वाली गतिविधि पर नजर रखी जायेगी। सभी कमेटी के सदस्य व जिले के अधिकारी स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हेतु कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता की घोषणा के बाद उक्त टीम का कार्य शुरू हो जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान टीम के सदस्यों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान एमसीएमसी तथा पेड न्यूज के सम्बन्ध में की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी विस्तृत रूप से दी गयी।

## हमको यह समझाना है, सबको वोट दिलाना है

**अमेठी।** लोक सभा चुनाव सामान्य निर्वाचन -2024 के पहले मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम शुरू हो गये हैं। माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूली बच्चों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम की निगरानी मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल स्वयं कर रहे हैं। मंगलावर को कम्पोजिट विद्यालय दखिनवारा में बच्चों ने मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे। सुंदर रंगोली बनाई और मतदान शब्द के आकार में बैठकर वोट के अधिकार के प्रयोग का संदेश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने सभी माध्यमिक विद्यालयों को मतदाता जागरूकता सम्बन्धित पोस्टर, स्लोगन, निबंध लेखन, क्विज प्रतियोगिता आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

## विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** मुसाफिरखाना के गांव पलिया पूरब अंतर्गत शिवालय पर प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। इस आयोजन के पश्चात विधि विधान से हवन पूजन कर भोलेनाथ के मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ग्रामवासी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भरपूर सहयोग किया आयोजक मण्डल ने कहा कि ऐसे ही भगवान भोलेनाथ की कृपा सभी भक्तों पर सदैव बनी रहे तथा इसके साथ-साथ दूर दराज से भी आये हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट, महिला का टूटा हाथ

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत बालीपुर महमूदपुर गांव में घर के सामने खूंटा गाड़ने को लेकर दो परिवारों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक महिला का हाथ टूट गया है। महिला ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने महिला को मेडिकल व इलाज के लिए सीएचसी भेजा । डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार की सुबह बालीपुर महमूदपुर निवासी कमला देवी पत्नी विपत और गांव की ही अवधेश वर्मा के परिवार के बीच घर के सामने खूंटा गाड़ने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष में मारपीट हो गई मारपीट में महिला का हाथ टूट गया है। महिला ने आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित महिला को इलाज व मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित महिला कमला देवी का आरोप है कि उसके घर के सामने गांव के ही अवधेश वर्मा उसके मकान के सामने जबरन जानवर बांधने के लिए खूंटा गाड़ रहे थे, मना करने पर पूरे परिवार के साथ महिला के ऊपर हमला बोल दिया। जिससे महिला को गंभीर चोटें आई है। बीच बचाव के लिए दौड़े उसकी बेटे को भी आरोपियों ने पीटा है।

## कम्पोजिट ग्रांट की दूसरी किश्त जारी

**गौरीगंज, अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों को आवंटित कम्पोजिट ग्रांट की दूसरी किश्त की धनराशि शासन की ओर से अवमुक्त की जा चुकी है। कम्पोजिट ग्रांट के उपभोग के लिए गाइड लाइन पहले से ही जारी की गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने मतदान केन्द्रों वाले सभी विद्यालयों में रंगाई पुताई और स्कूल के नाम के साथ पोलिंग बूथों का क्रमांक और बीएलओ के नाम लिखाने के निर्देश दिए हैं। कम्पोजिट ग्रांट की पहली किश्त 23 फरवरी को जारी की गई थी। दूसरी किश्त की धनराशि 7 मार्च को जारी की गई है। छात्र-छात्राओं की संख्या के आधार पर अधिकांश स्कूलों को क्रमश : 25 हजार रुपये 50 हजार रुपए ,75 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई है। पीएमएफएस सिस्टम से भुगतान किया जा रहा है। मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने मतदान केन्द्रों वाले सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को रंगाई, पुताई के साथ बिजली, पानी, रैम्प आदि व्यवस्थाएं ठीक करने के आदेश दिए हैं।

## हर्ष फायरिंग के मामले में दरोगा तलब

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** हर्ष फायरिंग के मामले के आरोप में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी जिला पंचायत सदस्य बहन अर्चना सिंह के मामले में मंगलवार को कोर्ट ने दरोगा विकास गौतम को तलब करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख नियत की है। 14 जून 2021 को अर्चना सिंह के हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद धनपतगंज थाने के दरोगा सुशील कुमार ने अर्चना सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में सोनू सिंह का नाम भी सामने आया और दोनों पर चार्जशीट दाखिल हुई।

## मत्स्य पालन के लिए तालाबों की नीलामी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तहसीलदार मयंक मिश्र की देखरेख में मत्स्य पालन के लिए तालाबों की नीलामी की गई। मंगलवार को तहसील सभागार में संपन्न हुई नीलामी की कार्यवाही में मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड रतनपुर कुंदा भैरोपुर में स्थित तालाब का आवंटन किया गया। मलिकपुर नोनरा, हरथुआ बभनपुर ,पतारखास, घाटमपुर गांव में स्थित तालाब की नीलामी की गई। जिसमें कुल 165000 रुपया नीलामी की धनराशि तहसील में जमा कराया गया।

## जमीन के विवाद में मारपीट तीन पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली के मलिकपुर नोनरा गांव के कमलुद्दीन कि विपक्षियों से जमीन विवाद चल रहा था। आरोप है कि बीस फरवरी को दिन में दो बजे विपक्षी लाठी डंडे से लैस होकर आए और गाली गलौज देने लगे। मना करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा । जिससे उन्हें काफी चोट आई। सोमवार को दी गई पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राजधानी, मटरू एवं लाल मोहम्मद के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## कादीपुर के अधिवक्ताओं ने बैठक कर की चर्चा

**कादीपुर, सुलतानपुर :** सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट कादीपुर को थाना कादीपुर और अखंड नगर क्षेत्र के फौजदारी मामलों की सुनवाई का अधिकार मिलने पर अधिवक्ताओ में खुशी की लहर दौड़ गई। बार एसोसिएशन ने एक कार्यक्रम आयोजित करके अपने उपलब्धि पर चर्चा की।

# देश में चुनावी सीन से गायब हो चुका है विपक्ष

**▸▸ लोकसभा चुनाव के बाद विपक्ष मिलकर भी नहीं बना सकेगा नेता प्रतिपक्ष : डा दिनेश शर्मा**

संवाददाता, लखनऊ /कौशाम्बी

**अमृत विचार।** राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में विपक्षी दल मिलकर भी नेता प्रतिपक्ष बनाने लायक नहीं रहेंगे। विपक्षी दल कही पर भी चुनावी सीन में नहीं है और इस बार जनता ही चुनाव लड़ रही है। जब जनता खुद चुनाव लड़ती है तो राजनीति के दिग्गज फेल हो जाते हैं। प्रधानमंत्री के अबकी बार 400 पार के मंत्र की गूंज घर घर हो रही है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए राम का मंदिर और कमल का फूल को याद रखना होगा।



मिलन समारोह में मौजूद राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा।

भाजपा द्वारा आयोजित "कोहोर्ट मिलन समारोह" में उन्होंने सपा प्रमुख द्वारा भाजपा की तुलना हिटलर से करने की आलोचना करते हुए कहा कि असली हिटलर तो वे है जिन्होंने कार सेवकों पर गोली चलवाई तथा जिनके समय में राम मंदिर की बात करने वालों को जेल में डाल दिया जाता था। उनके समय में तो प्रतापगढ़ में थाने में पुलिस अधिकारी को गाली मार दी गई थी। देश के मिजाज में परिवर्तन का असर है कि विदेश जाकर नया साल मनाने वाले आज कोट के ऊपर जनेऊ डाल कर ब्राह्मण होने का स्वांग कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि असल में इन लोगों को मोदी जी का विकास रास नहीं आ रहा है। किसान को सम्मान निधि, महिलाओं को गैस सिलेन्डर, प्रधानमंत्री आवास, हर घर में नल से जल की सुविधा, घर घर बिजली व शौचालय की सुविधा चिकित्सा के लिए आयुष्मान कार्ड देकर जनता के जीवन को सम्मानजनक बनाने को डिक्टेटरशिप बताने वालों की सोंच ही जन विरोधी व विकास विरोधी रही है। चुनाव इनके लिए मौसम की तरह है। जनता की पांच साल लगातार सेवा केवल मोदी योगी की सरकारें तथा भाजपा का कार्यकर्ता करता है। सीएए के लागू होने पर उन्होंने कहा कि इसके लागू होते ही विपक्षी दलों में कोहराम मच गया है। असल में वे एक बार फिर बांटो और राज करों की साजिश करना चाहते हैं। इस कानून से देश के किसी नागरिक को डरने की जरूरत नहीं है। यह एक क्रान्तिकारी कदम है। यह पाकिस्तान बंगलादेश अफगानिस्तान के पीड़ित जैन सिख इसाई पारसी बौद्ध हिंदू अल्पसंख्यक शरणार्थियों को नागरिकता देने का कानून है।

## हलिया : ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव पंचायत सहायक को दिया गया प्रशिक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार में भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ के डायरेक्टर सुधीर विश्नोई के निर्देश पर हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत के लिए महत्वपूर्ण मानकों की सूची के लिए ग्राम प्रधानों व सचिवों पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया है कि कोई भी सामान लेने से पहले हमेशा होल मार्क लगी वस्तुएं ही खरीदें। भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ के प्रशिक्षक अतुल तिवारी ने प्रशिक्षण में उपस्थित ग्राम प्रधान व सचिव पंचायत सहायक को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि कोई भी सामग्री लेने से पहले आईएसआई मार्क,आर मार्का एचयू आईडी सोने की शुद्धता परखने के लिए हाल मार्क है तो सोना है ध्यान रखें हाल मार्क चिंहित आभूषणों पर तीन निशान अनिवार्य है इन्हें आभूषण विक्रेता के पास उपलब्ध मैगनीफाइन ग्लास की सहायता से देखा जा सकता है। केवल ब्यूरो द्वारा पंजीकृत आभूषण विक्रेता ही हाल मार्क चिंहित आभूषण बेच सकते हैं कोई भी सामान जैसे गैस सिलेंडर, चुल्हा, पंखा, कुकर, हेलमेट आदि सामान लेने से पहले उस पर होल मार्क जरूर देखें। बीआईएस केयर एप उपभोक्ता सशक्तिकरण का माध्यम है इस एप के माध्यम से आप लोग लाइसेंस विवरण सत्यापित करें, एचयू आईडी मानकों को जाने अनिवार्य प्रमाणीकरण के तहत उत्पाद, प्रयोगशाला शिकायत आर संख्या सत्यापित करें। सार्वजनिक अलर्ट उत्पाद काल बीआईएस एंव कार्यालय संपर्क विवरण आदि प्राप्त कर सकते हैं। सिविल वर्क्स, कृषि और संबंध्द क्षेत्र, सिंचाई जल आपूर्ति और स्वच्छता, स्टेशनरी आईटम और फर्नीचर, उर्जा और संरक्षण, घरेलू उपकरण, महिला एवं बाल विकास पर मानक आदि के मानक के संबंध में जानकारी दिया है। इस दौरान सचिव कौशलेंद्र राय चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव बालकृष्ण आलोक भारती, ग्राम प्रधान इंद्रबहादुर, बिंद, दिनेश पटेल, सुरज मणि कुशवाहा रहे।

## सार-संक्षेप

### विधायक ने किया ग्राम सचिवालय का उद्घाटन

**जगेशरगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** सड़वा चन्द्रिका ब्लाक के पाराहमीदपुर में सोमवार को ग्राम सचिवालय का फीता काटकर सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने उद्घाटन किया। सदर विधायक ने कहा कि गांव में आदर्श ग्राम सचिवालय बन जाने से लोगों को सुविधा होगी। छोटे-छोटे कार्यो के लिए ब्लॉक मुख्यालय दौड़ना नहीं पड़ेगा। सचिवालय में पंचायत सचिव, लेखपाल आदि बैठकर जन समस्याओं का निराकरण करेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए ग्रामीणों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिव विलास उमर वैश्य ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान ग्राम प्रधान रमाशंकर सरोज,विकास कुमार,राजेश यादव,गोपाल सिंह,अरूण कुमार,उमेश श्रीवास्तव,प्रेमनाथ आदि मौजूद रहे।

### बीएड प्रशिक्षण संस्थानों में स्काउट, गाइड प्रशिक्षण अनिवार्य

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** बीएड प्रशिक्षण संस्थानों में स्काउट, गाइड प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया गया है। प्रशिक्षण होने से पहले विद्यार्थियों को स्काउट, गाइड का प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रशिक्षण न कराने वाले संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जनपद में प्रो .राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज से संबद्ध 80 कॉलेजों में बीएड प्रशिक्षण संचालित हो रहा है। सभी संस्थानों में स्पेशल इंट्रोडक्ट्री कोर्स के नाम से स्काउट,गाइड का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया जाएगा ।समय-समय पर प्रशिक्षण संस्थान में शिविर का आयोजन किया जाएगा। पीबीपीजी कॉलेज सिटी के प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चरित्र निर्माण, अनुशासन एवं सुयोग्य नागरिकता के प्रशिक्षण के एक विशिष्ट अभिकरण के रूप में स्काउट गाइड प्रशिक्षण का विशेष स्थान है। बीएड प्रशिक्षण संस्थानों में स्काउट,गाइड प्रशिक्षण को अनिवार्य किया गया है।

### अनियंत्रित होकर सड़क पर बाइक गिरी, महिला की मौत

**नैनी, अमृत विचार :** औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत सड़वा मोड़ के समीप मंगलवार सुबह एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। इससे बाइक सवार व उसके साथ बैठी एक वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए पहले तो पास के एक निजी अस्पताल में ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद वृद्धा को शहर स्थित एक हॉस्पिटल ले गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि वृद्धा मेजा क्षेत्र की रहने वाली थी। अपने नाती के साथ कहीं जा रही थी। इस संबंध में औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र में कई स्थानों पर पता कराया, लेकिन हादसे की जानकारी नही मिली। न ही किसी ने लिखित या मौखिक शिकायत की है।

### बीएमएस डॉक्टर अल्ट्रासाउंड करते गिरफ्तार

**प्रयागराज। अमृत विचार :** प्रयागराज के एक बीएमएस डॉक्टर को पोर्टेबल अल्ट्रासाऊंड मशीन के साथ प्रतापगढ़ में अल्ट्रासाउंड करते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर मशीन प्रयागराज से लेकर पहुंचा था। वहां भ्रूण की जांच भी कर रहा था इसकी जानकारी जब स्वास्थ्य विभाग को मिली तो विभाग ने छापेमारी कर डॉक्टर को अल्ट्रासाउंड करते रंगे हाथ पकड़ लिया। मामले मे स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर संतोष दुबे समेत तीन अन्य के खिलाफ जेठवारा थाने मे मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने डॉक्टर संतोष दुबे समेत 3 को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक जेठवारा में आयुष क्लीनिक की आड़ में अवैध धंधा चलाया जा रहा था। प्रयागराज के भदरी क्रॉसिंग के पास स्थित एक अल्ट्रासाउंड संचालित हो रहा था। हॉस्पिटल का मालिक संतोष दुबे है। जबकि अल्ट्रासाउंड सेंटर उसके पिता के नाम से चल रहा है। संतोष दुबे पोर्टेबल अल्ट्रासाऊंड प्रयागराज से लेकर प्रतापगढ़ के जेठवारा कटरा गुलाब सिंह में संचालित आयुष क्लीनिक पहुंचा था। बताया जा रहा है कि वहां ज्यादा रुपए लेकर वह भ्रूण परीक्षण भी करता था। जो जगन्य अपराध है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग सूचना मिले के बाद मौके पर पहुंची और उसे रंगे हाथ मशीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने संतोष दुबे समेत संचालक और उसके भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

# प्रयागराज से गोरखपुर शुरु हुई वंदे भारत ट्रेन का हुआ उद्घाटन

**▸▸ पीएम ने अहमदाबाद से दिखाई वर्चुअल झंडी, यात्रियों का मंत्री नंदी ने किया अभिवादन**

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल झंडी दिखाकर अहमदाबाद से प्रयागराज से गोरखपुर के लिए वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन किया।

प्रयागराज से गोरखपुर के लिए वंदे भारत ट्रेन का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ट्रेन को अहमदाबाद से वर्चुअल झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रयागराज जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक



सिद्धार्थ नाथ सिंह, एमएलसी निर्मला पासवान ने वैदिक मंत्रोचर के बीच पूजन कर ट्रेन के यात्रियों का अभिवादन किया और उनसे हाथ मिलाकर उन्हें रवाना किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कार्यक्रम में 85,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने कहा कि आज भी विकसित भारत की दिशा में देश ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रेलवे प्रोजेक्ट भारत को सौगात एक रूप में दिया गया हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री व शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, सदस्य विधान परिषद, निर्मला पासवान, प्रयागराज मण्डल रेल महाप्रबंधक रविंद्र गोयल, रेलवे के सभी अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मीना जायसवाल प्रयागराज की प्रत्याशी घोषित

**नैनी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा इकाई उत्तर प्रदेश की 10 मार्च को गोरखपुर में आयोजित बैठक में प्रयागराज लोकसभा सीट से नैनी की मीना जायसवाल को प्रत्याशी घोषित किया गया। इनके अलावा गोरखपुर से रामरती जायसवाल और महराजगंज से पुष्पा जायसवाल के नाम की घोषणा किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव पूरन चंद झरीवाल (जयपुर) ने प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव चंद जायसवाल के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि सभा की राष्ट्रीय इकाई हर कदम पर उनके साथ है। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष की पहल पर पूरे भारत में महासभा की ओर से चुनाव लड़ाने पर विचार किया जाएगा। संगठन के लोगों को प्रत्याशी बनाने का निर्णय ऐतिहासिक फैसला है जो मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ध्रुवचंद जायसवाल ने कहा कि शीघ्र ही कुछ महत्वपूर्ण सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। उत्तर प्रदेश मे वैश्य बाहुल्य 17 सीटों पर चुनाव लड़कर अपना हक़ लेंगे। सम्मेलन में प्रयागराज से तमाम पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# टायर फटने से रोडवेज से भिड़ी कार, मां-बेटे समेत 3 की मौत

कुण्डा प्रतापगढ़

**▸▸ प्रयागराज से भक्तिधाम मनगढ़ दर्शन करने जा रहे थे कार सवार**

**अमृत विचार :** प्रयागराज से भक्तिधाम मनगढ़ जा रही कार का अगला टायर फटने से हाईवे पर हथिगंवा फूलमती धाम के पास अनियंत्रित कार सामने से आ रही रोडवेज बस से भिड़ गई। हादसे में मां - बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोगों को गम्भीर हालत में एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर बदहवास परिजन कुण्डा पहुंचे। रोडवेज चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए।

लखनऊ हाईवे पर रोडवेज बस प्रयागराज की तरफ जा रही थी। सामने से भक्तिधाम मनगढ़ कार आ रही थी। हथिगंवा थाना क्षेत्र के फूलमती धाम के पास बिसहिया में कार का अगला टायर अचानक फट गया। जिससे अनियंत्रित हो कर सामने आ रही रोडवेज बस से भिड़ गई। कार चला रहे मलाकराज रामबाग, कीडगंज प्रयागराज के 25 वर्षीय अनुज गोस्वामी पुत्र प्रेम गोस्वामी, अनुज के बहन की 12 वर्षीय बेटी गुनगुन पुत्री रंजीत छतनाग, झूंसी, प्रयागराज,अनुज की मां 40 वर्षीय अनीता गोस्वामी, 35 वर्षीय प्रतीक्षा गोस्वामी पत्नी रंजीत गोस्वामी व ट्विवंकल घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर लोग दौड़े। हादसे की सूचना पर एसओ नन्दलाल सिंह मयफोर्स,उसके बाद सीओ अजीत सिंह पहुंचे। क्षेत्रीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी को जेसीबी और कटर की मदद से बाहर निकाला गया। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी कुण्डा लाया गया। जिसमें अनुज,उनकी मां अनीता औ भांजी गुनगुन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# बैडमिंटन में हर्षिता, शिवांग व कबड्डी में टीम साक्षी विजेता

प्रतापगढ़



खिलाड़ी को सम्मानित करते कुलसचिव संजय कुमार।

**अमृत विचार :** एमडीपीजी कालेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार को प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के कुल सचिव संजय कुमार ने किया। बैडमिंटन में हर्षिता,शिवांग ने जहां बाजी मारी वहीं कबड्डी में साक्षी की टीम विजेता रही। अपने सम्बोधन में कुल सचिव संजय कुमार ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक हैं। इसलिए खेलों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पहले दिन कबड्डी, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज एवं वालीबॉल की प्रतियोगिताएं हुईं। बैडमिंटन के महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हर्षिता उमरवैश्य को प्रथम,बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी को द्वितीय स्थान मिला। पुरुष बैडमिंटन में शिवांग सिंह प्रथम, अबरारुल हक द्वितीय एवं सुहैल सैफी तीसरे स्थान पर रहे। कैरम के महिला वर्ग में हर्षिता उमरवैश्य प्रथम एवं कीर्ति पटेल को द्वितीय स्थान मिला। शतरंज महिला वर्ग में हर्षिता उमरवैश्य प्रथम एवं स्वप्निल विश्वकर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। शतरंज पुरुष वर्ग में शिवांग सिंह प्रथम एवं अभिषेक सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में साक्षी पाल की टीम ने स्वाति पांडेय की टीम को पराजित किया। कुल सचिव ने साक्षी पाल,स्वाति पांडेय,आरती एवं पूजा को सम्मानित किया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र,मंत्री आनंद पाण्डेय,पूर्व प्राचार्य डा .जेपी मिश्र ने भी सम्बोधित किया ।प्राचार्य प्रो .मनोज मिश्र ने अतिथियों का स्वागत, क्रीड़ा प्रभारी प्रो. पीके सिंह अतिथियों के प्रति आभार जताया। संचालन प्रो. संतोष कुमार पांडेय,प्रो .रमेश चंद्र शुक्ल ने किया। कुलबीर सिंह,अश्वनी केसरवानी,उमेश सिंह, प्रो .अरुण कुमार तिवारी,प्रो .पीके शर्मा, डॉ सीएन पांडेय,डॉ .डीके पांडेय,डॉ. बलराज मिश्र,डॉ. स्वामीनाथ तिवारी,डॉ .मृदुल उपाध्याय,अरुण प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**महाकुंभ 2025**

संवाददाता, प्रयागराज।



महाकुंभ 2025 की तैयारी को लेकर निरीक्षण करते मंडलायुक्त।

**अमृत विचार:** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने मंगलवार को महाकुंभ को लेकर किये जा रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण सभी संबंधित अधिकारियों साथ किया। निरीक्षण में जल निगम (नगरीय) की ओर से अलोपीबाग इण्टरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन से ममफोर्डगंज सीवेज पम्पिंग स्टेशन तक सीवर पाइप लाइन बिछाने के कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गयी ट्रेंच की चौड़ाई मानक के अनुरूप कम पाई गई। साइट पर सम्बन्धित अभियन्ता भी अनुपस्थित मिले। जिसको लेकर उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि कार्यों के प्रति अधिकारी सचेत नही है। उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। जिसके अंतर्गत लोट्स हॉस्पिटल से कटका रोड़ तक, ओल्ड यमुना ब्रिज क्रॉस करते ही बाएं तरफ महेवा की ओर जाने वाली रोड व ओल्ड यमुना ब्रिज (नैनी साइड) महेवा की ओर जाने वाली रोड की दूसरी तरफ लैप्रोसी चौराहा की ओर के मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढीकरण एवं सौंदरीकरण के कार्यों को देखा।

लोट्स हॉस्पिटल से कटका रोड एउवं ओल्ड यमुना ब्रिज के कार्यों के निरीक्षण के दौरान जल निकासी हेतु बनायी जा रही ड्रेन की कंक्रीट की गुणवत्ता असंतोषजनक पायी गयी। ओल्ड यमुना ब्रिज से लेप्रोसी चौराहा तक के मार्ग के कार्यों में बिना यूटीलिटी शिफिटिंग (मार्ग में बिजली के पोलो) ही जीएसबी बिछाने का कार्य कर दिया गया है। जो मानक के अनुरूप नहीं है। निर्माण कार्यों में शिथिलता एवं लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अवर अभियन्ता के विरूद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही की।

## साफ सफाई को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** रमजान व होली के त्योहार को देखते हुये जिले व शहर में साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति सहित कई मांगों को लेकर मंगलवार को समाजवादी पार्टी ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर के माध्यम से जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा गया। सपा के नेताओं ने जिले व शहर में साफ सफाई कराने के साथ ही खोदी गई सड़कों की मरम्मत तथा बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से करने की माँग की है। इस अवसर पर सपा के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने रमजान व होली के त्योहार को देखते हुये जिले व शहर में साफ सफाई कराई जाय। आने वाले लोकसभा 2024 के चुनाव में जनता इनको हटाकर ही दम लेगी। प्रदर्शन में रोहित शुक्ला लल्लू, झल्लू यादव, नीता सिंह, परवीन बानो, राममिलन यादव, पूजा यादव, नेहा खाँ, अरशद अली, भोलानाथ यादव, योगेश यादव, राजकुमार यादव, वन्दना गुप्ता, कौशिक कन्नौजिया, नरेन्द्र यादव, सूरज यादव, पतालू यादव, मन्नान खाँ आदि शामिल थे।

## वर्ग पहेली-8

**बाएं से दाएं**

1. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. गरूर)।

3. 1. छेद करना, बेधना, भेदना 2. क्षत या घाव करना 3. छिन्न करना, काटना 4. किसी तल में नुकीली वस्तु धंसाकर उसमें सुराख़ करना।

6. 1. चकमा देने वाला, फ़रेबी, फ़ुसलाने वाला, झूठा आश्वासन देने वाला 2. दम देने या लगाने वाला, गांजा

10. वह कल्पित जिन्न या प्रेत जिसकी मुस्लिम समाज की स्त्रियों द्वारा पूजा की जाती है।

**ऊपर से नीचे**

2. रूढ़ परंपराओं को ज्यों का त्यों मान लेने वाली विचारधारा या प्रथा।

4. लंबा, विशाल, विस्तृत।

5. 1. छोटी पहाड़ी 2. टीला 3. चम्मच 4. एक ही काठ की बनी हुई नाव।

7. विवश, लाचार, जिसपर ज़ब्र किया गया हो, नि:सहाय।

8. सुस्ती, शिथिलता, उत्साहहीनता।

9. 1. सामान्य, मामूली, सार्वजनिक, आम 2. बहुत-सी जगह पर मिलने वाला, साधारण।



### वर्ग पहेली -7 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 थी | | 2 कि | य | त |
| 3 तू | ल | म | तू | ल | | |
| | | | | 4 क | ले | जी |
| | 5 उ | घा | ड़ | ना | | |
| 6 ए | षा | | | | | 7 ख |
| | गा | | | | | ट |
| 8 यौ | न | शो | ष | ण | | ना |

## सुडोकू -87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 6 | | | | 5 | |
| | | | | 3 | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 4 | | 3 | | 8 | | 5 | | |
| | 2 | | | | 9 | | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | | |
| | 6 | | | | 5 | 2 | | 1 |

### सुडोकू -86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मार्च,बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्थी 14 मार्च 01.25 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 18.24 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। कारोबार में सब कुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

**वृष** — आज यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

**मिथुन** — आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमीजन की भावनाओं की कद्र करें।

**कर्क** — आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं।

**सिंह** — आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**कन्या** — आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। ज्यादा सोचने की आदत से आपको बचना चाहिए। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

**तुला** — आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

**धनु** — आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

**मकर** — आज योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

**कुंभ** — आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

**मीन** — आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जान से प्यारा — सुबह : 11.01
दानवीर — शाम : 04.13

SONY MAX
बाहुबली 2 — सुबह : 09.58
अनाड़ी — रात : 07.00

SONY PIX
एस्केप रूम — सुबह : 10.28
द कान्जरिंग — रात : 09.00

ZEE CINEMA
यहां — सुबह : 10.30
फ्रीकी अली — रात : 07.30

colors CINEPLEX
स्वदेश — दोपहर : 12.45
उंगली — रात : 10.35

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

कल मिंकी ने पड़ोसन से मिक्सी मांगी।
पड़ोसन- यहीं आकर यूज कर लो।
दूसरे दिन उसी पड़ोसन ने कहा ,जरा अपनी झाड़ू दे दो।
मिंकी- तुम यहीं आकर यूज कर लो।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 डीएमओ 885 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी पड़कर 3.8% पर

## जनवरी के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आंकड़े जारी, दिसंबर वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत थी

नई दिल्ली, एजेंसी

विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से जनवरी, 2024 में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी होकर 3.8 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाले कारखाना उत्पादन की वृद्धि जनवरी, 2023 में 5.8 प्रतिशत रही थी। वहीं, एक महीने पहले दिसंबर, 2023 में आईआईपी की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही थी, जबकि नवंबर में यह 2.4 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह यानी जनवरी तक औद्योगिक



उत्पादन वृद्धि 5.9 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा-जनवरी, 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 3.8 प्रतिशत बढ़ गया।

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि जनवरी में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत थी। जनवरी के महीने में बिजली क्षेत्र का उत्पादन भी धीमी 5.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 12.7 प्रतिशत बढ़ा था। इसके अलावा समीक्षाधीन महीने में खनन उत्पादन वृद्धि भी साल भर पहले के नौ प्रतिशत के मुकाबले घटकर 5.9 प्रतिशत रह गई। देश में उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, जनवरी माह में पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 10.5 प्रतिशत रही थी।

### खुदरा मुद्रास्फीति मामूली नरम होकर 5.09% पर



खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में मामूली घटकर चार महीने के निचले स्तर 5 .09 प्रतिशत पर आ गई। इसके साथ, यह लगातार छठे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में 5 .1 प्रतिशत के लगभग बराबर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी में 8 .66 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 8 .3 प्रतिशत से मामूली अधिक है। मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल तथा उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई।

## मांडविया ने जन औषधि केंद्र संचालकों के लिए शुरू की ऋण योजना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि जन औषधि केंद्रों के संचालकों के लिए सिडबी की ऋण सहायता योजना इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने और मजबूती देने में मददगार साबित होगी। मांडविया ने ऋण सहायता योजना और इसके लिए एक समर्पित वेबसाइट की शुरुआत करने के बाद कहा कि जन औषधि केंद्र के छोटे संचालकों को बिना किसी गारंटी के सिडबी से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिडबी की इस योजना से जन औषधि केंद्र के संचालकों को कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। ऐसे कर्ज पर गारंटी, चाहे कार्यशील पूंजी हो या सावधि ऋण को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की तरफ से मुहैया कराया जा रहा है।

# आंकड़ों की कमी से किसानों की आय का पता लगाना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद बोले-ये कमी बन गई है बाधा

नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा है कि किसानों की आय दोगुनी हुई है या नहीं, इसका पता लगाने के रास्ते में कृषकों और अन्य स्रोतों से उनकी आय को लेकर आंकड़ों की कमी बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे हैं।

रमेश चंद ने यह भी कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिये तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने बातचीत में कहा-सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत



है। लेकिन आवश्यक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2016 में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों के बारे में सुझाव देने को लेकर अप्रैल, 2016 में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई गई थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,200–50,400 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## यूएसएफओ, प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी की साझेदारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) के अंतर्गत सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) ने प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। यह समझौता देश भर में सस्ती और सुलभ डिजिटल सेवाओं का प्रसार करेगा।

समझौते का उद्देश्य सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के अंतर्गत भारतनेट बुनियादी ढांचे पर आधारित ग्रामीण भारत के लिए ब्रॉडबैंड सेवाओं को ओटीटी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ सहयोग करना है। डिजिटल नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और अटूट प्रतिबद्धता ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए संपर्क, सामग्री और वाणिज्य के समन्वय वाले इस अद्वितीय सहयोग को रेखांकित करती है।

यूएसओएफ देश में ग्राम पंचायतों और गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल कनेक्शन को सक्षम बनाने में सहायक रहा है। किया गया यह समझौता ज्ञापन प्रत्येक उपभोक्ताओं के बीच समूह प्रसार भारती ओटीटी को एक सेवा के रूप में सक्षम करेगा।

## वनवेब को जल्द स्पेक्ट्रम आवंटन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारती समूह द्वारा समर्थित वनवेब ने स्पेक्ट्रम के लिए आवेदन किया है और उसे उम्मीद है कि रेडियो तरंगों का शीघ्र आवंटन हो जाएगा। ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचसीआईपीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिवाजी चटर्जी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी को इस साल जून तक वाणिज्यिक उपग्रह संचार सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। एचसीआईपीएल और वनवेब ने पूरे भारत में 'लो अर्थ ऑर्बिट' (एलईओ) संपर्क सेवाएं मुहैया कराने के लिए एक छह वर्षीय वितरण भागीदार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# जीडीपी वृद्धि दर 8% के करीब रहेगी: नागेश्वरन

मुंबई, एजेंसी

- मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले उत्साह में सजग रहने की जरूरत

उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने पंजीकृत निवेश सलाहकार संघ (एआरआईए) के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिसे संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धि सांख्यिकी मंत्रालय के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक



होगी। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में भारत की संभावनाओं के बारे में आशावादी होने के कई कारण हैं।

नागेश्वरन ने कहा-अगर चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं होते हैं, जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखे हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत के बजाय आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। गौरतलब है कि सांख्यिकी मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने हालांकि जीत की खुशी से प्रभावित हुए बिना लक्ष्य की ओर विनम्रता के साथ काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में हमें उच्च गति छोटी अवधि के लिए नहीं, बल्कि लंबी अवधि के लिए बनाए रखनी है। सीईए ने कहा कि 2023-24 में उद्योग और सेवाओं में वृद्धि भी देखी जा रही है।



# 10 साल तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत दूर तक जाना है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने की गुजरात के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक की शुरुआत

- मोदी ने गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

अहमदाबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के पास देश की विरासत को बचाने की ''राजनीतिक इच्छाशक्ति'' नहीं थी और जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, उसका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद शहर के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक 'मास्टरप्लान' की शुरुआत की और 12 मार्च, 1930 को महात्मा गांधी द्वारा निकाले गए प्रसिद्ध दांडी मार्च या नमक मार्च के 94 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में पुनर्विकसित



अहमदाबाद में गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

कोचरब आश्रम का भी उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये 10 साल का काम सिर्फ एक ट्रेलर है, मुझे अभी लंबा सफर तय करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा-जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, वह अपना भविष्य भी खो देता है। साबरमती आश्रम न सिर्फ देश, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए एक धरोहर है। मोदी ने कहा-साबरमती आश्रम न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बल्कि विकसित भारत के लिए भी तीर्थस्थल बन गया है। आज बापू की सोच हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य को एक स्पष्ट दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बनी सरकारों के पास देश के ऐसे धरोहर स्थलों को संजोकर रखने के लिए कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। कहा-इसका एक कारण भारत को विदेशी नजरिए से देखने की आदत थी और दूसरा कारण, तुष्टीकरण की मजबूरी थी।

### 85,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 10 नयी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत करने के साथ 85,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (समर्पित माल ढुलाई गलियारा यानी डीएफसी) परिचालन नियंत्रण केंद्र' का दौरा करने के बाद गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती क्षेत्र से परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने रेलवे कार्यशालाओं, लोको शेड, पिट लाइन/कोचिंग डिपो, फलटण – बारामती नयी लाइन और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी तथा पूर्वी डीएफसी के न्यू खुर्जा से साहनेवाल (401 मार्ग किमी) खंड और पश्चिमी डीएफसी के न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड खंड (244 मार्ग किमी) के बीच समर्पित माल गलियारे के दो नए खंड राष्ट्र को समर्पित किए। उन्होंने चार वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार की भी शुरुआत की। उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशन पर 50 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए।

# आप अयोग्य ठहराए जाने पर कोर्ट क्यों नहीं गए

नई दिल्ली, एजेंसी

**अयोग्यता मामला**

- उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के 6 बागी विधायकों से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने हाल में राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों से मंगलवार को पूछा कि वे उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 29 फरवरी को पार्टी व्हिप का 'उल्लंघन' करने पर कांग्रेस की अर्जी पर छह विधायकों को (सदन की सदस्यता के लिए) अयोग्य करार दिया था। इस व्हिप के अनुसार, उन्हें विधानसभा में मौजूद रहकर बजट के पक्ष में मतदान करना था। बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी, जो न्यायमूर्ति संजीव



खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। इन याचिकाकर्ताओं के वकील ने यह कहते हुए पीठ से इस मामले की सुनवाई 15 या 18 मार्च के लिये स्थगित कर देने का अनुरोध किया कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे उनकी ओर से पेश होंगे, लेकिन वह सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा-लेकिन, हमें एक बात बताइए, आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए?'' जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने याचिका में इसकी वजह स्पष्ट की है और यह कि वे विधायक के रूप में निर्वाचित हुए हैं, तब पीठ ने कहा कि यह मौलिक अधिकार नहीं है। वकील ने कहा कि यह दुर्लभ मामला है, जहां 18 घंटे के अंदर विधानसभा अध्यक्ष ने हमें अयोग्य करार दिया। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च तय की। याचिकाकर्ताओं ने पठानिया, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा अन्य को इस याचिका में प्रतिवादी बनाया है। कांग्रेस के इन बागियों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था और बाद में वे बजट पर 'मत विभाजन' में अनुपस्थित रहे थे।

## एक नजर

### मुंबई में इमारत गिरने से 3 श्रमिकों की मौत

**मुंबई।** मुंबई के बोरीवली में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा गिर जाने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब एक बजे सोनी वाडी इलाके में कल्पना चावला चौक पर हुई। बताया कि निर्माणाधीन 24 मंजिला इमारत की 16वीं मंजिल पर स्थित मचान का कुछ हिस्सा गिर गया, जिससे चार श्रमिक घायल हो गए। उन्हें कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से तीन श्रमिकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे पीड़ित की हालत गंभीर है।

### छह वाट का बल्ब बचाएगा 30 प्रतिशत बिजली

**नई दिल्ली।** ऊर्जा बचत समाधान मुहैया कराने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईईएसएल ने मंगलवार को छह वाट के एलईडी बल्ब की पेशकश की। इस बल्ब से बिजली की खपत में लगभग 30 प्रतिशत की बचत होगी। यह एलईडी बल्ब किफायती प्रकाश योजना उजाला के तहत उपभोक्ताओं को मिलेगा। बता दें कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) बिजली मंत्रालय के तहत एक संयुक्त उद्यम है।

## मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, जैन और सिख शरणार्थियों को सम्मानित किया

हैदराबाद, एजेंसी

- तेलंगाना में अमित शाह ने स्वयंसेवकों की बैठक को किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के जरिये हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन शरणार्थियों को नागरिकता देकर सम्मानित किया है। यहां भाजपा सोशल मीडिया स्वयंसेवकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण सीएए का विरोध किया।

शाह ने सीएए लागू करने को जायज ठहराते हुए कहा, ''हमने कहा था कि हम सीएए लाएंगे। कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा, ''आजादी के बाद कांग्रेस और हमारे संविधान निर्माताओं का यह वादा था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर सताये गए लोगों को भारत आने पर नागरिकता प्रदान की जाएगी, लेकिन तुष्टीकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लाखों-करोड़ों लोग अपनी आस्था और सम्मान को



बचाने के लिए भारत आए लेकिन उन्हें नागरिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा-नागरिकता नहीं मिलने से उन्होंने अपने देश में खुद को अपमानित महसूस किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख शरणार्थियों को नागरिकता देकर उनका सम्मान किया है। शाह ने अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक को खत्म करने और देश के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने जैसी मोदी सरकार की कुछ उपलब्धियों को रेखांकित किया।

## राहुल ने महाराष्ट्र में किया जातिगत गणना का वादा

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो वह जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी तथा भाजपा नीत शासन में 'कमजोर' हुए वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी।



'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद आदिवासी-बहुल नंदुरबार जिले में उन्होंने कहा कि भारत की आबादी में आदिवासियों की आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है और कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें विकास में उनकी जनसंख्या के अनुरूप हिस्सा मिले। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार 50% अधिक आदिवासी आबादी वाले गांवों को "संविधान की छठी अनुसूची" में शामिल करेगी, ताकि स्थानीय स्तर के फैसले आदिवासियों की सहमति के बिना लागू नहीं किए जा सकें।

## केंद्र सरकार ने बनाई न्यूज एजेंसी अनुराग ठाकुर आज करेंगे शुभारंभ

**नई दिल्ली, ब्यूरो:** केंद्र सरकार ने समाचार एजेंसियों की तर्ज पर अपनी न्यूज एजेंसी का सृजन किया है। इसका शुभारंभ केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर आज करेंगे।

सरकारी न्यूज एजेंसी शुरू करने की संरचना प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने तैयार की थी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह न्यूज़ एजेंसी ऑनलाइन हो जाएगी। कोई भी देश का नागरिक समाचार माध्यम जैसे अखबार, मैगजीन, यू ट्यूबर, डिजिटल मीडिया आदि इस एजेंसी के माध्यम से फ्री सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

## राशन वितरण घोटाले में शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राशन वितरण में कथित घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के सिलसिले में, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। ईडी ने मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को इससे पहले गिरफ्तार किया था। वह 2011 से 2021 तक प्रदेश सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री थे। न्यायमूर्ति देबांगशु बासक ने शेख के वकील और ईडी की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, ईडी ने शेख की याचिका का विरोध किया।

# मोरारजी देसाई योग संस्थान में 9 माह से निदेशक नहीं

नई दिल्ली, ब्यूरो

**लापरवाही**

- आयुष मंत्रालय को अपनी पसंद की है तलाश

**अमृत विचार:** उत्तर भारत के योग क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाने वाला "मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान" पिछले 9 माह से नेतृत्व विहीन है। डा. ईश्वर वी बसवारेड्डी द्वारा गत वर्ष अवकाश ग्रहण करने के बाद निर्देशक का पद रिक्त है।

संस्थान के सूत्रों के मुताबिक डॉ. बसवारेड्डी गत वर्ष 30 जून को रिटायर हुए थे। उससे पहले इस पद पर योग्य उम्मीदवार के लिए विज्ञापन भी जारी किया गया था लेकिन आयुष मंत्रालय ने किसी को भी उक्त पद के लिए उपयुक्त नहीं समझा और मंत्रालय के एक निदेशक विक्रम सिंह को कार्यवाहक के रूप में संस्थान की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई। उन्होंने 13 दिसंबर तक निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इसी बीच चर्चा थी कि किसी योग गुरु को निदेशक बनाया जाएगा। लेकिन 22 दिसंबर को आयुष मंत्रालय की एक अन्य निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया। इसकी वजह से मंत्रालय के तमाम फैसले काफी विलंब से हो रहे हैं क्योंकि क्योंकि फुल टाइमर निदेशक नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अशोक रोड स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का परिसर कभी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योग गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी का आवास हुआ करता था। उनकी मृत्यु के बाद शहरी विकास मंत्रालय ने यह परिसर धीरेंद्र ब्रह्मचारी के शिष्यों से खाली करवा लिया और वहां पर आलीशान इमारत बनवाकर मोरारजी देसाई योग संस्थान की स्थापना कर दी गई थी। स्थापना के कई वर्षों बाद तक इस संस्थान में केवल डिप्लोमा होता था। लेकिन पूर्व निदेशक डा. बसवारेड्डी के अथक प्रयासों के चलते इसमें बीएससी एवं एमएससी पाठ्यक्रम को भी लागू कर दिया गया। इन दिनों पीएचडी पाठ्यक्रम की भी तैयारी चल रही थी और इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की भी प्रक्रिया शुरू हुई थी। मगर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेदिक लॉबी के दबाव के चलते इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने का फैसला वापस ले लिया गया और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में योग की जगह आयुष विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

कुल मिलाकर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सकों की वजह से योग संस्थान में ग्रहण लगा हुआ है।उसका सबसे बड़ा उदाहरण 9 माह से निदेशक पद पर किसी की नियुक्ति न होना है।

इस संबंध में योग संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि निदेशक पद पर किसी योग्य योग गुरु को नियुक्त करने के लिए दो-दो बार विज्ञापन दिए जा चुके हैं और प्रक्रिया जारी है।





## यशस्वी बने आईसीसी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फरवरी के लिए आईसीसी के महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुना गया। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में 712 रन बनाए, जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से बनाया बड़ा स्कोर है।

उन्होंने दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक लगाकर भारत को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राजकोट में दोहरी शतकीय पारी के दौरान 12 छक्के लगाकर टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कहा कि मैं पुरस्कार पाकर खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और पुरस्कार मिलेंगे। यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ और मेरी पहली श्रृंखला थी। मैंने वास्तव में इसका लुत्फ उठाया। मैंने अच्छा खेल दिखाया और हम श्रृंखला 4-1 से जीतने में सफल रहे। मेरे सभी साथी खिलाड़ियों के साथ यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। उन्होंने विशाखापत्तनम में 219 रन की पारी खेलने के बाद राजकोट में नाबाद 214 रन बनाए थे।



### दो दोहरे शतक जड़ने वाले तीसरे युवा खिलाड़ी

दो दोहरे शतक जड़ने वाले वह डॉन ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने फरवरी में तीन टेस्ट मैचों में 112 की औसत से 560 रन बनाए, जिसमें 20 छक्के थे। जायसवाल ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पथुम निसांका को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

## मुंबई ने विदर्भ को दिया 538 रन का विशाल लक्ष्य

### मुशीर खान ने 136, श्रेयस अय्यर ने 95 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 73 रन की खेली शानदार पारी

मुंबई, एजेंसी

मुशीर खान (136) के शतक के अलावा श्रेयस अय्यर (95) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (73) के अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को विदर्भ को 538 रन का विशाल लक्ष्य दिया।

दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने बिना विकेट खोए 10 रन बना लिए हैं। ध्रुव शोरे सात और अथर्व ताइडे तीन रन बनाकर खेल रहे है। टीम को जीत के लिए 528 रन और बनाने हैं। मुंबई के बल्लेबाज मंगलवार को अधिक स्वच्छंद होकर खेले और टीम ने दूसरी पारी में 418 रन बनाए। मुंबई की पहली पारी के 224 रन के जवाब में विदर्भ ने पहली पारी में 105 रन ही बनाए और 119 रन से पिछड़ गए। मुंबई ने दिन की शुरुआत 2 विकेट पर 141 रन से की। रहाणे ने 58 रन से आगे खेलते हुए चौका जड़ा लेकिन हर्ष दुबे (5 विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर अक्षय वाडकर को कैच दे बैठे। उन्होंने 143 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का मारा। अय्यर ने 111 गेंद की पारी में 10 चौके और 3 छक्के मारे। उन्होंने मुशीर के साथ चौथे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। अय्यर शतक से सिर्फ 5 रन से चूक गए। उन्होंने आदित्य ठाकरे (1 विकेट) की गेंद पर लॉग ऑन पर अमन मोखाडे को कैच दे दिया। मुशीर ने बल्लेबाजी करते हुए आसानी से एक और दो रन जुटाए। उन्होंने खराब गेंद को सबक सिखाने में कोताही भी नहीं बरती। इस साल रणजी नॉकआउट मुकाबलों में नाबाद 203 और 55 रन की पारी खेलने वाले मुशीर ने मुंबई के मध्य क्रम को मजबूती दी और 326 गेंद पर 10 चौके मारे। दुबे ने पहली की तरह दूसरी पारी में भी मुशीर को पगबाधा किया। मुंबई के शम्स मुलानी ने 85 गेंद में 6 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन बनाकर टीम की बढ़त को 500 रन के पार पहुंचाया।



## खेल डायरी

### रोनाल्डो के गोल के बावजूद बाहर हुआ अल नासर



रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल नासर की टीम एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हार के बाहर हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन के खिलाफ पहले चरण के मुकाबले में 0-1 की हार के बाद अल नासर ने सोमवार को दूसरे चरण का मुकाबला 4-3 से जीता। कुल स्कोर पर मुकाबला 4-4 से बराबर होने के बाद पेनल्टी शूट आउट में अल नासर को 1-3 से शिकस्त मिली। शूट आउट में मेजबान टीम की ओर से सिर्फ रोनाल्डो गोल कर पाए। रोनाल्डो ने नियमित समय में कई मौके गंवाए। एक बार तो वह सिर्फ दो मीटर की दूरी से गेंद को गोल में डालने में नाकाम रहे जबकि अल ऐन के गोलकीपर खालिद ईसा मैदान पर गिरे हुए थे।

### चेल्सी ने ईपीएल में न्यूकासल को हराया

लंदन, एजेंसी। कोल पाल्मर ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यूकासल को 3-2 से हराया। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट की मौजूदगी में पाल्मर चेल्सी के लिए पांच मैच में गोल करने वाले छठे खिलाड़ी बने। पाल्मर ने 57वें मिनट में गोल दागा जो उनका सत्र का 11वां गोल है। वहीं निकोलस जैकसन (छठे मिनट) और मिखाइलो मुद्रिक (76वें मिनट) ने भी चेल्सी की ओर से गोल किए। न्यूकासल के एलेक्सांद्र आइसेक और जैकब मर्फी ने गोल दागे।

### उडिनेस ने सिरी ए में लाजियो को दी मात

रोम, एजेंसी। उडिनेस ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यहां लाजियो को 2-1 से मात दी। उडिनेस की यह साल की सिर्फ दूसरी जीत है, लेकिन इसकी बदौलत वह निचली लीग में खिसकने वाली टीमों के समूह से बाहर आ गया है। टीम ने इस साल इससे पहले सिर्फ यूवेंटस को हराया था और संभावित 27 में से सिर्फ सात अंक जुटा पाई थी। इस जीत से उडिनेस चार स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि लाजियो नौवें स्थान पर है। लोरेंजो लुका ने 47वें मिनट में उडिनेस को बढ़त दिलाई, लेकिन लाजियो ने दो मिनट बाद लॉटेरो जियानेटी के गोल से बराबरी हासिल की।

### लुका नार्डी ने जोकोविच को हराकर किया उलटफेर

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी। लुका नार्डी ने शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 3 सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 123वें नंबर के खिलाड़ी नार्डी ने जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। इटली के नार्डी ने 'लकी लूजर' के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। लकी लूजर वह खिलाड़ी होता है जो क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में हार जाता है लेकिन पहले दौर से पूर्व हटने वाले चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर उसे मौका मिलता है।

## पंत आईपीएल के लिए फिट, दिल्ली के कप्तान के रूप में होगी वापसी

### बेहतर प्रदर्शन पर टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए फिट घोषित कर दिया, जिससे टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की उनकी संभावना बढ़ गई।

पंत को 14 महीने पहले कार दुर्घटना में चोटें लगी थीं। पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और विस्तृत रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बाद 22 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में दोहरी जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं। इससे लीग में उनकी भूमिका को लेकर लग रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। बीसीसीआई ने कहा कि 30 दिसंबर 2022 को उत्तराखंड के रूड़की में पास सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद 14 महीने के रिहैबिलिटेशन और उबरने की प्रक्रिया से गुजरने के बाद पंत को आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। कुछ हफ्ते पहले पंत ने कहा था कि उन्हें याद है कि डॉक्टर ने उनसे कहा कि ठीक होने में 16 से 18 महीने लगेंगे। मैंने कहा कि इसमें छह महीने कम कर दूंगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें एक हफ्ते पहले फिट घोषित किया था जब उन्होंने सभी फिटनेस परीक्षण पास किए थे। उन्होंने एनसीए द्वारा तैयार मैच जैसी स्थिति में लंबी बल्लेबाजी और लंबे समय तक विकेटकीपिंग की। ऐसी अटकलें थीं कि वह आईपीएल में केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' या बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन छह वर्षों में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक पंत वापसी करने को तैयार हैं। पंत के विकेटकीपिंग का मतलब यह भी है कि अगर वह आईपीएल में प्रभावशाली पारियां खेल पाते हैं तो उनके पास टी-20 विश्व कप खेलने का मौका होगा। पंत पिछले साल आईपीएल नीलामी के दौरान कैपिटल्स के अधिकारियों के साथ मौजूद थे और दुर्घटना के बाद से वह एनसीए में फिटनेस पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की कि गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की सर्जरी से आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनके सितंबर से पहले वापसी की उम्मीद नहीं है। इस गेंदबाज की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी को सर्जरी हुई। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है और वह आईपीएल से बाहर हैं। मेडिकल टीम राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर भी नजर रखे हुए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि तेज गेंदबाज की 23 फरवरी को बाईं जांघ की सर्जरी हुई।



### कोहली की आक्रामकता टीम को जरूरी जज्बा देती है: कुंबले



बेंगलुरू। पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता से हैरान हैं और उनका मानना है कि मैदान पर उनकी आक्रामकता, वह जिस भी टीम के लिए खेलते हैं, उसे जरूरी जज्बा देती है। कुंबले इसे कोहली की बड़ी विरासत मानते हैं जो आईपीएल के सभी 16 सत्र में सिर्फ एक फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से खेलने वाले खिलाड़ी हैं। कुंबले ने कहा कि मैं इसे प्रदर्शन में निरंतरता कहूंगा। जब मैं आरसीबी का हिस्सा था तो मैंने उसे आरसीबी में देखा था जहां अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद उसने टी-20 करियर की शुरुआत की थी। वह जिस तरह क्रिकेट खेलना चाहता है उस तरीके और सफेद गेंद के क्रिकेट में उसके प्रदर्शन में बदलाव आया। टेस्ट में हम उसकी महानता के बारे में जानते हैं।

## रोहित असाधारण कप्तान ही नहीं अच्छे इंसान भी: अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के मन में असाधारण कप्तान के रूप में रोहित शर्मा के लिए हमेशा सम्मान रहा है लेकिन जब इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दौरान उनकी मां बीमार पड़ी तो उन्होंने जाना कि भारतीय कप्तान बहुत अच्छा इंसान भी हैं।

अश्विन का मानना है कि ऐसे समय में जहां लोग अपने बारे में सोचते हैं वहां रोहित जैसे नेतृत्वकर्ता भी हैं जो साथियों के लिए सब कुछ न्योछावर करने को तैयार रहते हैं। अश्विन को अपनी मां के बीमार होने से अपना 500वां टेस्ट विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद चेन्नई जाना पड़ा था। अश्विन ने कहा कि मैं कमरे में रो रहा था और किसी का फोन नहीं उठा रहा था। ऐसे में रोहित और राहुल (द्रविड़) मेरे पास आए और मैंने उनसे कहा कि मैं कुछ नहीं सोच पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं अंतिम एकादश का हिस्सा था और अगर मैं टीम छोड़ दूंगा तो उसमें केवल 10 खिलाड़ी रह जाएंगे। दूसरी तरफ मैं मां के बारे में सोच रहा था। मैं मां के पास जाना चाहता था। अश्विन को बाद में एहसास हुआ कि रोहित ने उनके लिए जो किया वह अकल्पनीय था। उन्होंने कहा कि राजकोट हवाई अड्डा शाम छह बजे बंद हो गया था। मैं नहीं जानता था कि क्या करना है। रोहित मेरे लिए चार्टर्ड विमान की व्यवस्था करने में लगे थे। अश्विन ने चेतेश्वर पुजारा का भी आभार व्यक्त किया जो अहमदाबाद से राजकोट पहुंचा और उनके साथ चेन्नई तक गया।



### अंग्रेजी टीम कुलदीप के रहस्य सुलझाने में विफल: बॉयकॉट



लंदन। महान बल्लेबाज ज्योफ बॉयकॉट ने कहा कि अंग्रेजी टीम के बल्लेबाजों की स्पिनर कुलदीप यादव से निपटने में विफलता टेस्ट श्रृंखला में भारत के खिलाफ करारी हार के कारणों में से एक थी। इंग्लैंड ने श्रृंखला की शुरुआत हैदराबाद में जीत से की लेकिन 1-4 से हार गई। कुलदीप ने आखिरी 4 मैच में 19 विकेट लिए। उन्होंने कहा कि मैं हैरान था कि उनमें से कितने बल्लेबाज कुलदीप को नहीं पढ़ सके और श्रृंखला के अंत तक समझदारी नहीं दिखा रहे थे। एक गेंदबाज आपके लिए रहस्य बन सकता है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बल्लेबाजों को उनसे निपटने का तरीका ढूंढने में सक्षम होना चाहिए।

## ली के मुकाबले से हटने पर सिंधू दूसरे दौर में

बर्मिंघम, एजेंसी

### ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां जर्मनी की यिवोनी ली के पहले दौर के मुकाबले के बीच से हटने पर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पहला गेम 21-10 से जीता, जिसके बाद दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी ली ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। हैदराबाद की 28 साल की सिंधू अगले दौर में कोरिया की आन से यंग से भिड़ेंगी, जिनके खिलाफ उन्होंने अब तक सभी छह मुकाबले गंवाए हैं। सिंधू कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिर्फ एक बार गेम जीतने में सफल रही हैं और उन्होंने पिछले साल दुबई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछली बार हुए मुकाबले में ऐसा किया था। दाएं घुटने की चोट से उबर रहीं आन से ने रविवार को फ्रेंच ओपन के रूप में सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता था।



सिंधू ने ली के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 4-4 के स्कोर के बाद लगातार अंक बनाते हुए ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से अंक जुटाए। ली ने नेट पर सर्विस मारकर सिंधू को 11 गेम प्वाइंट दिए। जर्मनी की खिलाड़ी ने इसके बाद बाहर शॉट मारकर पहला गेम सिंधू की झोली में डाल दिया।

## आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में जगह की पक्की

नई दिल्ली, एजेंसी

एलिस पेरी (15 रन पर 6 विकेट और 40* रन) के खेल से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने मंगलवार को डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की की। मुंबई को 113 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने 15 ओवर में 3 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त किया। टीम की 8 मैचों में चौथी जीत है। मुंबई दूसरे और दिल्ली पहले स्थान पर है। इन तीनों टीमों ने प्लेऑफ में जगह बनाई हैं। प्लेयर ऑफ द मैच पेरी ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी करते हुए ऋचा घोष के साथ 76 रन की साझेदारी कर टीम की जीत पक्की की। ऋचा ने नाबाद 36 रन बनाए। मुंबई के लिए हेली मैथ्यूज (26) और संजीवन संजना (30) ने 43 रन की साझेदारी की, लेकिन पेरी ने मैच पर आरसीबी की पकड़ बना दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति ने मैथ्यूज और शबनम के खिलाफ चौके जड़े। मैथ्यूज ने उन्हें जबकि नेट सिवर ब्रंट ने स्मृति को आउट किया। दोनों का कैच विकेटकीपर प्रियंका बाला ने लपका। आरसीबी की पेरी ने पावरप्ले में टीम का स्कोर 2 विकेट पर 39 रन पहुंचाया। अगले ओवर में शबनम ने सोफी डिवाइन को चलता किया। पेरी और ऋचा घोष ने सभल कर बल्लेबाजी की। आखिरी गेंद पर पेरी ने चौका लगाकर टीम की जीत पर मुहर लगा दी।







# बॉलीवुड हलचल

## सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। यह देशभक्ति गाना अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। गाने को बी प्राक ने अपनी आवाज दी है और इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है। वहीं, इसके लिरिक्स मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। फिल्म योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है।यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।



## काजमी की सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली फिल्म बैंडिट शकुंतला

मुंबई, एजेंसी। फिल्मकार हैदर काजमी की फिल्म बैंडिट शकुंतला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर डायमेंशन म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इसके निर्माता लियाकत गोला, उपेन्द्र कुमार, पिंटू कुमार, शरवन प्रसाद, हैदर काजमी हैं। यह फिल्म बिहार की शकुंतला देवी के जीवन पर आधारित है। दिलचस्प बात यह है कि शकुंतला देवी खुद मुख्य किरदार में है। इस फिल्म की शूटिंग बिहार के जहानाबाद जिला स्थित काको पाली गांव में हुई है। हैदर काजमी ने कहा कि फिल्म की झलक जनता ट्रेलर के माध्यम से देख सकती है। उन्होंने कहा कि बैंडिट शकुंतला सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह अदम्य का प्रमाण है ऐसे व्यक्तियों की भावना जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपना रास्ता खोजने का साहस करते हैं, अंतर्राष्ट्रीय आलोचकों ने फिल्म को पसंद किया है।




## सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा

मुंबई, एजेंसी। अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और मारी सेल्वराज निर्देशित अन्टाइटल्ड प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम और अनुपमा परमेश्वरन की मुख्य भूमिका होगी। अपनी पहली तमिल फिल्म पोर थोज़िल की सफलता के बाद, अप्लॉज एंटरटेनमेंट फिल्म निर्माता पा रंजीत और अदिति आनंद के साथ मल्टी फिल्म पार्टनरशिप की घोषणा कर रोमांचित हैं। इसके अंतर्गत सबसे पहला प्रोजेक्ट एक स्पोर्ट ड्रामा होगा, जिसका निर्देशन मारी सेल्वराज कर रहे हैं। इस ड्रामा में एक युवा व्यक्ति के जीवन के साहस, धैर्य और महिमा की कहानी को दर्शाया जाएगा। इस फिल्म में सुपरस्टार अभिनेता चियान विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम ने मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन नजर आएंगी। समीर नायर, प्रबंध निदेशक, अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने कहा, नीलम स्टूडियोज के साथ हमारा कलेबॉरशन अप्लॉज एंटरटेनमेंट के लिए एक रोमांचक अध्याय का प्रतीक है। एक एक्सट्राऑडिनारी स्पोर्ट्स ड्रामा के साथ शुरू होने वाली यह साझेदारी, प्रभावशाली कथाओं को बुनने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। पा रंजीत और मारी सेल्वराज जैसी प्रतिभा को एक साथ लाना, एक प्रतिभाशाली समूह द्वारा समर्थित, हमारे लिए साउथ इंडियन सिनेमा की जीवंत दुनिया में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने की नींव रखती है। नीलम स्टूडियोज के पा रंजीत और अदिति आनंद का मानना है कि पेरीयेरम पेरुमल की सफलता के बाद नीलम स्टूडियोज इस परियोजना पर मारी सेल्वराज के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित है। हम सार्थक सिनेमा और प्रामाणिक कहानियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करके बेहद खुश हैं। निर्देशक मारी सेल्वराज ने कहा, पा रंजीत अन्ना के साथ मेरी पहली फिल्म पेरीयेरुम पेरुमल थी। यही एक प्रमुख कारण था कि फिल्म इतनी मजबूत ऊंचाइयों तक पहुंची। यह मेरी अगली फिल्मों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम था। मैं अपनी 5वीं फिल्म के लिए एक और मजबूत साथी - अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।



## भोजपुरी फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया का वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से एक किसान अपनी बीवी की खूबसूरती की तारीफ कर रहा है। इस गाने में पति-पत्नी बने निरहुआ और आम्रपाली ने सबका दिल जीत लिया है। किसान बने निरहुआ प्यार भरी नजरों से आम्रपाली को निहार रहे हैं। उन्हें ऐसी नजर से ताकते हुए देखकर आम्रपाली कह रही हैं कि देखतानी मीठी मीठी मुस्की तू मारा तारा, टुक टुक काहे निहारा तारा, काथी तोरा मन मे साँवरिया हो तब दिनेश लाल यादव निरहुआ कहते हैं कि हटे हटावले ना हटे नजरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मन कर कस लिहिं भरि अकवरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मरून कलर सड़िया गाने को कल्पना पटवारी और नीलकमल सिंह ने गाया है। गीत प्यारेलाल यादव कवि ने लिखा है और संगीत ओझा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखे हैं। फिल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं, जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है। आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज ने गाने गाए हैं। फिल्म फसल के सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है, वहीं मारधाड़ का पक्ष हीरा यादव ने देखा है।

## ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करेंगे सलमान खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान दक्षिण भारतीय फिल्मों के निर्देशक ए आर मुरुगदोस की फिल्म में नजर आ सकते हैं। ए आर मुरुगदोस ने आमिर खान को लेकर सुपरहिट फिल्म गजनी बनाई थी। अब सलमान खान, ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करने जा रहे हैं। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ए आर मुरुगदोस और मेरे दोस्त साजिद नाडियाडवाला को अगले एक्साइटिंग प्रोजेक्ट में ज्वाइन करके बेहद खुश हूं। ये कोलाब्रेशन बहुत ही स्पेशल है, इस सफर में आपका प्यार और ढेर सारा आशीर्वाद चाहिए। ईद 2025 में रिलीज हो रही है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

